फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -216, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला 16

## अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है।

### एमआईआरवी तकनीक क्या है?

एमआईआरवी तकनीक के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे सड़क मार्ग से कहीं भी ले जाया जा सकता है। नए टेस्ट के साथ भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता वाले देशों की खास सूची में आ गया है।

### अग्नि-5 क्या है?

अग्नि-5 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करने से पहले अंतरिक्ष में जाती है। अग्नि-5 मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है। इस तरह से अग्नि-5 की मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक हो सकती है।

**5,000** किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है अग्नि-5 मिसाइल

# 24 घंटे में दें चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी : शीर्ष कोर्ट

- कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की समयसीमा बढ़ाने की मांग
- निर्वाचन आयोग 15 मार्च तक जानकारी वेबसाइट पर डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

### विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा- कोर्ट के आदेश से असलियत से पर्दा हटेगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। खरगे ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय द्वारा एसबीआई की याचिका खारिज किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब कम से कम चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची सामने आ जाएगी जिससे पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। हम और आप जान पाएंगे या नहीं।

## कांग्रेस के प्रत्याशियों की दूसरी सूची जल्द होगी जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के वास्ते सोमवार को उत्तराखंड, राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाने के लिए बैठक की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और समिति में शामिल कई अन्य नेताओं, संबंधित राज्यों के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में शिरकत की। पार्टी की सीईसी की यह दूसरी बैठक है। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची अगले एक-दो दिन के भीतर जारी हो सकती है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

केंद्र सरकार ने सीएए-2019 लागू करने के लिए जारी की अधिसूचना

# नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

## 31 दिसंबर 2014 तक भारत में आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

- अफगानिस्ता, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए शरणार्थी ही पा सकेंगे नागरिकता
- हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को मिलेगी सुविधा

नई दिल्ली, ब्यूरो



**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का एलान किया है। 4 वर्ष 3 माह पूर्व इस अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। लेकिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। अब पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता देने के लिए एक पोर्टल का सृजन किया गया है। उसमें आवेदन करने के बाद सरकार की एक एजेंसी आवेदन कर्ता के सारे दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। 6 धर्मों के व्यक्तियों को नागरिकता मिलेगी। जिसमें हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी एवं ईसाई शामिल है। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में नागरिकता कानून में संशोधन करने का प्रस्ताव था। 2019 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने नागरिक संशोधन विधेयक तैयार किया और 10 एवं 11 दिसंबर को इसे लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करवा दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी।

### प्रदेश में पुलिस फोर्स की छुट्टियां रद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग की सभी छुट्टियां रद कर दी हैं। छुट्टी पर गए जवानों को तत्काल वापस बुलाने के निर्देश हैं। जिलों अथवा परिक्षेत्रों के पुलिस प्रमुखों के स्तर से भी सोमवार को जारी आदेश में कानून-व्यवस्था और त्योहारों का हवाला दिया गया है। सीएए को लेकर भी पुलिस शांति-व्यवस्था बनाए रखने में कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती।

### भाजपा ने ऐतिहासिक वादा पूरा किया : भट्ट



**हल्द्वानी।** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार जनता से किया हर वादा पूरा करती है। 11 मार्च को फिर एक और ऐतिहासिक वादा पूरा किया है।

### मानवता को आह्लादित करने वाला निर्णय : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू करने का स्वागत करते हुए मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने एक्स पर निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। योगी ने लिखा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता क़ानून लाने से क्या होगा? सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गए? – **अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख



केन्द्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को ठीक चुनाव से पहले लागू करने के बजाय, इसको लेकर लोगों में जो संदेह, असमंजस व आशंकाएं हैं उन्हें पूरी तरह से दूर करने के बाद ही इसे लागू किया जाना ही बेहतर होता। – **मायावती**, बसपा सुप्रीमो

### चुनाव से पहले सीएए लाना ध्रुवीकरण का प्रयासः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीएए को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले देश और खासकर पश्चिम बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड पर शीर्ष कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

# एचटी लाइन की चपेट में आई बस, 5 की मौत

- गाजीपुर में बरातियों बस हुई हादसे का शिकार, 10 गंभीर
- मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना, आर्थिक मदद देने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस के अचानक हाइवोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आई बस में धू-धू कर जल गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 10 बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की हालत नाजुक है। बस में उतरा करंट इतना तेज था कि लोग बचाव के लिए बाहर तक नहीं कूद पाए। बस में 38 यात्री सवार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों के निशुल्क समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और अनिल राजभर गाजीपुर पहुंचे। मऊ के रानीपुर क्षेत्र के खीरियां खाजा की रहने लड़की की शादी जनपद के मुहम्मदाबाद के महमूदपुर गांव में तय थी। सोमवार को शादी महाहर धाम के समीप भैरो मंदिर पर होनी थी। लड़की पक्ष के लोग मऊ से भैरो मंदिर पर आ रहे थे। दुल्हन को उतारने के बाद बस के अन्य रूट से जाते समय यह हादसा हुआ।

### एक्सईएन सहित 3 निलंबित लाइनमैन को किया बर्खास्त

**लखनऊ।** उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हादसे में कार्रवाई करते हुए पावर कारपोरेशन के एक अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। साथ ही, लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया। मौके पर पहुंचे मंत्री ने मृतकों के परिजनों और घायलों को ढांढस बंधाया और राहत दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को लापरवाही पर निलंबन के साथ लाइनमैन नरेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी।

## एक नजर

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी है। सुनावाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ करेगी। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका

# संदेशखालि : ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई ही करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को किए गए हमले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के पांच मार्च के आदेश में राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की इस दलील पर गौर किया कि यदि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच हस्तांतरित करने के अंतिम आदेश को यथावत रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए। पीठ ने पूछा कि तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को पांच जनवरी के हमले के बाद क्यों तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया और मामले की जांच में विलंब क्यों हुआ।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय ''अनूप बरनवाल'' मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिसंबर 2023 में लागू नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है।

# भोजशाला परिसर का होगा वैज्ञानिक सर्वेक्षण

- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने एएसआई को दिए निर्देश
- विवाद : हिंदू मानते हैं वाग्देवी का मंदिर, मुस्लिम बताते हैं मस्जिद

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को धार जिले के विवादास्पद भोजशाला परिसर का छह सप्ताह के भीतर एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का सोमवार को निर्देश दिया। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को की गई एक व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति एसए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्र ने सभी संबद्ध पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद जारी एक आदेश में कहा कि इस अदालत ने केवल एक निष्कर्ष निकाला है कि भोजशाला परिसर का जल्द से जल्द एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन कराना एएसआई का संवैधानिक और कानूनी दायित्व है।

# राजग से 10 और सपा से तीन नामांकन

एमएलसी चुनाव

- सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय, 21 मार्च को होगी अधिकृत घोषणा
- सपा ने खेला पीडीए कार्ड, प्रदेश अध्यक्ष को नहीं मिली तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद की 13 सीटों के लिए सोमवार को राजग से 10 प्रत्याशियों ने विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नामांकन किया। इसमें भाजपा के सात और सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद और सुभासपा के एक-एक प्रत्याशी हैं। जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीडीए कार्ड खेलते हुए पूर्वमंत्री बलराम यादव (पिछड़ा), पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप (अति पिछड़ा) और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली (अल्पसंख्यक) का नामांकन कराया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को इस बार मौका नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी विजय बहादुर पाठक, डा. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनिवाल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह व रामतीरथ सिंघल समेत सहयोगी अपना दल (एस) से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा के बिच्छेलाल राजभर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां से 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय आदि की उपस्थिति में सभी ने बारी-बारी से रिटनिंग अफसर बृजभूषण दुबे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। राजग 10 सीटें निर्विरोध जीतने की स्थिति में है।

### अखिलेश ने ऐन मौके पर तय किए प्रत्याशी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सुबह से दोपहर तक विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम तय किए। इसके बाद तीनों प्रत्याशी विधानभवन पहुंचे और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल गया।

# तेज रफ्तार कार ने गोंडा के युवकों को रौंदा, दोनों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महानगर कोतवाली क्षेत्र में जे रोड पर रविवार रात तेज रफ्तार कार ने दो युवकों को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी के मुताबिक, गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना के दैनियागंज गांव निवासी धर्मेन्द्र पाल (27) के-2 पार्क में माली थे। पत्नी रिंकी के साथ वह किराए के मकान में रहते थे। रिंकी ने बताया कि रविवार रात करीब 8:40 बजे धर्मेंद्र साइकिल से मिडलैंड अस्पताल के सामने तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। बताया गया कि कार के पहिये में साइकिल फंसने से धर्मेंद्र काफी दूर तक घिसटता चले गए। एसीपी ने बताया कि कार चालक ने धर्मेंद्र के अलावा गोंडा जनपद के ही कर्नलगंज के सीसीमऊ गांव के मूल निवासी स्कूटी सवार नरेंद्र त्रिवेदी (30) को भी रौंद दिया। बताया गया कि नरेंद्र पन्तनगर कॉलोनी में रहते थे। घटना से जुटी एक वीडियो क्लिप भी सामने आई है। आरोपी चालक की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को वाराणसी के पुलिस आयुक्त समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस कड़ी में कमिश्नर वाराणसी मुथा अशोक जैन को अपर महानिदेशक (एडीजी) उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर एडीजी एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस) मोहित अग्रवाल को तैनाती दी गई है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजनिंग) पीएसी मुख्यालय, लखनऊ नीलाब्जा चौधरी को उसी पद पर एटीएस में स्थानांतरित किया गया है।

तैयारी | फलों की गुणवत्ता सुधारने के साथ फ्रूट बैग तकनीक का उपयोग करेंगे बागवान

# आम की सेहत सुधारकर यूपी से बढ़ाएंगे निर्यात

- अमेरिका, जापान, दुबई व ओमान आदि से आई एक हजार टन निर्यात की मांग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में आम की पैदावार तो अधिक है, लेकिन मौसम के विपरीत प्रभाव से गुणवत्ता खराब होती जा रही है। इस कारण दो साल से मांग के अनुसार देशों में आम का निर्यात प्रदेश नहीं कर पा रहा है। इस बार भी एक हजार टन आम के निर्यात की मांग लखनऊ के रहमान खेड़ा में मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आई है। इसकी पूर्ति करने के लिए मैंगो पैक हाउस पहले से फल पट्टी क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार पर काम करेगा और बागवानों को उद्यान विभाग, फल संरक्षण, कृषि रक्षा व कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से पैदावार, सुरक्षा और गुणवत्ता पर विशेष प्रशिक्षण देगा। साथ ही पैक हाउस बागों में फ्रूट कवर बैग तकनीक का उपयोग कराएगा। इसमें फलों को छोटी अवस्था पर बैग से कवर किया जाएगा। जो फलों को मक्खी, फंगस, कीटरोग आदि के प्रकोप से बचाएगा और खराब मौसम का असर नहीं पड़ेगा।

**पैक हाउस देगा 2 रुपये में फ्रूट बैग :** मैंगो पैक हाउस निर्यात के लिए बागवानों का चयन कर आम खरीदेगा। उन्हें पहले से 2 रुपये प्रति फ्रूट कवर बैग उपलब्ध कराएगा।

### आज उन्नाव से होगी प्रशिक्षण की शुरुआत

पहले चरण में प्रशिक्षण के लिए लखनऊ के आसपास के जिले उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, प्रतापगढ़ चयनित किए गए हैं। शुरुआत आज उन्नाव के हसनगंज से होगी। प्रशिक्षण में किन चीजों का इस्तेमाल कब और कैसे करना है व किन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना है यह पूरी विधि बताई जाएगी। पैक हाउस तक सुरक्षित आम पहुंचाने की पैकिंग भी सिखाई जाएगी।



### अमेरिका में पहली बार निर्यात की तैयारी

पिछले माह दुबई के गल्फ फूड एक्सपो में अमेरिका, जापान, ओमान व दुबई आदि देशों ने उत्तर प्रदेश से एक हजार टन मलिहाबादी दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि की मांग की है। निर्यात जून से शुरू होगा। अमेरिका में पहली बार आम वहां के मानकों पर पूरा कर भेजा जाएगा। जबकि पिछले वर्ष एक हजार टन में 50 टन आम ओमान, दुबई, रसिया व लंदन निर्यात हो पाया था। बेमौसम बारिश और आंधी से गुणवत्ता खराब हुई थी। जबकि उत्पादन अधिक हुआ था।

प्रदेश में निर्यात की दृष्टि से आम की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। इस कारण देशों में मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इस बार पहले से संबंधित विभागों के सहयोग से गुणवत्ता सुधार पर काम करेंगे। किसानों को प्रशिक्षित करने के साथ बागों में फ्रूट बैग तकनीकी का उपयोग करेंगे।
– **अकरम बेग**, महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, लखनऊ

## एक नजर

### लाभार्थियों को राशन थैला वितरित

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना के तहत पात्र राशन कार्ड धारकों को सोमवार को ग्राम अल्हवाना में 10 किलो राशन का थैला मुफ्त वितरण आपूर्ति निरीक्षक संजय चौधरी ने किया। अल्हवाना में कोटेदार वसीम अख्तर, भेलसर में कोटेदार रेशमा ने दूसरे कोटेदार कुतुबउद्दीन ने भी थैला वितरण किया। तहसील रुदौली के उचित दर विक्रेताओं को 84 हजार थैले मुहैया कराए गए हैं।

### पर्चा बनवाने छूटे लोगों के पसीने

अयोध्या। अमृत विचार : मेडिकल कालेज में सोमवार को अस्पताल खुलते ही मरीजों की कतार लग गई। पर्चा बनवाने के लिए दो बजे तक लोग जमा रहे। इस दौरान कई बार धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर पहुंचे गार्डों के भीड़ को संभालने में पसीने छूट गए। बीच-बीच मे सर्वर स्लो हो जाने से मरीजों को पर्चा बनवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जूझते-जूझते मरीज किसी तरह डॉक्टर को दिखाने के बाद वापस दवा लेने के लिए पहुंचे तो भी उन्हें भीड़ का ही सामना करना पड़ा। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को करीब 2400 मरीजों की ओपीडी हुई है।

# माहेश्वरी सेवा सदन के निर्माण की रखी गई आधारशिला

## लोकसभा अध्यक्ष और राजस्थान के मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से कराया शिलापूजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में देशभर से पहुंचने वाले यात्रियों के लिए एक बड़े सुविधा केंद्र के रूप में माहेश्वरी सेवा सदन का निर्माण सोमवार को शुरू हो गया। 100 करोड़ की लागत से प्रस्तावित सेवा सदन के लिए भूमि पूजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष महंत गोविंद गिरी ने संयुक्त रूप से किया।

वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ परिक्रमा मार्ग स्थित दशरथ कुंड के निकट भूमि पर हवन-पूजन संपन्न होने के बाद विधिवत निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस दौरान अयोध्या प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह और राजस्थान की कैबिनेट मंत्री व विधायकों समेत 133 सदस्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी व अन्य।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी ने कहा कि माहेश्वरी समाज की तरफ से माहेश्वरी सेवा सदन के रूप में एक अत्यंत श्रेष्ठ उपहार अयोध्या को प्रदान किया गया। सभी यात्रियों की सेवा यहां पर होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए सदन में प्रस्ताव आया था। उसके लिए मैं सौभाग्यशाली रहा हूं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम ने शासन चलाया और इसीलिए संपूर्ण देश के लोग अयोध्या में अपनी सेवा देना चाहते हैं। राजस्थान के लोगों ने राम मंदिर के आंदोलन में बढ़कर का हिस्सा लिया था इसलिए राजस्थान का माहेश्वरी समाज अयोध्या आने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए माहेश्वरी सेवा सदन को समर्पित करना चाहता है।

### श्रीराम के दर्शन कर धन्य हो गया : भजनलाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम लला के दर्शन कर और अयोध्या को देखकर जीवन धन्य हो गया। आने वाले समय में इस नगरी में दुनिया भर के लोगों की कतार लगेगी। 1980 और 1990 के दशक में राम भक्त के तौर पर हमें भी कारसेवा में आने का मौका मिला था।

## राजस्थान के सीएम ने कैबिनेट के साथ किए रामलला के दर्शन

**बोले- इससे पहले श्रीराम को टेंट में ही देखा था, अब मंदिर में देख मन प्रसन्न हो गया**

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल सोमवार को अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। प्रदेश सरकार के मंत्री व अयोध्या प्रभारी सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। राम जन्मभूमि परिसर के वीवीआईपी मार्ग गेट नंबर 11 से प्रवेश कर सभी राम मंदिर पहुंचे और रामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले जब कभी भी दर्शन किए थे तो टेंट में किए थे और अब भव्य और दिव्य मंदिर में दर्शन हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जगह राम की महिमा है, भगवान राम जो करेंगे अच्छा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव ददलानी ने कहा कि हमने जो ईंटों का पूजन किया था वह साकार हुआ। इस दौरान विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी, डिप्टी सीएम दियाकुमारी, डिप्टी सीएम प्रेमचन्द बैरवा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के साथ 24 मंत्री, 57 बीजेपी विधायक, चार निर्दलीय विधायक, आठ सांसद, राजस्थान बीजेपी के 16 पदाधिकारी, 21 अधिकारी और सीएस सुधांश पन्त, एसीएस शिखर अग्रवाल, डीजीपी यूआर साहू समेत 133 लोग प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।



राम मंदिर परिसर में जय श्रीराम का उद्घोष करते राजस्थान के मुख्यमंत्री व अन्य।

# निलंबित शिक्षक पर बरसी विभाग की कृपा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: निलंबित शिक्षक पर विभाग कुछ इस तरह मेहरबान है कि संबंद्धता स्थल पर योगदान के पांच दिन पहले ही उसे दूसरे स्थान से संबद्ध कर दिया गया। यह जानने की कोशिश भी नहीं की गई कि वह पांच दिन कहां रहा। विभाग में तरह-तरह की चर्चा है।

मामला तारुन ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय थरिया कला के सहायक अध्यापक प्रवेश कुमार का है। आरोप है कि बीआरसी तारुन पर शिक्षकों को उकसाकर प्रशिक्षण अवधि में सीमैट प्रयागराज से नेटवर्क कनेक्टिंग व सीसीटीवी बंद कर नारेबाजी करवाई। मुर्दाबाद व अन्य अमर्यादित नारे लगाए गए। सात बिंदुओं के गंभीर आरोप में एक मार्च को निलंबित कर दिया गया। बीईओ कार्यालय हैरिंग्टनगंज से सम्बद्ध कर दिया गया। शिक्षक ने वहां योग दान नहीं किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने पांच मार्च तक शिक्षक से ज्वॉइन न करने की बात लिखी। इसी बीच निलंबित शिक्षक की सम्बद्धता बीइओ कार्यालय बीकापुर कर दी गई। जांच अधिकारी बीईओ बीकापुर ने आरोप पत्र भी आरोपी को प्राप्त करा दिया, जिससे कि जल्दी बहाली हो सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि इनके निलंबन के जांच अधिकारी खंड विकास अधिकारी बीकापुर हैं। इसलिए इनको वहीं पर संबद्ध कर दिया गया है। जिससे जांच करने में आसानी हो जाए।

# गोरखपुर को हरा लखनऊ ने जीता खिताब

**पुरस्कार वितरण के साथ प्रदेशीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता संपन्न**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्रदेशीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने तीन गोल से स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर टीमों के बीच खेला गया। हॉफ में लखनऊ टीम ने 2-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में स्पोर्ट्स कॉलेज टीम ने एक गोल कर बराबरी का प्रयास किया लेकिन स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने 4-1 गोल अंतर से स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर पर खिताबी जीत दर्ज की। इसके पूर्व खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने प्रयागराज मंडल को 4-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया था। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, प्रतियोगिता निदेशक एमएस बोहरा, उपक्रीडा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह सहित रेफरी, ऑफिशियल व खेल प्रेमी मौजूद रहे।


राज्य जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता की विजेता स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ टीम साथ में अतिथि व अधिकारी। अमृत विचार

# 20 को रंगभरी एकादशी मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

**डीएम ने दिया सतर्कता का निर्देश, सौंपी जिम्मेदारी**

अयोध्या कार्यालय

अयोध्या, अमृत विचार : रमजान मंगलवार से शुरू हो रहा है। रंगभरी एकादशी का त्योहार 20 मार्च को मनाया जाएगा। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को विशेष सतर्कता का निर्देश दिया है। मजिस्ट्रेटों को जम्मेदारी सौंपी है।

20 मार्च को रंगभरी एकादशी पर साधु-संत अपने मठ मंदिर पर रंग खेलेंगे। 24 मार्च को होलिका दहन, 25 मार्च को होली मनाई जाएगी। मंदिरों व हनुमानगढ़ी से साधुओं व नागाओं का एक जुलूस निकलेगा। हैबतपुर, हलकारा का पुरवा, टेढी बाजार, दोराही कुआ, कटरा होते हुए अबीर-गुलाल खेलते हनुमानगढी मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। इसी दिन नगर क्षेत्र में महंत रामदास नाका हनुमानगढ़ी की देखरेख में फतेहगंज स्थित राम जानकी मन्दिर से शोभायात्रा निकाली जायेगी। नाका मकबरा होते हुए नाका हनुमानगढ़ी पहुंचकर समाप्त होगी। सात बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम होगा।

डीएम ने कहा है कि सम्बन्धित अधिकारी/क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट पर्व के पूर्व से ही क्षेत्र का भ्रमण करें। तनाव या अन्य विवाद हो तो समाधान कराएं। एडीएम सिटी नगरीय क्षेत्र और एडीएम प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के प्रभारी होंगे।

# रमजान के चांद का हुआ दीदार, रोजा आज से


**देर शाम बाजारों में रोजेदारों की उमड़ी भीड़**

झालरों से सजी जामा मस्जिद टाटशाह।

**मस्जिदों में शुरु होगा तरावीह का दौर, तीन अशरों में बंटा होता है रमजान**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पवित्र रमजान के चांद का दीदार होने के बाद मंगलवार से पहला रोजा शुरू होगा। इसी के साथ ही सोमवार रात्रि से मस्जिदों में तरावीह का दौर भी शुरू हो जायेगा। एक माह तक चलने वाला मुकदस रमजान तीन अशरों में बंटा होता है। चांद का सोमवार शाम दीदार करने के बाद लोगों ने दुआएं कीं।

देर शाम बाजारों में भी रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूतफेनी, खजूर समेत अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। भेलसर के मलिकजादा के शाहिद हुसैन रूमी कहते है कि रमजान में रोजा अहम इबादत है। रमजान अल्लाह तआला का महीना है। नसीर अहमद ने कहा कि रमजान में इशा की नमाज के बाद 20 रकात तरावीह में कुरआन का पूरे माह सुनना जरूरी है। साकिब मुमताज कहते है जरुरी है कि रोजा रखने वाला इंसान हमेशा बुराई से तौबा करता रहे।

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध : कैलाश चौधरी


लाभार्थी को ट्रैक्टर की चाबी सौंपते केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी साथ में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**बोले केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ किया किसान मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार कटिबद्ध है। भाजपा सरकार में योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। सरकार किसान हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है।

ये बातें सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहीं। वो कृषि सूचना तंत्र के सुधार एवं कृषक जागरुकता के तहत जीआईसी में आयोजित किसान मेला प्रदर्शनी को संबोधित कर रहे थे। प्रदर्शनी में मोटे अनाज एवं जैविक खेती पर जोर दिया गया। इससे पूर्व कृषि विभाग की से आयोजित चार दिवसीय मेला का उन्होंने प्रदेश के कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही के उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम कुसुम योजना के तहत एक लाभार्थी महिला को सोलर चयन पत्र सौंपा गया।

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि उप कृषि निदेशक डॉ. संजय त्रिपाठी ने बताया कि चार दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी में प्रगितशील किसान अपने उत्पादों के स्टॉल लगाकर लोगों को खेती किसानी से जुड़ी जरूरी जानकारी दे रहे हैं। मेले में आए किसानों को मोटे अनाज के साथ जैविक खेती के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन योजना के तहत पांच एफपीओ को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई। एक महिला को सोलर चयन पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।

# सपा युवजन सभा की 52 सदस्यीय कमेटी घोषित

**तैयारी**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सपा युवजन सभा के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने सोमवार को 52 सदस्यीय कमेटी घोषित की। जिसमें सुल्तान खान महासचिव व उपाध्यक्ष अतुल कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, दीपक यादव, अनुभव रावत, दानिश खां को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यहां पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतीथ फिरोज खान गब्बर भी मौजूद रहे। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कमेटी में अरविंद गुप्ता- कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अनस- मीडिया प्रभारी, अशोक यादव, आजाद सिद्दीकी, अविनाश सिंह, आशिक यादव, वीरेंद्र कुमार बबलू व बजरंग उपाध्याय- सचिव बनाए गए हैं। भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**रामोत्सव** राज्य ललित कला अकादमी का 16 तक चलेगा शिविर

# चित्रकला से श्रीराम का जीवन दर्शन कराएंगे कलाकार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामोत्सव के तहत आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला शिविर में चित्रकार अपनी कला के जरिए श्रीराम का जीवन दर्शन प्रस्तुत करेंगे। अयोध्या धाम बस स्टेशन के निकट टेंट सिटी में आयोजित शिविर का सोमवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने उद्घाटन किया।

राज्य ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित यह शिविर 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्य नवल किशोर रस्तोगी ने बताया कि शिविर में भोपाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, हैदराबाद, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से 51 कलाकार शामिल होने के लिए आए हैं। सभी 16 मार्च तक श्रीराम के जीवन दर्शन और उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत स्वरूप को दर्शाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर की शुरुआत सोमवार से हो गई है। 16 मार्च को इसी स्थान पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 17 मार्च के बाद लखनऊ के ऑडिटोरियम में भी कलाकृतियों का प्रदर्शनी लगेगी। इसके बाद यह चित्र ललित कला अकादमी को सौंप दिए जाएंगे।



शिविर में श्रीराम के जीवन दर्शन पर चित्र उकेरते आयोजक समिति के सदस्य एवं श्रीराम के जीवन दर्शन पर चित्र उकेरतीं महिला।

# महिला बॉक्सरों के पंच से निकले रजत व कांस्य पदक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की महिला बॉक्सरों ने विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यहां की खिलाड़ियों ने एक रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ी के साथ टीम कोच को बधाई देते हुए कहा महिला खिलाडियों ने अपने खेल कौशल प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय के सम्मान और गौरव को बढ़ाया है।

किक बॉक्सिंग की ततामी प्वॉइंट फाइटिंग इवेंट के 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियांशी चन्द ने विवि को रजत पदक दिलाया। वहीं ततामी प्वॉइंट फाइटिंग 70 किलोग्राम भार वर्ग में श्रेया पाण्डेय ने कांस्य पदक प्राप्त किया। रिंग स्पोर्ट्स लो किक इवेंट के 48 किलोग्राम भार वर्ग में जागृति गौतम ने कांस्य, 60 किलोग्राम भार वर्ग में सोनाली निषाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के टीम मैनेजर स्वाति उपाध्याय व कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



मेरठ में आयोजित प्रतियोगिता में पदक दिखाती विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

### 600 से बढ़कर एक हजार हुआ भोजन भत्ता

क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर सभी खिलाड़ियों का भोजन भत्ता 600 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। इस घोषणा से खिलाड़ियों में खुशी की लहर छा गई।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



**पहला रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.52 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.48 बजे
इफ्तार : 06.09 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या

## गोसाईगंज कोतवाली के देवापुर मजरे गंगापुर में हुई वारदात, चाकू से भी किए वार

**शराब के पैसे न देने पर दिया वारदात को अंजाम**

गोसाईगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के देवापुर मजरे गंगापुर में सोमवार दिनदहाड़े शराब के लिए पैसे न देने पर पति ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर पत्नी की हत्या कर दी। आक्रोश इतना था कि पत्नी को चाकू से भी गोद दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। हत्या आरोपी पति की तलाश के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की है और सर्विलांस का भी सहारा लिया जा रहा है।

देवापुर गंगापुर निवासी अमित कुमार सिंह सोमवार सुबह पत्नी गोल्डी सिंह से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। पत्नी ने इंकार किया तो दोनों में तकरार शुरू हो गई। गुस्से से आग बबूला अमित पत्नी गोल्डी को खींच घर के बाहर ले आया और पास पड़ी कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ कई वार किये। ताबड़तोड़ वार से लहुलुहान पत्नी गुहार लगाने लगी। इस पर अमित ने रसोई से चाकू लाकर उसे बुरी तरह गोद दिया दिया। जब तक लोग पहुंचते वो मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने गोल्डी को मया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एएसपी अरुण कुमार सिंह समेत एसएचओ परशुराम ओझा, चौकी प्रभारी महबूबगंज यशवंत द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। वारदात स्थल से खून के सैंपल और हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी और चाकू कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि मृतका के भाई दिवाकर सिंह की तहरीर पर हत्या का केस दर्जकर आरोपी अमित की तलाश की जा रही है। वहीं लोगों में चर्चा है कि पुलिस के पहुंचने के बाद आरोपी पति दोबारा मौके पर आ गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।


मौका-ए-वारदात पर जांच करती टीम।


वारदात के बाद मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी।


गोल्डी सिंह (फाइल फोटो)

### आठ साल के बेटे ने देखी बाप की करतूत

वारदात के वक्त आरोपी अमित की मां और बड़ा बेटा नैतिक सिंह दूसरे घर में थे। पिता जसवंत सिंह तैनाती स्थल स्कूल में थे। वारदात के बाद जब पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी गवाह आठ साल का बेटा कार्तिक सिंह मिला। उसके पुलिस को तोतली भाषा में बताया कि पापा ने मां के पेट पर चाकू और गले व मुंह पर कुल्हाड़ी से मारा है। एसएचओ परशुराम ओझा ने बताया कि कार्तिक बहुत डरा हुआ है। उसकी काऊसिलिंग का प्रयास किया जा रहा है।

"वारदात को लेकर मौके पर जांच पड़ताल की गई है। आरोपी पति की तलाश की जा रही है। इसके लिए दो टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।"
**-अरुण कुमार सिंह, एएसपी**

### नशे का लती अमित पिता का छीन लेता था वेतन

स्थानीय लोगों और परिजनों के अनुसार अमित नशे का लती था। एक स्कूल में चपरासी पिता का वेतन छीन शराब में उड़ा देता था। सारी संपत्ति भी शराब की भेंट चढ़ा चुका था। कई बार माता-पिता को भी पीट चुका है। एक बार पत्नी की पिटाई में पुलिस ने चालान भी किया था।

### सूचना पर पहुंचे भाई ने कहा- सब बर्बाद हो गया

वारदात की सूचना पाकर मायके बस्ती के सराय गांव से पहुंचे मृतका के भाई दिवाकर सिंह ने बताया कि बहनोई ने सब बर्बाद कर डाला। बताया 2011 में अमित के साथ बहन की शादी की थी। तबसे ही विवाद करता चला आ रहा था। गोल्डी के दो लड़के नैतिक और कार्तिक है। दोनों बच्चों को मामा के साथ रखा गया है।

# पिकअप पलटने से 12 लोग घायल, दो रेफर

मिल्कीपुर, अयोध्या

**पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन पर सोमवार को एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को 100 बेड के अस्पताल भेजवाया। चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कुमारगंज थाना क्षेत्र के फजलपुर, सथिन और रानीकपुर गांव से करीब 24 महिला व पुरुष अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर काम करने के लिए पिकअप से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन से कुमारगंज आ रहे थे। हलियापुर थाना क्षेत्र के जराई गांव के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को 100 बेड संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेजवाया। जहां घायल सोमनाथ (35), रिंकी (21), कमलेशा (35), सावित्री (35), देवीदीन (40), वीरेंद्र कुमार (32), राम जियावान (45), ओम प्रकाश (47), सिहारउद्दीन (40), मायावती (35), जग प्रसाद (42) व गया प्रसाद (40) का इलाज चल रहा है। डॉ. प्रवीण बरनवाल ने बताया कि जग प्रसाद व गया प्रसाद हालत गंभीर थी। इसलिए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर करदिया गया है।

### एसयूवी की टक्कर से युवक घायल

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के भेलसर उमापुर मार्ग पर हीरा का पुरवा के निकट सड़क किनारे खड़े युवक ग्राम हीरा का पुरवा भौली निवासी हनुमान प्रसाद को तेज रफ्तार एसयूवी ने टक्कर मार दी। इससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर

### पटना से चलकर दोपहर सवा 12 बजे पहुंचेगी वंदे भारत

**अयोध्या, अमृत विचार :** पटना से गोमतीनगर तक जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन का अयोध्या धाम में भी ठहराव होगा। पटना स्टेशन से सुबह 6:05 बजे गाड़ी संख्या 22345 रवाना होगी। जो आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी के रास्ते होते हुए दोपहर 12:15 पर अयोध्या धाम स्टेशन पहुंचेगी। यहां सासंद लल्लू सिंह हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। उत्तर मध्य रेलवे की वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि वंदे भारत गोमतीनगर स्टेशन पर ढाई बजे यात्रियों को पहुंचा देगी। वापसी में गोमतीनगर से ट्रेन संख्या 22346 दोपहर 3:20 पर छूटने के बाद शाम 5:15 पर अयोध्या धाम स्टेशन पहुंचेगी। दोनों ही तरफ ट्रेन का पांच-पांच मिनट ठहराव रहेगा।

### मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने बताया कि जिले में रोज़गार सेवकों का मानदेय बकाया है। होली के पहले बकाया मानदेय न मिला तो संगठन प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री सोनू आज़ाद, अमानीगंज के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज कुमार मिश्रा, जिला संयोजक रामूनिषाद, उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, महेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग थे।

# 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाएं : सुनील बंसल

अयोध्या कार्यालय

**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बोले, टेंट सिटी में बैठक को किया संबोधित**

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि धार्मिक कार्य के बाद अब राष्ट्र कार्य में लग जाएं। पीएम मोदी के 400 सीटों से पार के लक्ष्य को संफल बनाएं। वह श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट सिटी में सोमवार को बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दर्शन अभियान को पूरा करने पर आत्मसंतोष मिला। आंदोलन के दौरान कारसेवा की तरह यह भी यादगार रहेगा। सासंद लल्लू सिंह ने यहां पहुंच मुलाकात की। इसके पूर्व उन्होंने हनुमानगढ़ी व राम लला के दर्शन किए। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अजय सिंह, एमएलसी जितेंद्र सिंह, सहकारी बैंक के चयेरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक मानवेंद्र सिंह, अवध क्षेत्र महामंत्री विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, मिथलेश त्रिपाठी सहित अन्य लोग थे।


राम मंदिर में रामलला का दर्शन करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल।

### 50 गुना अधिक भव्य रूप से मनाई जाएगी रामनवमी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आगामी रामनवमी पर राम जन्मभूमि परिसर में बड़े आयोजन की योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के मुताबिक इस बार की चैत्र रामनवमी विगत वर्षों की अपेक्षा 50 गुना अधिक दिव्य और भव्य रूप से मनाई जाएगी, जिसके लिए ट्रस्ट लगातार चिंतन कर रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए खुलकर दान किया जा रहा है। एक माह में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 52 करोड रुपये का दान प्राप्त हुआ है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 22 जनवरी को भी छह करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस तरह दान का क्रम भी बढ़ रहा है।

# ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, श्रद्धालु की मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में लखनऊ-गोरखपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार को यात्रियों से भरे ई-रिक्शा को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे एक श्रद्धालु की मौत हो गई, पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। एक 10 वर्षीय बच्चे का घुटने से पैर अलग हो गया। हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। घायलों का मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कई स्थानों पर टेंट सिटी बनाई गई है। ई-रिक्शा चालक सोमवार शाम छत्तीसगढ़ के यात्रियों को लेकर हाईवे स्थित टेंट सिटी ले जा रहा था। रघुकुल रेस्टोरेंट के पास रास्ते में कुछ और यात्रियों को बैठने लगा। इस दौरान पीछे से आ रहा ट्रक ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शे के परखच्चे उड़ गए। घटना होते ही चीख पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल भीखम (60) पुत्र कृपाराम मगर रोड, धमतरी, छत्तीसगढ़ को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तोरन लाल साहू (60) पुत्र मुकुट लाल साहू मगर रोड, धमतरी, छत्तीसगढ़ की हालत नाजुक बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉ.विनोद आर्य ने बताया कि उनके यहां चार मरीजों का इलाज चल रहा है। दद्दा (35) निवासी सतना के दौनों पैर में फ्रैक्चर हुआ है। उनके पुत्र मनोज (10) का घुटने से दाहिना पैर लटका हुआ था, जिसे ऑपरेशन कर निकाल दिया गया है। जिला चंदौसी निवासी सोनी (35) व ई-रिक्शा चालक महेश (30) निवासी विधान का पुरवा दर्शननगर के दोनों पैर फ्रैक्चर हैं। पुलिस ने हाईवे पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित किया है। इसके बावजूद चालक बेखौफ होकर चला हाईवे पर ई रिक्शा चला रहे हैं। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को भी गिरफ्तार किया गया है।


दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा।

# मिलावटी दूध बेचने वाले को छह माह की सजा

**एडीएम कोर्ट ने 31 पर लगाया आठ लाख का अर्थदंड**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अपर जिलामजिस्ट्रेट ने मिलावटी दूध बेचने वाले को छह माह की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 31 मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई करते हुए आठ लाख से भी अधिक का अर्थदंड लगाया है।

सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नगर की कोर्ट ने रौनाही क्षेत्र के रामनाथ को मिलावटी दूध बेचने के मामले में छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अधोमानक व मिलावटी सामान बेचने वाले 31 पर आठ लाख का अर्थदंड लगाया है। थाना कैंट क्षेत्र के आर्य कन्या गली में मो.आसिफ के यहां अवमानक मिले मीट एंड मीट प्रोडक्ट पर 16 हजार, प्रद्युम मेसर्स खजुराहट पर राजश्री ब्रांड पान मसाला अवमानक मिलने पर 80 हजार रुपये, रामनगर कॉलोनी स्थित पपाया कैंडी बेकरी के अवमानक मिलने पर गिरीश राजपाल पर 50 हजार, थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम चमरौली के अब्दुल कादिर के यहां अवमानक अरहर की दाल मिलने पर 25 हजार, थाना बीकापुर के खजुरहट पथरकट चौराहा निवासी मेसर्स प्रद्युम व खजुरहट बाजार निवासी राजेश कुमार के कैश्यू एसआर ब्रांड 250 ग्राम मिथ्याछाप मिलने पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि समदा गोसाईगंज की मेसर्स अर्चिता इंडिया प्राइवेट लिमिटेड व सदर थाना क्षेत्र के रामगंज निवासी गोपालजी से हल्दी पाउडर (अर्चिता मसाले) पर 30 हजार व लाल मिर्च पाउडर (अर्चिता मसाले) पर 30 हजार, सदर तहसील के गणेश प्रसाद केसरवानी पर अवमानक आइसकैंडी घोल मिलने पर 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा थाना इनायतनगर के ग्राम खिहारन निवासी विकास यादव के यहां से मिथ्याछाप फूड सप्लीमेंट पर 15 हजार, थाना गोसाईगंज क्षेत्र के उनियार निवासी राहुल गुप्ता के जीरा 25 हजार का अर्थदंड लगाया गया है।

### दूध और घी भी मिलावटी मिलने पर जुर्माना

सुनबा की पंचशील दुग्ध डेयरी से मावा पर 24 हजार, ग्राम दराबगंज के अनिल कुमार व बड़ागांव के हाजीपुर गांव के दिनेश यादव के पास भैंस का अधोमानक दूध मिलने पर 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। थाना कैंट क्षेत्र के गोंदौली गांव के विनोद यादव, थाना रौनाही के दिगंबरपुर मीआ गांव के जितेंद्र वर्मा व दिगंबरपुर गांव के मेसर्स जेपी ढाबा से मिश्रित दूध मिलने पर 37 हजार, रानोपाली निवासी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड व साहबगंज के राजेंद्र चौधरी के यहां से घी अधोमानक मिलने पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। थाना बीकापुर के ग्राम सहावां के अरुण यादव, थाना पूराकलंदर क्षेत्र के ग्राम बहोरनपुर निवासी अशोक कुमार यादव व थाना महाराजगंज के सुरेश यादव के मिश्रित दूध पर 36 हजार, थाना कैंट के मुमताजनगर निवासी सूर्यभान से अवमानक पनीर मिलने पर 22 हजार, थाना पूराकलंदर क्षेत्र के नारायनपुर निवासी उदयभान पांडेय से मिश्रित दूध मिलने पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### नमकीन व मिठाई भी सुरक्षित नहीं

सोहावल लखौरी के आशीष नमकीन भंडार से मिथ्याछाप नमकीन मिलने पर 30 हजार, अर्जुन राय पर बाहरी खाद्य पदार्थ में अवमानक छेना मिठाई पर 25 हजार, थाना बाबा बाजार स्थित गांव ग्राम पारा के हर सागर के यहां से विशुद्ध पानी मिलने पर 15 हजार, थाना व ग्राम पटरंगा के लालजी गुप्ता, पटरंगा मंडी के मेसर्स नवीन गुप्ता, मेसर्स एमएस पल्सेस एंड फूड्स पर मिथ्याछाप काजू श्रीजी प्रीमियम ब्रांड पर 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के टकसाल के विपिन खत्री व मुमताज नगर के श्री विनायक फूड्स प्रो. के विपिन खत्री के यहां से अवमानक तली हुई मूंग साबुत नमकीन पर 80 हजार व विनायक ब्रांड नमकीन पर 40 हजार, बीकापुर के कालीचरन स्वीट्स से बरफी, कलाकंद पर 40 हजार, थाना इनायतनगर के मिल्कीपुर के मोहित कुमार के यहां मिथ्याछाप नमकीन, टॉफी, लाई-चूरा पर 12 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आज पीएम करेंगे चार परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा अयोध्या की 2062 करोड़ की लागत की चार परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम सुबह आठ बजे होगा। इसको लेकर अयोध्या में चार स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वह 105.68 करोड़ की लागत से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर बनने वाले यूनिवर्सल कोचिंग मेटिनेंस का शिलान्यास, 1796.35 करोड़ की लागत से अयोध्या-सलारपुर-बाराबंकी रेलवे लाइन दोहरीकरण का लोकार्पण, सलारपुर रेलवे स्टेशन में 150 करोड़ की लागत से मालगोदाम का लोकार्पण व रौजागांव स्टेशन स्थित मालगोदाम 9.5 करोड़ लागत का शिलान्यास करेंगे। अयोध्या कैंट पर आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, तिलक राम मौजूद रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### गैर जनपद से आए खंड शिक्षा अधिकारियों को मिली तैनाती

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गैर जनपद से स्थान्तरित होकर आए दो खंड शिक्षा अधिकारियों को तैनाती मिली है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने गोंडा से स्थान्तरित होकर आए अजय कुमार त्रिपाठी को मिल्कीपुर खंड शिक्षा का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया है। जबकि बुलंदशहर से आए बीईओ यशवंत कुमार को तारुन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। बीएसए ने दोनों खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है तत्काल कार्यभार ग्रहण कर सूचित करें।

### कार्यों की गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : नगर आयुक्त


निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अधिकारी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। ये निर्देश सोमवार को नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने दिए। वो अयोध्या धाम के निर्माणाधीन जोनल कार्यालय का निरीक्षण कर रहे थे। इसके बाद बैकुण्ठ धाम स्थित निर्माणाधीन शवदाहगृह के निरीक्षण में सामान्य शवदाहगृह, विद्युत शवदाहगृह व जनसुविधाओं के लिए कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सहारा समूह द्वारा विकसित किये गये बैकुंठधाम शवदाहगृह के फिर से विकसित किये जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, परियोजना प्रबन्धक देवव्रत पंवार व अवर अभियन्ता भानु प्रताप गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### मनाया गया कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र तारुन अंतर्गत योग विद्यापीठ इंटर कॉलेज बेलगरा का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया। प्रबंधक ओमनाथ वर्मा ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के इंग्लिश मीडियम विद्यालय की स्थापना की अच्छी सोच है। इस अवसर पर जेपी सिंह, विद्यासागर वर्मा, रामकेवल वर्मा अमित कुमार, कमला प्रसाद बागी, रमाकांत द्विवेदी सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### भव रोग की औषधि श्रीमद्भागवत कथा

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के अंजना मजरे सूरापुर स्थित काली मां के स्थान पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथाव्यास स्वर्णदीप शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भव रोग की औषधि है। मुक्ति मन को मिलती है आत्मा को नहीं, आत्मा तो नित्य मुक्त है। कथाव्यास ने कृष्ण जन्म की कथा सुना कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर करुणाकर पांडेय, भगवत प्रसाद, रतनदीप सहित कई ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

**सीएए** | बोले लोग- मेहमान व शरणार्थी को विशिष्ट सेवा भाव प्रदान करने की प्रथा सदियों से

# केन्द्र सरकार ने अन्य देशों के लिए कायम की मिसाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** शरण के लिए भटकते-भटकते भारत में लगभग डेढ़ दशक से शरण लिए बंग्लादेश, अफगानिस्तान व पाकिस्तान के शरणार्थियों को भारत की नागरिकता प्रदान करने सम्बन्धी कानून सोमवार को लागू होने के बाद लोगों ने इसे केन्द्र सरकार का बेहतरीन निर्णय बताया। लोगों का एक मत से मानना है कि विभिन्न धर्म व सम्प्रदाय के अन्य देशों से प्रताड़ित भारत में शरण लिए शरणार्थियों को सीएए के तहत सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार व भारत की मूलभूत सुविधांए व लाभ प्रदान करने का अवसर देना हमारे देश के संस्कार को उजागर करता है। जहां मेहमान व शरणार्थी को विशिष्ट सेवा भाव प्रदान करने की प्रथा सदियों से रही है। 'अमृत विचार' से बात करते हुए अयोध्या के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए इसे सरकार का सराहनीय निर्णय बताया।


अन्य देशों से प्रताड़ित व विस्थापित होकर भारत आए कई वर्षों से नागिरकता अधिकार की आस लिए बैठे शरणार्थियों को सरकार का यह अनुपम उपहार है। सीएए कानून लागू करने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है।
**- अशोक कुमार तिवारी, वरिष्ठ शिक्षाविद्।**


भारत सरकार ने सीएए लागू कर अन्य देशों के प्रताड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिया है। ऐसा कर अन्य देशों के लिए मिसाल कायम कर दी है। शरणार्थियों को यह अधिकार बहुत पहले मिल जाना चाहिए था।
**- वीके जोशी, प्रधानाचार्य जेबी अकादमी**


दूसरे देशों के सताए लाखों लागों को भारत में शरण देने के बाद उन्हें नागरिकता प्रदान करने सम्बन्धी काननू सीएए लागू करने का निर्णय प्रशंसनीय है। इससे शरणार्थी भी सम्मान का जीवन जी सकेंगे और राष्ट्र निर्माण में सहायक होंगे।
**- डॉ. अनूप मनचन्दा, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ।**


सीएए लागू होना देश के लिए अच्छी बात है। लगभग 200 देशों ने जिन्हें शरण तक न दी। उन्हें भारत ने न केवल शरण दी बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान कर अन्य देशों के लिए मानवता का उदाहरण पेश किया है।
**- संजय अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट**


आज देश के लाखों शरणार्थियों के लिए अविस्मरणीय दिन है। जिनको किसी देश ने नहीं पूछा, उन्हें भारत ने शरण भी दी और अब नागरिकता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। यह निर्णय सभी देशों के लिए मिसाल है।
**- अनूप दुबे, जिला बैडमिन्टन संघ सचिव।**


जिन शरणार्थियों के आगे-पीछे अभी तक कोई नहीं था, अब सरकार होगी। उन्हें न तो सरकार एप्रोच कर पा रही थी न वो सरकारी योजना का लाभ ले पा रहे थे, इससे दोनों हो सकेगा। केन्द्र सरकार के राष्ट्र हित में है और सराहनीय है। **- डॉ. जीके पाण्डेय, वरिष्ठ हड्डी-रोग विशेषज्ञ**

### सीएए लागू होने के बाद रामनगरी में अलर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के अमल में आने के बाद धार्मिक नगरी अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। आईजी रेंज प्रवीण कुमार ने सोमवार देर शाम संवाद के साथ पांचों जिलों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाट्सएप ग्रुपों पर किसी तरह के गलत संदेश देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पहला रोजा

शिया
सहरी : 04:49 बजे
इफ्तार : 06:17 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.49 बजे
इफ्तार : 06.10 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# डीएम ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

## लोकसभा चुनाव को लेकर सभी व्यवस्थाओं को किया जाए चुस्त-दुरुस्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में चुनाव के उपरांत ईवीएम सहित अन्य सामग्रियों को जमा करने और स्ट्रांग रूम सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, उप जिलाधिकारी सदर, सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम व साथ में एडीएम।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त कर लिया जाए। जिससे निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जाए। साथ ही साथ निर्वाचन के दौरान लगे हुए कर्मचारियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जिससे कर्मचारी पूरे मनोयोग से दिए हुए दायित्व का निर्वहन करें।

### बीडीओ ने कर्मियों के साथ की तैयारी बैठक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी लोकसभा के चुनाव की आहट शुरू होते ही अधिकारियों द्वारा चुनाव तैयारियों को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को डवाकरा हाल में बीडीओ ने सफाई कर्मियों, ग्राम पंचायत सचिवों के संघ बैठक किया। बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी राम बिलास राम ने कहा कि आचार संहिता के जल्द लगने की संभावना है। आचार संहिता लगते ही आप कार्य क्षेत्र के भवनों, विद्युत खम्भों, दीवारों सहित अन्य सभी स्थानों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार से संबंधित पोस्टर, बैनर व होर्डिंग को हटाने का कार्य शुरू होगा। जिसके फलस्वरूप इस कार्य से संबंधित सभी जरूरी सामानों की व्यवस्था कर लें। बैठक में सचिव अंकेश सरोज, उदय राज गौतम, सुनील सोनकर, बृजेश यादव, प्रवीण वर्मा और सफाई कर्मचारियों में सुशीला, प्रेम लाता, रामबोध समेत अन्य सभी मौजूद रहे।

## समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित



समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र देते बीडीओ राम विलास राम व साथ में अन्य। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर दुकान, उद्योग धंधा स्थापित कर आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर महिलाओं को ब्लॉक सभागार में सोमवार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जलालपुर ब्लॉक की आर्थिक रूप से मजबूत हो रही महिलाओं को पीएम मोदी और सीएम योगी के निर्देश पर उन्हें सम्मानित कर लखपति दीदी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। खंड विकास अधिकारी रामविलास राम, डीओ पंचायत बृजेश तिवारी के साथ भाजपा नेताओं ने कुल 12 लखपति दीदी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। एनआरएलएफ के ब्लाक मिशन प्रबंधक लक्ष्मी कांत व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले लखपति दीदी में नगपुर की पूनम, इस्माइलपुर की आशा, लौधना की प्रेमलता, आजन पारा की अर्चना, भस्मा की रीना, खजुरी करौंदी की आरती, लवइया की कविता, गौसपुर ककरहिया की रीता देवी, दाउदपुर की मैना देवी, सलाहुद्दीनपुर की कंचन, शरीफपुर की गायत्री व जगतपुर बिलटई की कुसुम राजभर मौजूद रही।

### एक नजर

### शंकर बहादुर को प्रभारी उप निबंधक का कार्यभार

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** उप निबंधक कार्यालय अकबरपुर में कार्यरत वरिष्ठ निबंध लिपिक शंकर बहादुर सिंह ने प्रभारी उप निबंधक आलापुर का कार्यभार ग्रहण किया। सिद्धार्थनगर जनपद के मूल निवासी शंकर बहादुर सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त कर दस्तावेज लेखकों को दस्तावेज लेखन विधि के संबंध में दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने लेख पत्र की सुचिता बनाए रखना यानी दस्तावेजों में वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक दान अभिलेख में शासनादेश में निर्दिष्ट तथ्यों का पालन करते हुए पारिवारिक संबंध का दस्तावेज अभिलेख के साथ अवश्य संलग्न करें।

### मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** वैवाहिक समारोह में पत्थर फेंकने का आरोप लगाते हुए विपक्षियों ने पड़ोस के व्यक्ति पर हमला व तोड़-फोड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। आलापुर के लखमीपुर गांव निवासी रामकृष्ण दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि 6 मार्च को गांव के ही रंगीलाल के यहां लड़की की शादी थी। रात में अचानक आरोपी रंगीलाल व उसके पुत्र संदीप, कुलदीप व अंकित उनके घर पर आ धमके और उनके घर बारात आई है और तुम लोग पत्थर फेंक रहे हो का आरोप लगाते हुए उन पर हमला बोल दिया। पीड़ित ने घर में भाग कर जान बचाई और पुलिस को सूचित किया तो पुलिस को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मामले में चारों आरोपितों के खिलाफ तोड़-फोड़, मारपीट, धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली कर्मियों के साथ मारपीट, तीन पर केस

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** मीटर रीडिंग कराने के दौरान लाइनमैन व रीडर के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मकोइया बिजली उपकेंद्र के हंसवर फीडर के लाइनमैन बसखारी के बुकिया निवासी अवनीश कुमार ने आलापुर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह सुपरवाइज्ड बिलिंग के तहत मीटर रीडर पंकज यादव के साथ धनुकारा बनकठवा में रीडिंग का कार्य करा रहे थे। तभी वहां गांव के जयप्रकाश उर्फ रोहित, मटरु व पिंटू से बिजली संबंधी दस्तावेज मांगने पर उक्त लोग गाली-गलौज व धमकी देते हुए मारपीट किए। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। यदि हंसवर फीडर पर उनके साथ कोई घटना या अनहोनी होती है तो उसके जिम्मेदार आरोपी ही होंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मामले में तीनों आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जलालपुर में 51 किलो गांजे के साथ दो शातिर गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई, भेजा जेल**

**अमृत विचार।** कटका पुलिस को सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्कॉर्पियो गाड़ी में रखे तीन बोरी अवैध गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

बता दें कि कटका थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर, उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, कांस्टेबल सूरज कुमार पांडे, गौरव भारती, आनंद यादव के साथ अपने सरकारी वाहन से क्षेत्र की देखभाल में मुस्तैद थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में दो लोग अवैध रूप से गांजा लेकर



गिरफ्तार अभियुक्त।

आजमगढ़ की तरफ से आ रहे हैं। जो टोल प्लाजा की पहले लिंक रोड से आएंगे। पुलिस ने मुखबिर की बातों पर भरोसा करते हुए नेवरी की ओर से जाकर टोल प्लाजा के पहले लिंक रोड के पास गाड़ी रोककर स्कॉर्पियो गाड़ी का इंतजार करने लगे। जैसे पुलिस कर्मियों को गाड़ी आती हुई दिखाई दी तभी पुलिस कर्मियों ने गाड़ी को घेर लिया और पुलिस को देख आरोपी भागने का प्रयास करने लगे तभी पुलिस ने आरोपियों को घेर कर पकड़ लिया। पुलिस ने जब गाड़ी में सवार लोगों से पूछताछ किया तो आरोपियों ने अपना नाम भाई लाल पटेल निवासी ग्राम बरहाकला थाना मांडा जिला प्रयागराज उम्र 55 वर्ष और दूसरे ने अपना नाम अर्पित मौर्य निवासी ग्राम मुतकल्लीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ उम्र 24 वर्ष बताया है। जांच पड़ताल में वाहन से 51 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गाड़ी, गांजा समेत दोनों लोगों को हिरासत में लेते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### ससुराल वालों पर हत्या का मुकदमा, जिंदा लौटी बहू

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ससुराल वालों पर अपनी बहू की हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। उधर बहू जिंदा घर वापस आ गई। महिला की हत्या नहीं की गई थी, वह अपने प्रेमी के साथ गायब हो गई थी। वहीं मामले में महिला से पुलिस पूछताछ कर रही है। बता दें कि सम्मनपुर के सुल्हनतारा गांव की महिला गत सितंबर माह में घर से गायब हो गई थी। महिला के ससुर ने पुलिस में गुमसुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा लापता महिला की खोजबीन भी किया गया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इसी बीच महिला के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस द्वारा हकीकत जानने का प्रयास किया जा रहा था। पिता ने न्यायालय का सहारा लिया और कोर्ट के आदेश पर दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी कि महिला जिंदा घर लौट आई। महिला ने पूछताछ में पुलिस को बताया की वह प्रेमी के साथ गई थी। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि महिला को बरामद कर लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# सीएचसी में अव्यवस्था देख सीएमओ भड़के

**अधीक्षक को लगाई फटकार, प्रसव कक्ष के लिए एक महिला डॉक्टर की तैनाती का दिया निर्देश**

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत व स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखकर सीएमओ ने केंद्र अधीक्षक को फटकार लगाई।

उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। महिला विंग, प्रसव कक्ष का निरीक्षण करने के दौरान सीएमओ को कई कमियां नजर आई। प्रसूताओं की डिलीवरी स्टाफ नर्स से कराए जाने और प्रसूताओं व उनके परिजनों के द्वारा प्रसूताओं को दिए जाने वाले भोजन को घटिया बताए जाने पर



बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. राजकुमार।

अधीक्षक डॉ. केसी यादव को जमकर फटकारा। सीएमओ ने तत्काल प्रसव कक्ष के लिए एक महिला डॉक्टर की तैनाती का निर्देश दिया। हालांकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर पौनमी देव व डॉ. रजनी सचान और संविदा पर डॉ. अंजुम आरा की तैनाती है। बावजूद इसके प्रसुताओं की जान को जोखिम में डालकर स्टाफ नर्सों के द्वारा प्रसव कराए जाने की अक्सर ही शिकायतें मिलती रहती है।

### 9 माह से नहीं मिला वेतन

गार्ड के रूप में बृजेश, अवधेश व कृष्ण कुमार और वार्ड आया के रूप में शर्मिला, वार्ड बॉय दुर्गा प्रसाद व रीना के द्वारा 9 महीने से वेतन नहीं मिलने की सीएमओ से शिकायत किया। सीएमओ ने संविदा पर रखने वाली कंपनी गोयल टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड से बात कर शीघ्र ही वेतन भुगतान कराए जाने का आश्वसन दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 15/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं. : 1. कार्य का विवरण :** रामनगर स्टेशन पर 600 मीटर लम्बे कैमटेक डिजाइन वाशिंग पिट का प्रावधान और सर्विस बिल्डिंग का विस्तार। **अनुमानित लागत रुपये :** रु. 6,73,32,415.00 **बयाना राशि रुपयों :** रु. 4,86,700/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह **क्र. सं. : 2. कार्य का विवरण :** रामपुर–लालकुआँ अनुभाग में समपार सं. 35 एवं 46 के स्थान पर एल.एच.एस का शेष निर्माण कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर डिवीजन में वमई/I/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में क्रमशः समपार सं. 17 एवं 15 के स्थान पर एल.एच.एस का निर्माण कार्य।) **अनुमानित लागत रुपये :** रु. 5,55,44,645.67 **बयाना राशि रुपयों :** रु. 4,27,700– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह 1. ई–निविदा दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। 2. ई–निविदा की प्रस्तुतति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे की IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी0) इज्जतनगर
मुजाधि/डबलू–578

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 14/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी॰) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरणः स.म.इं/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 3,64,55,481.86, बयाना राशि रूपयो में : रू. 3,32,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। क्र.सं. 2. कार्य का विवरणः स.म.इं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 2,91,11,477.96, बयाना राशि रूपयो में : रू. 2,95,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। क्र.सं. 3. कार्य का विवरणः बरेली सिटी-कासगंज के अनुभाग में समपार सं. 275 एवं अतिक्रमण वाले स्थान पर पुराने समपार सं. 285 एल.एच.एस का निर्माण। (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत मइं/मुख्यालय/इज्जतनगर के अनुभाग में 4 नग समपारों पर एल.एच.एस का निर्माण।) अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 9,48,69,903.99, बयाना राशि रूपयो में : रू. 6,24,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी॰), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 577

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा जागरुकता का पाठ




सीबी सिंह लॉ कालेज में कार्यशाला में मौजूद प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह व छात्र।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सीबी सिंह लॉ कालेज अकबरपुर के सेमीनार हॉल में सीपी तिवारी के संचालन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मौजूद छात्रों को सड़क पर चलने के सामान्य नियम और साथ-साथ भारतीय दंड संहिता में उपबन्धित प्रावधान धारा 80, धारा 279, 304ए, 337 और 338 पर कालेज के प्रवक्ता डॉ. सुबास के द्वारा व्याख्यान दिया गया।

डॉ. शरद सिंह मोटर यान अधिनियम 1988 एवं संशोधित अधिनियम 2019 में उपबन्धित दंडित प्रावधानों का विस्तार से प्रकाश डाला गया। कालेज प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने छात्रों को जीवन की सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रोड पर चलने के लिए सामान्य नियम जरूर अपना जाए। इस कार्यक्रम में लॉ कालेज के सभी प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला। सीपी तिवारी, डॉ. राजेश सिंह, दीपक श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में पटलों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों और कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पंच स्थानीय चुनाव कार्यालय, खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, सूचना विभाग, संयुक्त कार्यालय, स्थानीय निकाय, अनुभाग कार्यालय, चकबंदी कार्यलय, नजारत कार्यालय और आपदा कार्यालय का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की साफ -सफाई, फाइलों के रख-रखाव और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय अध्यक्ष को निर्देशित किया कि कार्यालय की नियमित साफ-सफाई कराए। उन्होंने समस्त अधिकरियों और कर्मचारियों को कार्यालय में समय से उपस्थित रहने और अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित है।

### पात्रों को चिन्हित कर दिया जा रहा है योजनाओं का लाभ

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सोमवार को सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायत मसेना मिर्जापुर में तृतीय चरण में चौपाल का आयोजन कर उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। बीडीओ हौसला प्रसाद ने कहा कि पात्रों को आवास, पेंशन, शौचालय, मनरेगा और अन्य योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। तृतीय चरण में स्वास्थ्य और विकास कार्यों के संबंध में आधारभूत सुविधाओं को धरातल पर उतरने का काम किया जा रहा है। वहीं पूर्व विधायक जयराम विमल ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मनरेगा आयुक्त दिलीप मिश्रा और डीपीआरओ अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम पंचायत में सभी पात्रों को चिन्हित कर उन्हें अलग-अलग सुविधा दी जा रही हैं। पंचायत भवन पर उन्हें हर सुविधा उपलब्ध हो सके इसका प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद, पीडी दिलीप सोनकर, एडीओ पंचायत बृजेश वर्मा, डॉक्टर विवेक सिंह, डॉक्टर बृजेश यादव, राममिलन निषाद, प्रेम यादव, दुर्गा प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



गुरु चिल्ड्रेन एकेडमी का वार्षिक उत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र अकबरपुर के ग्राम पयागपुर बरौरा स्थित सद् गुरु चिल्ड्रेन एकेडमी का वार्षिक उत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा और विशिष्ट अतिथि सांसद रितेश पांडेय रहे। मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि समाज में सबसे बहुमूल्य चीज यदि कोई है तो वह ज्ञान है। हर व्यक्ति का पहला सपना शिक्षित व्यक्ति बनने का होना चाहिए। सांसद रितेश पांडेय ने कहा शिक्षा एक ऐसी शक्ति है जो जीवन में असीमित उम्मीदें और संभावनाएं जगाती हैं। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अभिभावक काफी संख्या में मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक मुरारी लाल वर्मा और प्रधानाचार्य अमन वर्मा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम

**कार्यक्रम में बोले-प्रबंधक, 79 छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया स्मार्टफोन**

# छात्र-छात्राओं को दें रोजगार परक शिक्षा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सावित्री श्रीनाथ महाविद्यालय रसूलपुर बाकरगंज में 79 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी दिवाकर और संचालन संजय कुमार के द्वारा किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जलालपुर सुभाष राय रहे।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि स्मार्टफोन द्वारा आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इसका सदुपयोग करें। स्मार्टफोन पाकर सभी छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। प्रबंधक शैलेश मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रोजगार परक शिक्षा देने की जरूरत है। जिसमें यह स्मार्टफोन बहुत ही सहायक सिद्ध होगा और महाविद्यालय की विकास कार्यों और प्रगति की आख्या प्रस्तुत की। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के द्वारा अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण के द्वारा किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। चारों तरफ खुशी का माहौल रहा। उक्त अवसर पर राम जियावन मिश्र, उमाशंकर मिश्र, अब्दुल खालिद, सुधाकर मिश्र मंडल उपाध्यक्ष मालीपुर, राम चन्द्र मिश्र, कमलेश कांत चतुर्वेदी आदि मौके पर मौजूद रहे।



स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद प्रबंध शैलेश मिश्रा। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अपने छोटे पुत्र हर्षित कुमार मिश्रा के खराब चाल-चलन व गलत कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य व अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। **राजकुमार मिश्रा पुत्र स्व0 गार्गी प्रसाद मिश्रा, निवासी– ग्राम ओरीपुर मजरे भिरिया, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी।**

**आवश्यकता है**
अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं की।
**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी भादर अमेठी**
**आवश्यकता है**
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–979336781

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित व बहू निधी पत्नी अंकित को उसके गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **–श्यामलाल पुत्र प्रभू, निवासी– ग्राम–नजरनगर, थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला–लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र नन्हे, निवासी– ग्राम बंदरहिया, पोस्ट फुलई, थाना मल्लावां, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई** मेरे पुत्र सिबलू व पुत्रवधू किस्मतुन बानो दोनों आपस में लड़ते झगड़ते हैं। आत्महत्या करने की धमकी देते हैं। चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी कुल चल–अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा अच्छे बुरे किए गए कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा वह मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं **सुभाष चन्द्र पाण्डेय पुत्र हसं राज व सुभद्रा पाण्डेय पत्नी सुभाष चन्द्र पाण्डेय, निवासीगण –130/34 बगाही भट्ठा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर,** हम अपने पुत्र प्रिन्स पाण्डेय को उसके व्यवहार से क्षुब्द होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं तथा उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्यो तथा लेन देन से हमारी कोई जिम्मेदारी न है और न ही भविष्य में होगी।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरी स्व. पत्नी राजवन्ती एसबीआई उमरन शाखा खाता संख्या 35699361825 में मेरा नाम अंग्रेजी में PRATHVHI PAL अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में PRITHVPAL अंकित है। दोनो मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है। – **पृथ्वीपाल पुत्र राज बहादुर, निवासी – मुरारमऊ, पो.– हमीदपुर बड़ागांव, परगना – सलोन, तहसील व थाना– ऊंचाहार, जिला – रायबरेली**

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# आधुनिकता की आपाधापी में विलुप्त हो रही गांव-आंगन की होली

▸▸ सदा अनंद रहै यह द्वारा मोहन खेलैं होरी हो...

अरुण कुमार मिश्र/राजन कुशवाहा

अमृत विचारः क्षेत्र के कुछ गांवों में होली उत्सव को लेकर गांव- गांव में चौताल डेढ़ताल होली गीतों की धूम है। संस्मरण में कुछ गीत युवाओं को जरूर याद है पर जिस तरह पहले होली होती थी अब वह देखने को नहीं मिलता है। आधुनिक फूहड़ गीतों से सजे डीजे की धुन पर लोग होली तो जरूर खेलते हैं परंतु अवध में जिस तरीके से होली गीतों पर बुजुर्ग, महिलाएं व युवा थिरकते थे वह अब बहुत कम देखने को मिलती है।

बसंत ऋतु खत्म होते ही होली के गीत लोग गुनगुनाने लगते थे। लोकगीतों में सुमार चौताल, डेढ़ ताल, बारहमासी, धमार(फगुआ) और ऊपर से ढोलक की थाप से लोग झूम उठते थे। अवध मा होली खेलैं रघुवीरा अवध मा होली...इसी गीत से होली परवान चढ़ती थी और एक माह तक गांव के हर दरवाजे पर रात में महफिल जमती थी। इसके लिए पहले से दिन तय होता था कि किस दिन किसके दरवाजे पर कार्यक्रम होगा। उस दिन लोग बड़े चाव से पकवान, मिष्ठान व अन्य खाने की वस्तुएं लोगों को खिलाते थे और अबीर लगाकर होली के आगमन की बधाई देते थे। होलिका दहन के दिन पूरी रात फगुआ गीतों की बयार चलती थी और रात में ही होलिका दहन भी किया जाता था। रात में चौताल(उतार चढ़ाव के चार ताल) शुरू होता था। मंदोदरि कहत पुकारी, हरि लायो है जनक दुलारी। अकिलिया है मारी..। ढोल, मजीरे व हारमोनियम की ताल पर लोग ठुमके लगाते थे। बीच-बीच में बारहमासा गीत भी होता था। बालम बंगलिनियां लुभाए, वहका बरहौ महिनवां रोवाए, गजब दुख ढाये..। डेढ़ ताल में भी खूब रस होता है। घर से निकलब दुर्लभ होइगा दइया, नारि नई देखि गेछै कन्हैया...। रविवार की रात परसपुर नगर के राजा टोला में आयोजित फ़ाग के राग कार्यक्रम में बड़े बुजुर्ग व बच्चों ने मिलकर जमकर होली गीत गायन किया। ढोल मजीरा की थाप पर होली गवैयों ने बारी- बारी एक से बढ़कर एक चौताल, डेढ़ताल, दोतल्ली, मतवाला होली गीत प्रस्तुत किया। युवाओं ने देर रात तक होली गीतों पर खूब मस्ती की। देव शंकर सिंह, विपिन सिंह, सचिन सिंह, आकाश सिंह, उदय सिंह, शिवांश, कमल किशोर सिंह, लल्ला सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे हैं। फ़ाग गवैया देव शंकर कुशवाहा ने बताया कि फागुन माह लगते ही घर- घर चौपाल में चौताल, डेढ़ताल का मधुर गीत गायन शुरू हो जाता है। फगुआ गीत गवैयों की टोली घर- घर पहुंच कर पारंपरिक गीतों को गाकर बुजुर्गों की विरासत को जीवित किये हुए हैं। दुर्गा प्रसाद मौर्या ने बताया कि आधुनिक दौर में होली उत्सव में चौताल गायन की परंपरा अब विलुप्त सा हो रही है। फागुन मास प्रारंभ होते ही होली की तैयारी को लेकर पहले काफी उत्साह रहता था। बुजुर्ग बताते हैं कि बड़े बुजुर्ग युवाओं की टोलियां घर-घर घूमकर चौताल डेढ़ताल होली में फाग गाने निकलती थी। अब डीजे के अश्लील गानों के चलते फाग के राग व रंग भी प्रभावित हो रहे हैं। बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों से युवा शहरों में पलायन होने से गांवों में होली गायन की परंपरा कम होती जा रही है जिससे फाग गाने व ढोलक की थाप सुनने के लिए लोगों के कान तरस गए हैं।



होली व फगुआ गीत गाते युवा व होली खेलते लोग।



(फाइल फोटो)



पहला रोजा

शिया
सहरी : 04:57 बजे
इफ्तार : 06:20 बजे

सुन्नी
सहरी : 04:43 बजे
इफ्तार : 06:09 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### अभियान चला डेढ़ हजार वाहनों के काटे चालान

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस ने करनैलगंज बस स्टॉप से गोंडा लखनऊ मार्ग, कटरा बाज़ार मार्ग और परसपुर मार्ग से होकर आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग कराई जिसमें चार पहिया और दो पहिया के करीब 19 वाहनों का चालान किया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, चौकी प्रभारी आशीष वर्मा, इंस्पेक्टर अपराध शंभू सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम प्रकाश आदि रहे।

### दो वॉटर कूलर का विधायक ने किया लोकार्पण

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** नगरीय पेयजल योजना के तहत नगर में लगाए गए दो वॉटर कूलर का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक विनय द्विवेदी ने किया। विधायक ने कहा कि नगर पंचायत खरगूपुर के दो वार्डों में वॉटर कूलर लगने से यहां के निवासियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार रस्तोगी डॉ हजारी लाल तिवारी सोहनलाल भारती संतोष श्रीवास्तव संतोष गुप्ता सहित भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

### तीन वांछित गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी की टीम ने वांछित चल रहे नगवा निवासी अमरजीत, नौबस्ता निवासी बच्चा राम, सेहरिया निवासी संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है।

# क्षेत्र पंचायत रुपईडीह में नहीं खर्च हुए 14 करोड़

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में सच आया सामने, 125 कार्यों के प्रस्ताव आए, हुआ अनुमोदन

रुपईडीह, गोंडा

**अमृत विचार :** डेढ़ साल के बाद क्षेत्र पंचायत के ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रसन्न दिखाई दिए। बैठक में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मिलाकर 125 निर्माण कार्यों के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि राज्य वित्त व 15वें वित्त का 14 करोड़ 47 लाख से अधिक रुपए खाते में डंप है जिसके एवज में कार्य नहीं कराया गया।

क्षेत्र पंचायत के सदस्यों की बैठक 18 मई 2022 को ब्लॉक मुख्यालय पर संपन्न हुई थी। इसके पश्चात क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक न होने से क्षेत्र पंचायत का सारा कार्य ठप था। ब्लॉक प्रमुख बबिता सिंह विकास कार्यों में प्रशासन का सहयोग न मिल पाने के कारण न्यायालय चली गईं। इसके बाद 15 दिन पहले खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव से संतोषजनक वार्ता होने के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 11 मार्च को निर्धारित की गई। पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 11 मार्च सोमवार को ब्लॉक प्रमुख बबिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आए डीपीआरओ ने स्वच्छता मिशन पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्लॉक की ग्राम पंचायत को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है फिर भी यदि किसी परिवार को शौचालय की आवश्यकता है तो वह ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध कराए। जाँच कर पात्रता के आधार पर उस परिवार को शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन धनराशि आवंटित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एजेंडा के अनुसार चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र पंचायत के खाते में राज्य वित्त आयोग के तहत 8 करोड़ 51 लाख रुपए तथा 15वें वित्त आयोग के तहत 5 करोड़ 96 लाख 79 हजार रुपये को मिलाकर कुल 14 करोड़ 47 लाख 79 हजार रुपए खाते में पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के सफल संचालन व गांव की जनता की समस्या का मौके पर निस्तारण किए जाने के लिए पंचायत सचिवों को हर ग्राम पंचायत में उपस्थित होने के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी आजम खान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर चर्चा करते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में उक्त मिशन के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिलाकर 665 महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। इन समूह में से 200 समूहों का सीसीएल हो चुका है। मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार सोनी ने मनरेगा पर चर्चा करते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायतों व ग्राम पंचायतों को मिलाकर चार लाख 93 हजार 222 मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डा निशांत यादव ने बेसहारा पशुओं से हो रहे फसलों के नुकसान पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिलाकर चार गो आश्रय केंद्र संचालित किया जा रहा है तथा नगर पंचायत खरगूपुर में एक कान्हा गोशाला व एक काजी हाउस संचालित है। अन्य ग्राम पंचायत में गो आश्रय केन्द्रों के निर्माण के लिए कार्रवाई चल रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख बबिता सिंह ने सभी अतिथियों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का स्वागत करते हुए विकास कार्यों में पूर्ण रूप से सहयोग दिए जाने की अपेक्षा की। सपा नेता सूरज सिंह, महेश सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, अमित अवस्थी, मदन मोहन पांडेय, माता प्रसाद पांडेय, कृपाराम मिश्र, सत्य प्रकाश तिवारी, विश्वनाथ शर्मा, उत्तम चंद्र दुबे, अख्तर अली, द्वारिका वर्मा, दुर्गा प्रसाद, रमेश वर्मा, हनुमंत लाल मिश्र, मोहम्मद शब्बीर, केसरी नंदन पांडेय, जनार्दन, रिंकू ओझा, काली प्रसाद शुक्ल, धनुर्धर पांडेय, प्रेमधर उपाध्याय, माता प्रसाद पांडेय, पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, गरिमा यादव, अजय पांडेय आदि रहे।



क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेतीं प्रमुख बबिता सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मोहिनी दादी की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि



श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग सेवा केन्द्र पर सोमवार को संस्था की प्रमुख दादी हृदय मोहिनी की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान ब्रह्मा वत्सों ने दादी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। ब्रह्माकुमारी अनामिका ने अपने संबोधन में दादी जी के संस्मरण का उल्लेख किया। इस दौरान बीके इंद्रजीत, रामेंद्र नारायण, ज्ञान चंद, अनूप, सुनील, राधे श्याम मिश्रा, पंडित प्रताप नारायण मिश्रा, पंडित रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, शकंर भाई, रागिनी, गरिमा, पिंकी, मन्ना, बबिता, ममता, पूनम, शंकुतला, सुंदरपति, मिथलेश, मंजू, रेनू, अनुष्का समेत काफी संख्या में भाई-बहन शामिल रहे।

### अब एएनएम और आशाएं करेंगी टीकाकरण कार्य



प्रशिक्षण लेती एनएनएम व आशा। अमृत विचार

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** सोमवार को मुजेहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समस्त एएनएम व आशाओं का प्रशिक्षण कराया गया। अब तक आशाएं रजिस्टर पर लिस्ट बनाती थीं जिन बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण तथा जांच करना होता था।लेकिन अब आशाएं सीधे पोर्टल पर काम करेंगी जिससे टीकाकरण सूची को ट्रैकिंग करना आसान होगा। बीसीपीएम राकेश मौर्य ने बताया कि यदि टीकाकरण का कार्ड कभी खो भी जाए तो पोर्टल पर वह अपलोड रहेगा और लोग जब चाहें उस पर टीकाकरण की डिटेल देख सकते हैं। प्रशिक्षक अम्मरीश कुमार, डाटा आपरेटर तथा बीपीएम विकास श्रीवास्तव, प्रशिक्षक अधीक्षक डाक्टर सुमन मिश्रा तथा एएनएम प्रतिभा, रंजना, सुशीला, राखी, संगीता व अन्य उपस्थिति रहीं।

### शोभा यात्रा निकालकर किया गया जागरूक



वजीरगंज में शोभा यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज कस्बे में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने भगवान शिव की झांकी की शोभायात्रा निकली। यात्रा कस्बे में घूम कर स्थानीय लोगों को तनाव युक्त जीवन के मिशन के बारे जागरूक किया गया। रेखा दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी आत्माएं हैं, सबके कार्य भी परमात्मा ने निर्धारित किया है। इस दौरान राहुल, सत्यम, गौतम, सुनील अशोक, राजेश, अमन, ममता, किरन काव्य, प्रेमसुधा, देवेंद्र, उर्मिला, मंजू आदि मौजूद रहे।

### जबधर्म की हानि होती है, प्रभु मनुष्य रूप में होते हैं अवतरित

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नारायण पब्लिक स्कूल धौरहरा घाट में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में अयोध्या के कथा व्यास आचार्य परम शंकर जी महाराज ने चौथे दिन की कथा में कहा कि जब-जब होय धर्म के हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी" तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरहि कृपानिधि सज्जन पीरा। श्रोताओं को भगवान की भक्ति की कथा का अमृत पान कराते हुए कथा व्यास ने कहा कि जब मानव का बल पराक्रम खत्म हो जाता है तब अपने भी पराए हो जाते हैं। कृष्ण जन्म की कथा के साथ जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास परम शंकर महाराज जी के सहयोगी संत आचार्य विनय कुमार प्रयागराज, आचार्य आशीष कुमार, आचार्य शिवम, आचार्य सतीश शुक्ल शास्त्रीय संगीत वादन संगीत से कथा में भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर यजमान घनश्याम पांडेय व जामवंती, अरुण कुमार, राजेंद्र पांडेय, अवनेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश आदि रहे।

### शिवानी सिंह बनीं जिला संयोजिका

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक अयोध्या में सम्पन्न हुई जिसमें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। अयोध्या कारसेवक पुरम में आयोजित विहिप की दो दिवसीय प्रांत योजना बैठक का समापन देर शाम हुआ। सांगठनिक जिले नंदिनीनगर गोंडा में दुर्गा वाहिनी आयाम के अंतर्गत जिला संयोजिका के रूप में शिवानी सिंह को मनोनीत किया गया। उनके इस दायित्व के लिए जिला समिति से कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह, जिला मंत्री विजय प्रताप, आनंद श्रीवास्तव, गोपाल सिंह, संतोष मौर्या, पंकज सिंह आदि ने खुशी जताई।

# चुनाव व त्योहार को लेकर जवानों ने किया रूट मार्च



खरगूपुर कस्बे में रूट मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान।

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** आगामी होली, रमजान पर्व व लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए फोर्स ने पैदल मार्च किया। सोमवार को क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह की अगुवाई में निकाला गया। पैदल मार्च स्थानीय नगर पंचायत के बस स्टॉप, गांधी चौराहा, इकौना मार्ग, आर्यनगर मार्ग व पुरानी बाजार, हनुमानगढ़ी चौराहा, भगवानदीन पुरवा, पृथ्वीनाथ विशुनापुर कस्बा, लोनावाला दरगाह आदि स्थानों से गुजरा। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि होली, रमजान पर्व व लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शासन के निर्देश पर पैदल मार्च किया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक लाल बिहारी, धीरेंद्र सिंह, अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ पुजारी को जमकर पीटा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अराजक तत्वों ने मंदिर में घुस कर तोड़फोड़ किया। विरोध करने पर पुजारी को पीट दिया। एक नामजद सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव में राम जानकी मंदिर के पुजारी रमेश दास ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की रात्रि में करीब 11:30 बजे जब वह अयोध्या से मंदिर पर आए तो देखा कि मंदिर में उनके कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे में जाने पर तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारने-पीटने लगे। पुजारी ने बताया कि गांव के दयाराम यादव से मंदिर का पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले उन्होंने मंदिर छोड़कर चले जाने की धमकी दी थी। दयाराम ने तीनों लोगों को भेज कर मंदिर में तोड़फोड़ कराई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पुजारी की तहरीर पर दयाराम यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# निपुण लक्ष्य में धौरहरा को पहला स्थान

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** बीआरसी मुजेहना में निपुण भारत मिशन के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया जहां परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के साथ ही आंगनबाड़ी वर्कर्स भी शामिल रहीं।

यहां पर निपुण लक्ष्य हासिल करने की अवधारणा को प्राप्त करने तथा इसके प्रचार प्रसार के बारे में उपयोगी जानकारियां दी गई। यहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुजेहना शेषराम बारी ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी मुजेहना हेमलता त्रिपाठी ने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षित करने के लिए सहज भाव प्रदर्शित करना चाहिए ताकि उन्हें खेल खेल में शिक्षा दिया जा सके। निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय धौरहरा ने निपुण लक्ष्य में पहला स्थान हासिल किया जिस पर बीईओ की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेहतर बाल वाटिका बनाने में सहयोग करने वाले ब्लॉक क्षेत्र के सभी 10 न्याय पंचायतों से 50 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। यूपीएस धानेपुर के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। इस दौरान एडीओ पंचायत गनेश प्रताप सिंह, शिक्षक हरि प्रसाद वर्मा, राजेश प्रताप मिश्रा, सुनील वर्मा, महेश चौधरी, राहुल वर्मा, शिवम पाठक, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



निपुण भारत अभियान के तहत बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

आयोजन | महर्षि अरविंद बाल शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा है शिविर

# एनएसएस शिविर में छात्राओं ने रचाई मेंहदी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला महाविद्यालय का एनएसएस शिविर महर्षि अरविंद बाल शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार कुरील के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक करुणेश पटेल एवं प्रवीण तिवारी ने योगाभ्यास कराया। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मौसमी सिंह एवं डॉक्टर नीतू सिंह के नेतृत्व में प्रतिभागियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें निर्णायक मंडल ने निर्धारित प्रथम स्थान उमरा मेराज, द्वितीय स्थान अर्चना मिश्रा और तृतीय स्थान एकता तिवारी को प्रदान किया। भोजन के उपरांत स्वयं सेविकाओं के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान रेनू सोनकर, द्वितीय स्थान राशी गुप्ता एवं तृतीय स्थान दीपा ने प्राप्त किया।



मेहंदी रचना प्रदर्शित करती छात्राएं। अमृत विचार

## मेहंदी प्रतियोगिता में शिवानी रहीं प्रथम



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं रामसुख पांडेय पीजी कॉलेज की छात्राएं।

**मसकनवा, गोंडा।** मां गायत्री रामसुख पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय योजना के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में छात्र-छात्राओं के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिवानी प्रथम, आराधना द्वितीय एवं श्रद्धा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का निरीक्षण गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता तनीषा सिंह एवं पूनम मिश्रा ने किया। शिविर के द्वितीय बौद्धिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें खुशबू कौशिकी, पल्लवी, लक्ष्मी, संध्या, विजय आदि ने वक्तव्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. कपिल देव वर्मा ने पौधरोपण व मृदा संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार पाठक, अविनाश कुमार तिवारी, आशुतोष मल्ल, राम महेश पांडेय, घनश्याम शुक्ला, अंकित तिवारी, वंदना आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश को बैठक

**गोंडा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए गठित समिति की बैठक हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि प्रवेश व प्रश्न पत्र की तैयारियों के संबंध में बैठक की गई। आवेदन पत्र वितरित कर दिए गए हैं। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि नियमानुसार प्रवेश व प्रश्न पत्र की व्यवस्था समय से पहले पूर्ण कर ली जाय। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरूनमोली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार, प्राचार्य डायट दर्जी कुआ आदि रहे।

### दो किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** श्रीदत्तगंज थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित के कुशल नेतृत्व में मार्डन थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने आसाराम वर्मा निवासी ग्राम नकटी कला, करमडीह कला, थाना इटियाथोक जनपद गोंडा के पास से दो किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गोंडा से उतरौला जाने वाले मार्ग से पहले चमरूपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

### एसीएमओ ने किया निरीक्षण, मिली खामियां

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** एसीएमओ आदित्य वर्मा ने बेलसर के रागड़गंज कस्बे में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की। सोमवार को एसीएमओ ने बेलसर के रगड़गंज में संचालित राज्य श्री अल्ट्रासाउंड सेंटर व अशोक अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की। खामियों को सुधारने के निर्देश दिए हैं।

# यूपी बोर्ड: कंट्रोल रूम से होगी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की निगरानी

## जिले के 4 मूल्यांकन केंद्रों पर जांची जाएंगी हाईस्कूल व इंटर की कापियां

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की निगरानी भी ऑनलाइन की जाएगी। कापी जांचने वाले परीक्षक सीधे अफसरों की नजर में रहेंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए स्थापित किए गए कंट्रोल रूम से मूल्यांकन की भी निगरानी होगी।

बोर्ड परीक्षा की सुचिता और पारदर्शिता को बनाए रखने के इस बार पूरी परीक्षा की निगरानी कंट्रोल रूम से करायी गयी। इसके लिए जिले के अलावा माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, गोरखपुर व लखनऊ में कंट्रोल रूम बनाया गया था। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले। कई जिलों में कंट्रोल रूम से गड़बड़ी पकड़ी गयी और उस पर समय रहते कार्रवाई भी की गयी। अब मूल्यांकन की निगरानी भी कंट्रोल रूम से की जायेगी। कॉपी जांचने वाले परीक्षक सीधे अफसरों की निगरानी में रहेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर उनकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। मूल्यांकन के लिए जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीद आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन को लेकर तैयारी की जा रही है। सभी सेंटर सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं। इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम से भी मूल्यांकन की ऑनलाइन निगरानी होगी।

### हरिजन आबादी की जमीन से कब्जा हटवाने के निर्देश

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सेमरा गांव में हरिजन आबादी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर एसडीएम ने उसे कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये हैं। गांव के अनुसूचित वर्ग के लोग शिवकला, शोभा, झानवती, निरहू, भवानी प्रसाद, दिनेश, परमात्मा, ददन ने पूर्व में भी समाधान दिवस में व एसडीएम से अवैध कब्जे की शिकायत की थी। जिसमें बताया है कि हरिजन के लिए आरक्षित भूमि पर दबंगों का कब्जा है जबकि उसके पात्रों को जमीन नहीं है। शिकायत के बाद कब्जा खाली न कराए जाने पर पीड़ित सोमवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन के तहसील अध्यक्ष हंसराज पांडेय, सचिव हरिशंकर पांडेय व अमित पांडेय के साथ मिलकर फिर से एसडीएम से शिकायत की। इसमें कब्जा न हटाने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। एसडीएम भारत भार्गव ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि पैमाइश करा कब्जा हटवाया जाएं।

सार-संक्षेप

### रास्ते पर किया जा रहा अतिक्रमण, डीएम से शिकायत



कॉलोनी छोटे लाल हाता को जाने वाले मार्ग पर अवैध छज्जा निर्माण। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** छत से छज्जा लटकाया जा रहा है जिससे रास्ता अवरुद्ध होने की संभावना है। मोहल्ले वासियों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत जिला अधिकारी से कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। नगर कोतवाली अंतर्गत बड़गांव पुलिस चौकी के समीप छोटेलाल हाता को जाने वाले रास्ते पर बने मकान से छज्जा लटकाया जा रहा है। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि 14 फुट का रास्ता छज्जा लटकाने के बाद अतिक्रमित हो जाएगा। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। यहां के रहने वाले विनोद कुमार गुप्ता द्वारा छुट्टी के दिन जबरन अवैध रूप से मकान से छज्जा निर्माण कराया जा रहा था। जब मोहल्ले वासियों ने इसका विरोध किया तो लोग मारपीट पर उतारू हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक इसकी सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने अवैध निर्माण को रोक दिया है। मोहल्ले वासियों में सौरभ, मनीष, संजय, आलोक, राज सिंह, मनीष शुक्ला सहित कई अन्य लोगों ने जिला अधिकारी से तत्काल अवैध निर्माण पर रोक लगाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### मिलजुल कर मनाएं त्योहार: एसडीएम



शांति कमेटी की बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** थाना परिसर में उप जिलाधिकारी भारत भार्गव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी होली व रमजान के पर्व पर सामाजिक बुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों से सामाजिक समरसता के साथ आपसी तालमेल से त्योहार मनाने की अपील की गई। साथ ही खुराफातियों व हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने की चेतावनी भी दी। क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा कहा कि उपनिरीक्षक हर होलिका स्थल का निरीक्षण करेंगे। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि पुरानी परंपरा के अनुसार त्यौहार मनाया जायेगा। उन्होंने रंग से परहेज करने वालों से होली के दिन घर से न निकलने की सलाह दी। बैठक में सभी से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी, दुर्गेश कुमार, रामधारी दिनकर, रामकेस भारती, हरि नारायन तिवारी, अनिरुद्ध यादव, कांस्टेबल सूरज उपाध्याय, अतुल सिंह, विनोद सोनी, राज नारायन यादव, रावत यादव, अमित कुमार पटेल, दीपक यादव, मनीष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य अंबरीश दत्त सिंह, ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल, एहसान, जगदंबा सिंह, राजेश सिंह, शिव पूजन सिंह, हामिद अली, विनोद सिंह, वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### शिव विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**गौरा चौराहा, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय बाजार पिपरा के बड़ी कोटही माता मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय महा शिवरात्रि कथा के तीसरे दिन वृंदावन से आयी कथा वाचिका राधे कृपा देवी साक्षी ने बहुत ही सुंदर तरीके शिव विवाह व शिव सती चरित्र का वर्णन किया। इसे सुनकर श्रद्धालु आत्मविभोर हो गए। इस मौके पर शिव विवाह की झांकी भी निकाली गई। इसमें धूमधाम से देवता, मुनि, भूत, गंधर्व के साथ बरात का वर्णन किया गया। देवी साक्षी ने कहा कि जब जब भगवान शंकर का श्रृंगार गणों ने किया हैं वह अद्भुत था। गले में मुंड माला, सर्प माला, शरीर पर भस्म व नंदी की सवारी थी। उन्होंने कहा कि विवाह का तात्पर्य धर्म के पथ पर चलना होता है। शिव विवाह की कथा में भक्तों ने झूम-झूम कर आनंद लिया। विवाह के उपरांत मानव जीवन की सृष्टि कहां से हुई और मनु सतरूपा का जन्म से लेकर सृष्टि की कथा कही।

### पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उनके घर पर पहुँच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री गांधी आदर्श इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राधेश्याम तिवारी (75) निवासी नरायनपुर माफी का रविवार देर शाम को लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। तिवारी एक सप्ताह पूर्व खरगूपुर से घर जाते समय बाइक अनियंत्रित हो गया और वह गिर कर घायल हो गए थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उन्हें लखनऊ के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सोमवार को उनके आवास पर विधायक विनय कुमार द्विवेदी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन शुक्ल, मंत्री देव नंदन तिवारी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सुब्रत राजन पांडे, दिनेश तिवारी सहित क्षेत्र के कई शिक्षक, वकील और जनप्रतिनिधियों ने अश्रुपूरित श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# निर्माण लिपिक को धमकाया पालिकाकर्मियों का हंगामा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** पालिका दफ्तर में सोमवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। साथी कर्मचारी के साथ हुई बदसलूकी से सभी आहत थे। कार्रवाई को लेकर जिद पर अड़े कर्मचारी यूनियन को पालिकाध्यक्ष उजमा राशिद ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब वे शांत हुए।

नगर पालिका में निर्माण लिपिक गिरधर स्वरूप ने बताया कि दोपहर 3 बजे वे जिला पंचायत गए हुए थे, वापस लौटकर ईओ कार्यालय में जैसे ही घुसे, पहले से अपने गुर्गों संग इंतजार कर रहे पालिका के पंजीकृत ठेकेदार अली खान ने उसे अपनी पत्रावलियां की जानकारी मांगी। जवाब सुनने से पहले ही अपशब्द कहने लगे और झापड़ मारने की धमकी दी। नगर विकास कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष रघुनाथ तिवारी, मंत्री अनिल सिंह और उपाध्यक्ष काजी हाशिम रसूल शारिफ की अगुवाई में तीन दर्जन से अधिक कर्मचारी पालिकाध्यक्ष के पास पहुंचे और पंजीकृत ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने व एफआईआर की मांग पर अड़े रहे। पालिकाध्यक्ष उजमा राशिद ने कर्मचारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि वो कर्मचारियों के साथ हैं। कर्मचारी यूनियन का पत्र अभी नहीं मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नए सीएनजी परमिटों को मिली हरी झंडी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सोमवार को आयुक्त सभागार में मण्डल स्तरीय सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त, देवीपाटन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र ने नए सीएनजी परमिटों को हरी झंडी, वाहनों के निर्धारित किराए को लागू कराने के निर्देश, निर्धारित रूटों पर ही ई रिक्शा चलाये जाने के संदर्भ में निर्देश दिये हैं। यातायात की सुगंता एवं ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा के संचालन हेतु गोण्डा शहर में चार रूटों को निर्धारित किया गया है। रेलवे स्टेशन से पोर्टरगंज वाया बड़गांव, गुरु नानक चौराहा, एलबीएस चौराहा, अंबेडकर चौराहा, कचेहरी, रेलवे स्टेशन से सद्भावना वाया बड़गांव, मनकापुर बस स्टैंड, मिश्रौलिया चौकी से रोडवेज तिराहा होते हुए वाया, एलबीएस से आईटीआई चौराहा होते हुए झझरी तिराहा तक, मिश्रौलिया चौराहा से सोनी गुमटी वाया रोडवेज, गुरु नानक चौराहा गुड्डूमल्ल, डब्बूमल्ल, महाराजगंज, मनकापुर बस अड्डा। गोंडा शहर के पते पर लगभग 2500 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें से 1700 ई-रिक्शा के लिए रूट वार नंबरिंग कर दी गई है। इस दौरान जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, सीडीओ गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा उमाशंकर यादव, संभागीय परिवहन अधिकारी अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



डीएम व सीडीओ के साथ बैठक करते आयुक्त। अमृत विचार

# हादसे में बाइक सवार बालक समेत 3 लोगों की मौत

हादसा

▸▸ बलरामपुर के विसेनपुरवा गांव के रहने वाले थे तीनों, एक घायल

गोंडा कार्यालय







**अमृत विचार :** गोंडा उतरौला मार्ग पर धानेपुर थाना क्षेत्र के गुमड़ी घाट के समीप सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार बालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। गुमड़ी घाट के समीप किसी वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी और फरार हो गया। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में भर्ती कराया गया है।

बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुमडी के मजरा विशेनपुरवा के रहने वाले मनोज वर्मा(22), राजकुमार यादव(22),अमित यादव (12) व ढकहीजोत के रहने वाले सुरजीत यादव (13) एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से बाबागंज की तरफ जा रहे थे। गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर गुमड़ी घाट पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। इस हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मनोज, राजकुमार व अमित को मृत घोषित कर दिया जबकि सुरजीत को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज थानाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि धानेपुर थाना क्षेत्र के गुमड़ी घाट जंगल में हादसा हुआ है जिसमें बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत गुमडी के मजरा विशेनपुरवा के मनोज,अमित यादव व राजकुमार यादव की मौत हो गई।

### वाहन की टक्कर से गई बाइक सवार की जान

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली देहात अंतर्गत चेतपुर निवासी विजय सिंह (23) पुत्र भूपेंद्र कुमार सिंह जिला मुख्यालय से सोमवार को बाइक से घर जा रहे थे। नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा-अयोध्या मार्ग स्थित पुलिया के समीप किसी ट्रक की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची।

# विजय बने सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव

मसकनवा, गोंडा



**अमृत विचार :** गौरा विधानसभा के ग्राम भदुवा निवासी विजय यादव को समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किये जाने पर उनके शुभचिंतकों में काफी हर्ष का माहौल है। लोगों ने उनके घर पहुंचकर इस उपलब्धि पर मुबारकबाद दी है।

विजय यादव जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं। जिसमें वह दूसरे स्थान पर थे। यादव लम्बे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव और समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव समाजवादी निष्ठा को देखते हुए विजय यादव को अपने फ्रंटल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह देते राष्ट्रीय सचिव की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन की खबर जैसे ही उनके गृह नगर भदुवा पहुंची तो उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने उनके घर पहुंचकर उनके परिजनों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# लोकसभा चुनाव में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



फ्लैग मार्च करते पुलिस बल व सीआईएसएफ के जवान। अमृत विचार

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। अगर किसी ने भी किसी प्रकार का अफवाह फैलाया तो कार्रवाई तय है। रविवार को महराजगंज तराई थाना क्षेत्र में केंद्रीय पुलिसबल व स्थानीय पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया गया। जवानों ने लोगों को अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को प्रेरित किया। क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योतिश्री व प्रभारी थाना अध्यक्ष मुनीश दुबे के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर उमेश पाल, दिग्विजय यादव, शत्रुहन सिंह, हामिदरज़ा, चंदन पाठक, अवधेश कुमार आदि रहे।

# सुआंव नदी से बड़े तालाबों को जोड़ने की बनाएं कार्ययोजना

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** बाढ़ आपदा प्रबंधन व 120 किलोमीटर लंबी सुआंव नदी के पुनरुद्धार व सौंदरीकरण के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार किए जाने के लिए डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। बैठक में सुआव नदी का एक्शन प्लान तैयार किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सुआंव नदी के पुनरुद्धार से जनपद के कई क्षेत्रों को बाढ़ जैसी आपदा से निजात मिलेगी। सुआव नदी को बड़े तालाबों के साथ जोड़ा जाएगा। जिससे कि भूमिगत जल स्तर ऊपर उठेगा एवं वृहद पैमाने पर सिंचाई में भी उपयोग किया जा सकेगा। बैठक में डीएम ने कहा की गंदे नालों का पानी सुआव नदी में ना मिले, इसके लिए नगर पालिका द्वारा अतिशीघ्र फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि चिन्हित कर ली जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, एसडीएम व तहसीलदार को प्राथमिकता के साथ एफएसटीपी हेतु भूमि का चिन्हांकन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा सर्वे करते हुए सुआव नदी के तट पर पार्क व रमणीय स्थल विकसित किए जाने, फसाड लाइटिंग आदि लगाए जाने की कार्ययोजना बनाई जाए। वन विभाग द्वारा सुबह नदी के तट पर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किए जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली जाएं। डीएम ने कहा की सुआव नदी की मेनस्ट्रीम धारा में डिसिल्टिंग के लिए सिंचाई विभाग एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना बनाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सुआव नदी में पूरे वर्ष जलधारा बहती रहे इसके लिए डीएम द्वारा नवीन पहल की गई। उन्होंने कहा कि सुआव नदी को बड़े तालाबों के साथ जोड़े जाने की कार्ययोजना बनाई जाए। बाढ़ जैसी आपदा व भारी बारिश के दौरान सुआव नदी के माध्यम से तालाबों में पानी जाएगा। बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, डीएफओ एम सेम्मारन वह अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

कार्यक्रम — कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन किया गया जागरूक

# एक रोटी कम खाओ लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाओ

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को 'एक रोटी कम खाओ लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाओ' जैसे स्लोगन के साथ जागरूक किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों को 7 टोलियों में बांटकर ग्राम सीर पुरवा, कचनापुर डीहा,बसुआ एवं नेपाल पुरवा आदि गांवों में भेजा गया जहां स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

द्वितीय सत्र के बौद्धिक कार्यक्रम का शीर्षक आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वयंसेवियों को बताया कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ-साथ हमारे युवा वर्ग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक रवीन्द्र प्रताप सिंह ने स्वयंसेवियों को बताया कि आपदा केवल बाढ़ और भूकंप ही नहीं सामान्य जीवन में घटित होने वाली आपदाओं के लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। इस बौद्धिक कार्यक्रम में स्वयंसेवी खुशी शुक्ला शिवदीप वर्मा, सना, रिंकी जोशी, अलकमा, खुशी गौड़ आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कार्यक्रमाधिकारी विजय यादव, ममता मिश्रा, प्राध्यापक जगन्नाथ तिवारी, त्रिपुरारी दुबे, रविंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र बहादुर सिंह, विनोद पांडेय, प्रेम तिवारी, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, अमित सिंह, पवन कुमार मिश्र, रवी सिंह, उमेश पाठक,यदुनाथ पांडे, स्वामी नाथ चौधरी शिवकुमार, मार्शल स्टालिन आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों को समझाती व जानकारी लेतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज के प्राथमिक विद्यालय बौगड़ा में आयोजित वार्षिकोत्सव में नन्हें मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधान शबाना व प्रधानाध्यापक अशोक द्विवेदी ने बच्चों के मेधा की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं में गौरव, हरिओम, निराली, रुपाली, शाहबाज , शाहनवाज, पायल, लाडली, शिवानी, सरिता, नेहा, प्रगति आदि ने नृत्य, नाटक समूह, स्वागत व देश गीत प्रस्तुत कर आगंतुकों का मन मोह लिया। प्रधान प्रतिनिधि सरवर अली बच्चों के कलाकारी की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किया। इस दौरान नंदकुमार मिश्र, कृष्ण कुमार शुक्ल, नूरी आफरीन, शकील, वीरेन्द्र शुक्ल, चिल्हु, आदि मौजूद रहे।



**पहला रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.58 बजे
इफ्तार : 06.10 बजे

**नोट** : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### जमीनी विवाद में चटकीं लाठियां, आठ घायल

**पयागपुर, बहराइच** : जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच चटकी लाठियां, महिलाऐं सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेजा है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रायडीह में जमीनी विवाद को लेकर रविवार की रात्रि में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गया। जिसमे आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हो गए। जमीनी विवाद काफी दिनों से चल रहा था, जिसको लेकर रविवार की रात्रि में दोनों पक्ष लड़ गए। जिसमें एक पक्ष से पारसनाथ, प्रवेश कुमार, सुंदर पता, निधि, को गंभीर चोटे आई तो वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से रामावती पत्नी प्रहलाद, राधा देवी पत्नी कैलाश, मोहित, अनीश कुमार को चोटे आई। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सिंगल विंडो की नोडल अधिकारी बनी नगर मजिस्ट्रेट

**बहराइचः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिंगल विन्डो सिस्टम स्थापित कर ऑनलाइन प्लेटफार्म 'सुविधा' द्वारा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान की जायेगी।

यह जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन में चुनाव प्रचार से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने के लिए कलेक्ट्रेट बहराइच में सिंगल विन्डो सिस्टम स्थापित करते हुए विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने हेतु नगर मजिस्ट्रेट, बहराइच शालिनी प्रभाकर को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिनके द्वारा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सिंगल विन्डो सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफार्म 'सुविधा' पर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान की जाएगी।

# बहराइच में भी करंट से बस में लग चुकी है आग

- बक्से से बस में उतरा था करंट, 50 से अधिक बरातियों की हुई थी मौत
- नीचे लटक रहे तारों से निरंतर हो रहे हादसे

**राजू जायसवाल,बहराइच**

**अमृत विचार :** गाजीपुर में सोमवार को हुई घटना ने बहराइच की घटना की याद ताजा कर दी। कुछ इसी तरह 14 वर्ष पूर्व जिले के कुड़वा में बरातियों से भरी बस करंट की चपेट में आ गई थी, जिसमें कई बराती जिंदा जल गए थे। जबकि हादसे में एक बालिका समेत तीन लोग ही बचे थे। पूरी बस जलकर राख हो गई थी।

बिजली विभाग की जरा सी लापरवाही कई लोगों की जिंदगी को अपने आगोश में ले लेती है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण क्षेत्र में नीचे लटकते बिजली के तार हैं। लेकिन जो तार अधिक नीचे हैं, वे आए दिन हादसे को दावत देते हैं। सोमवार को गाजीपुर जिले में बरात लेकर जा रही बस में करंट लगने से आग लग गई। जिसमें कई लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। गाजीपुर की इस घटना ने बहराइच जिले के विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडवा में हुई अग्निकांड की घटना को ताजा कर दिया है। वर्ष 2009-10 में बस से बराती कुड़वा ग्राम पंचायत में गए थे। इसके बाद सभी वापस लौट रहे थे। बस के ऊपर लोहे का बक्सा और साइकिल रखी थी।

मिहिपुरवा-कुड़वा मार्ग पर नीचे लटकी एचटी लाइन की चपेट में बक्सा आ गया। वैसे ही पूरे बस में आग लग गई। बराती आग लगने से जिंदा जलने लगे थे, चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। कुछ ही देर में पूरी बस जल गई थी। बस में 50 से अधिक बरातियों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। यह घटना पूरे देश में छाई रही। बहराइच की यह घटना ने गाजीपुर में हुए घटना की याद दिला दी।

### बालिका समेत तीन की बची थी जान

नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी वरिष्ठ नागरिक बलराम तिवारी ने बताया कि लगभग 14 से 15 वर्ष पहले बस जली थी। जिसमें एक बालिका प्लास्टिक की बाल्टी में होने के चलते बची थी। जबकि दो अन्य लोग उसी के सहारे बच गए थे। आग की घटना में 50 से 60 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी।

**एक नजर**

### पांच हजार के इनामी को पुलिस ने पकड़ा

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन वर्ष से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके ऊपर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा जिले के पुलिस कर्मियों को अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। उसी के तहत पुलिस इनामी और गैर इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रही है। मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग के साथ तीन वर्ष पूर्व दुष्कर्म की वारदात को लीलापारा गांव निवासी आरोपी व्यक्ति ने अंजाम दिया था। केस दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी सऊदी अरब भाग गया था। काफी प्रयास के बाद गिरफ्तारी न होने पर तत्कालीन एसपी ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया जिस पर सोमवार को हलीम निवासी लीलापारा थाना मटेरा को पकड़कर न्यायालय रवाना किया।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

**बहराइच :** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 12 मार्च को अपरान्ह 4 बजे इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नगर विकास विभाग तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यकम विभाग की परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास का कार्यक्रम प्रस्तावित है। एडीएम ने बताया कि जनपद में अवस्थित सभी नगर निकायों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा।

### 10 लीटर शराब बरामद

**रूपईडीहा, बहराइच :** थाने की पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने अंबारलाल पुत्र आत्माराम निवासी बालापुर गोडियनपुरवा अड़गोडवा थाना रूपईडीहा को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध आबकरी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक रामसुधार यादव, हेड कांस्टेबल गया प्रसाद पाण्डेय, अविनाश कुशवाहा, जितेन्द्र कुमार और अरुण कुमार चौहान शामिल रहे।

### छेड़छाड़ के मामले में जेल

**बहराइच :** कोतवाली देहात के मोहल्ला सरस्वती नगर जायसवाल गली निवासी कुंवर सिंह उर्फ पिंटू लोधी के विरुद्ध एक नाबालिग ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कराया है। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि सोमवार को उप निरीक्षक विकास कुमार वर्मा, सिपाही शशांक यादव और जितेंद्र कुमार की टीम ने अभियुक्त को मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच :** खैरीघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत अलीपुर निवासी वसीम पुत्र सलीम के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और धमकी देने का केस दर्ज पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सोमवार को उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव और हेड कांस्टेबल दयानंद सिंह की टीम ने वसीम को गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नपं में ताला लगने से नगरवासी मायूस

## कर्मियों का भी है अभाव, मामला कोर्ट में होने का हवाला दे रहे जिम्मेदार

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत में चल रही वर्चस्व की जंग में नगर की जनता पिसती जा रही है। एक सप्ताह बीतने को है नगर पंचायत कार्यालय में ताला लटका रहा है। नगर का हाल बेहाल है, साफ सफाई के साथ ही विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है।

पयागपुर नगर पंचायत आदर्श नगर पंचायत है। लेकिन नगर पंचायत में लम्बे समय से चल रही खींचातानी थमने का नाम नही ले रही है। नतीजन जगह जगह लगे कूड़े करकट के ढेर, विधुत पोलो पर लगी खराब स्ट्रीट लाइटें, बदहाल पड़े हैंडपंप, चोक हो चुकी नालियाँ नगर के बदहाली की दास्तां बयाँ कर रहीं है। नव निर्वाचित अध्यक्ष के वित्तीय व प्रसासनिक अधिकार 29 फरवरी से सीज है। उपजिलाधिकारी की देखरेख में व्यवस्था का संचालन दो फरवरी से हो रहा है, लेकिन हालात वहीं है। व्यवस्था में कोई सुधार नही हुवा। नगरवासी जहां सुविधाओं से वंचित है वहीं समूचे नगर में व्याप्त गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। सूत्रों की मानें तो लगभग 80 करोड़ रुपये नगर के विकास के लिए मौजूद हैं। फिर भी बीते 10 माह से कोई काम न होना, सिर्फ कोर्ट का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेना लोगों को नागवार गुजर रहा है। मौजूदा हालात में नगर पंचायत कार्यालय में ताला लगा हुवा है ऐसे में नगर की जनता मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कहाँ जाए, जिसको लेकर नगरवासी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार देख रहीं प्रमिता सिंह कभी कभी मीटिंग बैठक में ही नजर आती हैं, सिर्फ एक बाबू के भरोसे चलने वाला कार्यालय अब सूनसान व वीरान है। लोगों की माने तो हालात में सुधार होने के संकेत कम ही नजर आ रहे हैं। ऐसे में आदर्श नगर पंचायत का तमगा लगाये पयागपुर की नगर पंचायत नरक पंचायत में तब्दील हो चुकी है।



नगर पंचायत में लगा ताला। अमृत विचार



सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

### सुधरेगी हर व्यवस्था

नगर पंचायत में कर्मचारियों का अभाव है या अन्य कोई समस्या है। इस पर पूरी नजर है। कोर्ट में केस चलने के चलते उसी हिसाब से कार्य करना है। नगर की सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

**-दिनेश कुमार एसडीएम, प्रशासक नगर पंचायत**

# युवक पर हमला कर किया मरणासन्न

**बहराइच**

**अमृत विचार :** एक घर में घुसकर पालतू कुत्ते ने पीपे में रखा आटा में मुंह मार दिया। इससे नाराज युवक ने कुत्ते को डंडा मार भगाया। इससे नाराज हमलावरों ने घर में घुसकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल को थाने लाए जाने पर मेडिकल को भेज दिया गया। उसे चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है ।

रामगांव थाने के गंभीरवा बाजार के मजरे टेपरहा निवासी चांद बाबू पुत्र छोटन अली के घर में रविवार रात पड़ोस के ही व्यक्ति का पालतू कुत्ता घुसा। कुत्ते ने कंटेनर में रखे आटा को खाने लगा। यह नजारा देख नाराज चांद बाबू ने डंडे से मार कुत्ता भगा दिया। जिससे नाराज पड़ोसी ने घर में घुसकर चांद बाबू की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर व शरीर पर चोट लगने पर गंभीर हालत में उसे थाने लाए जाने पर पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भेजा हैं। जहां उसका इलाज चल रहा है। जिसकी जानकारी देते हुए चांद बाबू की पत्नी ने बताया कि उसके घर में गुलशन का कुत्ता उसके यहां आकर उसके आटे को झूठा कर दिया था। इसके बाद चांद बाबू ने कुत्ते को मार कर भगा दिया। जिससे नाराज गुलशन व उनके साथियों ने चांद बाबू को लात घुसो लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। वही इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया की चांद बाबू नाम का एक युवक मारपीट के मामले में आया था। पुलिस के ओर से मेडिकल परीक्षण कराया गया है। भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष शशिकुमार राणा ने बताया कि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

## सुरक्षा व शांति हर नागरिक की जिम्मेदारी

**बहराइच, अमृत विचार:** रामगांव थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा के साथ शांति की जिम्मेदारी सभी नागरिक को है। ऐसे में सभी शांति बनाए रखें।



पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते सीओ।

रामगांव थाना परिसर में सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक के मुख्य अतिथि सीओ अनिल कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा रहे। सीओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाई चारा बढ़ाते हैं। ऐसे में सभी को आपसी मन मुटाव दूर कर एकता बनाए रखना चाहिए। सीओ ने कहा कि सुरक्षा के साथ प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा पुलिस से पहले ग्रामीणों की है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने कहा कि कहीं भी होलिका दहन या अन्य कोई स्थल को लेकर विवाद है तो पुलिस को मामले से अवगत कराएं।पुलिस उसका निस्तारण कराएगी। जो भी नियम विरुद्ध कार्य करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक के दौरान हिंदू और मुस्लिम समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भेड़िया पकड़ने में नाकाम साबित हो रहा वन विभाग, ड्रोन की ले रहे मदद

**महसी, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले में बाघ और तेंदुए के बाद आबादी क्षेत्र में जंगली भेड़िया का हमला बढ़ गया है। रविवार की रात मिश्रनपुरवा गांव में मां की गोद में सो रही तीन वर्षीय मासूम बालिका को भेड़िया जबड़े में दबाकर उठा ले गया। पहले भी भेड़िया एक बच्चे समेत आधा दर्जन लोगों पर हमला कर घायल कर चुका है। वन विभाग के लाख कोशिश के बाद भी भेड़िया पकड़ से दूर है। ग्रामीण दहशतजदा हैं।

हरदी थाना के मिश्रनपुरवा में तीन वर्षीय मासूम सायरा घर के बरामदे में टीन शेड के नीचे अपनी मां आयशा की गोद में सो रही थी। देर रात भेड़िया दबे पांव वहां पहुंचा और मासूम को जबड़े में दबोचकर भागने लगा। मां आयशा के शोर मचाने पर आसपास के लोग उसके पीछे दौड़े, लेकिन अंधेरे में भेड़िया मासूम को लेकर गन्ने में छिप गया। सुबह ग्रामीणों को खेत में बालिका का फटा हुआ फ्राक व खून बरामद हुआ। जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी मोहम्मद शाकिब वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने गन्ने की फसल को खंगाला, लेकिन भेड़िया व बालिका का पता नहीं चल सका। वन विभाग के पिंजरे और जाल भी भेड़या को पकड़ने में नाकाम हैं।



ड्रोन से भेड़िया पर नजर रख रहे वन कर्मी।

**सार-संक्षेप**

### पीड़ित महिलाओं की हर संभव मदद करें कर्मचारी

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के गेंद घर मैदान में स्थित वन स्टाफ सेंटर का सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने अब तक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संसाधनों की जांच की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर बहराइच का औचक निरीक्षण किया। सचिव ने सेंटर में सभी व्यस्थाओं को देखा। सभी दस्तावेज की जाँच की गयी और उनके द्वारा सभी रेजिस्टर देखा किया गया। सचिव ने वन स्टॉप सेंटर के काम की सराहना करते हुए सुझाव दिया। उनके द्वारा सुझाव भी दिया गया कि पीड़ित महिलाओं की और कैसे मदद कर सकते है, उनके लिए क्या क्या लाभ दिलाये जा सकते है। साथ ही साथ पीड़ित बच्ची से बात चीत कर उसका हाल पूछा गया। इस दौरान अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते सचिव।

### सांड के हमले में बुजुर्ग महिला हुई घायल, भर्ती

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत गंगापुर गांव में बुजुर्ग महिला खेत की तरफ पैदल जा रही थी। तभी अचानक सांड ने बुजुर्ग महिला को उठाकर पटक दिया। जिसे बुजुर्ग महिला बुरी तरह घायल हो गई। जिसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। रुपईडीहा थाने के गंगापुर गांव की बुजुर्ग महिला चमेली उम्र 65 वर्ष पत्नी जसकरन रविवार को खेत देखने के लिए जा रही थी। जैसे ही खेत के करीब पहुंची तभी बुजुर्ग महिला पर साड़ ने हमला कर दिया और उठाकर पटक दिया। जिससे बुजुर्ग महिला बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों के द्वारा किसी तरह बुजुर्ग महिला को बचाकर स्थानीय अस्पताल लेकर गए। जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर की टीम ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया। जिसे परिजन बहराइच अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। बेटे ने बताया कि वह अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल गया हुआ था। और उसका पिता एक रिश्तेदारी में मिट्टी हो गई थी। तो उसका पिता नेपाल गया हुआ था। बुजुर्ग महिला केवल अकेली थी। तभी उस पर साड़ ने हमला कर दिया। और बुजुर्ग महिला घायल हो गई। जिसे लेकर मेडिकल कॉलेज बहराइच लेकर आए हैं। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जंगल के फॉर्म में मृत मिला बाघ

**मिहीपुरवा, बहराइच,अमृत विचार :** सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत कठौतिया के निकट बगुलहिया फॉर्म में बाघ का शव सोमवार दोपहर में ग्रामीणों ने पड़ा देखा। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रेंज कार्यालय में शव रखवाया है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत कठौतिया गांव के निकट जंगल के किनारे मृत अवस्था बाघ का शव वन विभाग टीम ने बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक दोपहर को ग्रामीणों ने बाघ के शव को देखा जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। जिसके बाद घटनास्थल वन विभाग की टीम पहुच गयी। टीम के साथ मौके पर पहुचे डीएफओ बी शिवशंकर ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। डीएफओ से पूछे जाने पर उन्होंने घटनास्थल पर पहुचकर जानकारी देने की बात कही। वहीं जानकारी के मुताबिक बाघ का शव कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। डीएफओ का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

# अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**कैसरगंज/बौंडी**

**अमृत विचार :** जिले में सुरक्षा और आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस तैयारी में जुटी हुई है। सोमवार को कैसरगंज और बौंडी क्षेत्र मे पुलिस के साथ अर्ध सैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए बौंडी पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से बिना किसी दबाव व खौफ के मतदान करने की अपील की। इसके अलावा चेतावनी दी कि अराजकता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को बौंडी पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च से बौंडी, साईगांव, नौशहरा, मैलासरैया, खैराबाजार, डोकरी, कोदही, नंदवल, जैतापुर, राजा रेहुआ सहित अति संवेदनशील गांव से होते हुए बौंडी थाना पर संपन्न हुआ। बौंडी एसओ अंजनी कुमार राय ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी करने और अफवाह फैलाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी नागरिक होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करें। पुलिस प्रशासन आपके साथ खड़ा है। इस मौके पर उपनिरीक्षक अनुराग सिंह, गंगाराम, हरिनारायण यादव, सुशील कुमार, विवेकधर द्विवेदी, रामगोपाल वर्मा समेत एसएसबी जवान मौजूद रहे। उधर प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज के नेतृत्व में क्षेत्र के कस्बों का सुरक्षा बलों के साथ भ्रमण करके सभी को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने कहा कि उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर किसी ने भी त्योहार और चुनावी माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उसे तत्काल प्रभाव से जेल भेजकर सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी नागरिक अमन चैन के साथ आगामी त्यौहार होली, रमजान ईद खुशी के साथ मनाएं। पुलिस व सुरक्षाकर्मी उनके साथ हमेशा मौजूद हैं, किसी को किसी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज के स्थानीय थाने का पुलिस बल एवं अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।



कैसरगंज में फ्लैग मार्च करते अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार



बौंडी में फ्लैग मार्च करते अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार

**आयोजन**

**विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण,उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को सांसद ने किया सम्मानित**

# समूह की चयनित दीदियों के साथ पीएम मोदी ने किया संवाद

**बहराइच**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत चयनित लखपति दीदियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम एवं दीदीयों से संवाद कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की।

विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम के उपरान्त मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 स्वयं सहायता समूहो चित्तौरा की गीता, रेखा, माया, कंचन व गीता, तेजवापुर की रेनू मिश्रा, ज्योति शुक्ला, पूजा, ममता देवी व किरनबाला, फखरपुर की रीना साहनी, पायल चौरसिया, अरूणपति, विद्यावती व रानी, रिसिया की रीना देवी, भाग्य लक्ष्मी, नीलू, राम प्यारी व समुन देवी को प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आंधप्रदेश की एन.अनुराधा देवी, अरूणांचल प्रदेश अरूणमा देवी दास व गुजरात की राधिका देवी से संवाद करते हुआ आहवान्ह किया कि देश में 03 करोड़ दीदियों को लखपति बनाएं जाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक देश में 01 करोड़ से अधिक दीदियों को लखपति बनाया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी व एनआरएलएम के दीपक सिंह समेत समूह की महिलाएं शामिल रहीं।





बहराइच के विकास भवन में पीएम का चल रहा लाइव प्रसारण और महिलाओं को सम्मानित करते सांसद व मौजूद डीएम।

# विधायक ने अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण

**कैसरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत अलहियापुर में अन्नपूर्णा भवन विधायक ने लोकार्पण किया। इसके बाद इसके लाभ बताए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विशेन ने भवन का फीता काटकर शिलापट्ट का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी ने सम्बोधन में बताया कि लोकार्पित किए गए अन्नपूर्णा भवन पर राशन रखा जायेगा और यही से वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा की डबल इंजन की सरकार गरीबों के लिए हमेशा प्रयासरत है बिना भेदभाव किये सरकार सभी को मुफ्त राशन दे रही है। विधायक ने सरकार की योजनाओं का बखान किया। संदीप सिंह विशेन ने कहा की अन्नपूर्णा भवन से लाभ यह भी होगा कि लोगों को यहां से राशन वितरण के साथ ही, जेनेरिक दवाएं तथा घरेलू सामान कम दाम में मिलेगा। इन भवनों में जनसुविधा केंद्र की सुविधा भी होगी, जहां से जन्म, मृत्यु, आयु, जाति सहित सभी प्रमाणपत्र एक जगह से बन जाएंगे।ग्राम प्रधान राम सूरत ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन सी पी सिंह ने किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय, एपीओ आलोक मिश्रा तकनीकी सहायक अविनाश श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सचिव राकेश वर्मा, ग्राम प्रधान रामसूरतप्रधान वेद प्रकाश सिंह, रियाज अहमद,अनुपम सिंह, रामू सिंह, डॉ खतीब हुसैन, अजय सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार हरीश कुमार सिंह, ग्राम कोटेदार प्रेमलाल आदि लोग मौजूद रहे।



अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करते विधायक।

# सुनवाई न हुई तो एप इंस्टॉल कर देंगे शिक्षक

**बहराइच**



बीएसए कार्यालय में धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सोमवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ द्वारा बेसिक शिक्षा में किया जा रहे डिजिटलाइजेशन के विरोध में 18 सूत्रीय मांग के लिए धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौं पा गया।

धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने किया संचालन जिला महामंत्री डॉ प्रवीण श्रीवास्तव व जिला प्रवक्ता राधेश्याम कनौजिया ने किया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों की मांगों को न माना गया तो हम जो ऑनलाइन काम अपने मोबाइल से कर रहे हैं, वह सभी ऐप भी अनइनस्टॉल कर देंगे। कहा कि सरकार संगठन से वार्ता करें और शिक्षक समस्याओं को समाप्त करें। प्रांतीय प्रमुख संरक्षक राधा कृष्ण पाठक ने कहा कि समय रहते सरकार शिक्षक की मांगों को पूरा कर समस्या विहीन करें। प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र श्रीवास्तव ने सरकार को सावधान किया कि शिक्षक अगर सृजन करता है सृष्टि करता है तो वह विनाश भी करना जानता है। हम शैक्षिक कार्य करना चाहते हैं, हमें वह सभी संसाधन दिए जाएं, जिससे हम अच्छे से शिक्षण कार्य कर सके। प्रान्तीय उपाध्यक्ष एम सिराजुददीन न्यूटन ने शिक्षक एकता पर बल दिया। धरने को अनीस अहमद आशुतोष वर्मा, अतुल त्रिपाठी, बाबूलाल मौर्य, प्रदीप मिश्रा, बलवंत सिंह, राधेश्याम कनौजिया, सुमन संध्या सिंह, स्मिता शर्मा, पूनम श्रीवास्तव, यादगेंद्र यादव, सुभाष वर्मा, सुमन रस्तोगी, जय देवी, नमिता श्रीवास्तव, उबेदुर रहमान, अश्वनी सिंह मोहम्मद आसिफ, आशुतोष कुमार, अभिमन्यु वर्मा, नईम अहमद, विनोद कुमार भारती, गोपाल जी शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, इजहार उल हक, अलीम अहमद बलवंत सिंह, रामकुमार पाण्डेय, दारा सिंह, यतीन्द्र द्वेवेद्धी आदि शिक्षक नेताओ ने संवोधित किया। धरने में सैकड़ी शिक्षक उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ धाना सपाप्त हुआ।

# कोटा चयन में धांधली का आरोप, प्रदर्शन

**बहराइच**


डीएम को प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देने आए ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के पूरे गंगा प्रसाद ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कोटा चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले के अधिकारियों ने दबाव में आकर गलत तरीके से कोटे का चयन कर दिया है।

महसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे गंगा प्रसाद के मजरा कुबेर पांडे निवासी मंजू देवी पत्नी राजेश कुमार की अगुवाई में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने खंड विकास अधिकारी पर कोटे के चयन में धांधली करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि कोटा चयन का मामला देवी पाटन मंडल में विचाराधीन है। इसके बाद भी बीडीओ ने कभी सामान्य सीट तो कभी ओबीसी और अब सभी चुनाव लड़ सकते हैं का मामला बताते हुए एक पक्षीय तरीके से चुनाव करवा दिया। कोटा चयन में स्वयं सहायता समूह और अन्य नियमों को दरकिनार कर कोटे का चयन कर दिया है। जबकि सरकार का आदेश है कि समूह को कोटा दिया जाए। इसके बाद भी नियम विरुद्ध चयन की जांच कर कार्यवाई की मांग की है। ऐसे में सभी ने बीडीओ के कार्य शैली की जांच करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, गंगाराम वर्मा, तेज बहादुर, राजेश, रामू नीरज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आबादी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक दो मवेशियों को बनाया निवाला

**नानपारा, बहराइच :** नानपारा रेंज के ग्राम पंचायत कोटवा के पूर्वी क्षेत्र में तेंदुआ होने की आशंका को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दो तीन दिन में दो मवेशी तेंदुए का निवाला बन चुके हैं। बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवा के पूर्वी क्षेत्र में ग्राम वासियों द्वारा तेंदुए के होने की बात बताई गई है। ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोटवा के पूर्व स्थिति लिंगदी क्षेत्र में तेंदुए की होने की पुष्टि क्षेत्रीय लोगों द्वारा की जा रही है। इसका मुख्य कारण अब तक क्षेत्र में दो गोवंश को तेंदुये का निवाला बन चुका है। इस घटना से ग्राम वासियों में दहशत का माहौल है। सूचना देने के बाद भी वन विभाग द्वारा बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। इस मामले में ग्राम प्रधान से बात करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि उनके द्वारा नानपारा रेंज के अधिकारियों को 9 मार्च को ही अवगत करा दिया गया था। गौरतलब हो की नौ और 10 मार्च को दो मवेशी निवाला बन चुके अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है।

# देवपुरी धाम का 91.74 लाख से होगा विकास : विधायक

## पर्यटन विभाग से आवंटित हुई धनराशि, विधायक ने किया भूमिपूजन

**बौंडी, बहराइच**


विकास कार्य को लेकर पूजा करते विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** फखरपुर ब्लाक के जैतापुर कस्बा स्थित देवपुरी धाम के विकास के लिए पर्यटन विभाग ने 91.74 लाख रुपये निर्गत किए हैं। इन रुपयों से यात्री सेट, शौचालय, सीसी रोड, समरसेबल, पत्थर कुर्सियां, हाईमास्ट लाइटें लगाकर देवपुरी धाम का विकास किया जाएगा। विकास कार्य को पूरा कराने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद गोंडा को दी गई है।

विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने भूमि पूजन करने के बाद मौजूद लोगों से कहा कि भाजपा सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नित नई योजनाएं संचालित कर रही है। तीर्थस्थल व देवस्थान के विकास के लिए सरकार लगातार बजट निर्गत कर रही है। सरकार ने नैमिषारण्य धाम, काशी कारीडोर, चित्रकूट, मिर्जापुर, अयोध्या में बहुप्रतिक्षित राम मंदिर का निर्माण कराया। भाजपा की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। जब भाजपा के कार्यकर्ता कहते थे रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे तो बिपक्ष के लोग कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। आपने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई और भाजपा ने मंदिर बनाकर और भव्य उद्घाटन करके दिखा दिया। हम विश्व के कल्याण की भावना रखने वाले हैं। हम धर्म विशेष नहीं बल्कि पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं किंतु हम अपने देश को लूटने वाले आक्रांता अकबर को महान नहीं कह सकते। हमारे देश के लिए महान महाराणा प्रताप, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, सरदार भगत सिंह हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जैतापुर सर्वजीत सिंह, जिपंस जितेंद्र सिंह तरंगी, ओंकारनाथ चौरसिया, भरतलाल पांडेय, डीपी अवस्थी, प्रकाश पांडेय, संतराम पांडेय, उदयभान सिंह, रघुनंदन पांडेय, रमेश तिवारी, धर्मपाल गिरी, राजू शुक्ल मुनिजर शुक्ला, जानकी प्रसाद आर्य, विनोद चौहान, आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज के छात्रों को स्टडी रूम से मिलेगी बेहतर शिक्षा


स्टडी रूम का शिलान्यास करते सांसद। अमृत विचार

**रिसिया, बहराइच**

**अमृत विचार:** रिसिया के गायत्री पीजी कालेज में स्टडी रूम एवम हाल के निर्माण के लिए सांसद निधि से 20लाख रुपए दिए गए है। जिस भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन सांसद के द्वारा किया गया है। सांसद अक्षयवर लाल गौड़ ने भूमि पूजन करने के बाद बताया कि इस पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा की व्यवस्था करने में स्व कन्हैया लाल जी का बड़ा योगदान रहा है। इस विद्यालय में स्टडी रूम की कमी खल रही थी जो अब जल्द पूरी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के छात्र और छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लोग यहीं बेहतर जानकारी हासिल कर सकेंगे।इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डा सोहन लाल,प्रबंधक विश्वनाथ श्रीवास्तव, प्राचार्य दिव्य दर्शन तिवारी,डा मुरारी लाल,रीति मुरारी श्रीवास्तव,नंदन श्रीवास्तव, प्रोफेसर आशुतोष,रविंद्र,धर्मेंद्र सहित मौजूद रहे।

## युवती के साथ मारपीट मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार:** घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय बालक पर हमाकर पालतू कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। इस पर एतराज किए जाने पर हमलावर युवक ने घर में घुसकर युवती को मारा पीटा और गाली गलौज की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया। तो हमलावर की धमकी से युवती दहशत मे है। पयागपुर थाने के अमीनपुर सचौली गांव निवासनी सुधा का पति बाहर रहकर काम कर रहा है। जबकि सुधा गांव में वृद्ध सास ससुर के साथ रहती है। शनिवार सुबह लगभग नौ बजे सुधा का तीन वर्षीय बेटा आयुष को पड़ोस के राजू पुत्र कैलाश के पालतू कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। पूर्व में दो बार कुत्ता आयुष को काटकर घायल कर चुका था। कुत्ते को बांधकर न रखने पर सुधा के एतराज पर राजू ने घर में घुसकर सुधा के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता ने बालक का इलाज करवाकर थाने में राजू को नामजद कर केस दर्ज कराया है। जिस पर राजू की ओर से दी जा रही जानमाल की धमकियों से युवती दहशत मे है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई है।

# फर्जी दर्ज हो गया मारपीट और एससी एसटी एक्ट का केस


डीएम को शिकायती पत्र देने आए गांव के लोग। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सुमेरपुर के डेढ़ दर्जन ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायती पत्र लेकर पहुंचे। सभी ने रूपईडीहा पुलिस द्वारा पिता पुत्र पर दर्ज किए गए मारपीट और एससी एसटी एक्ट के मामले की जांच करवाकर न्याय दिलाने की मांग की। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर ग्राम पंचायत निवासी रहित अली और उनके पिता वारिस अली के विरुद्ध सोरहिया गांव निवासी ढूंढे उर्फ राकेश ने 17 फरवरी को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। जिसमें पिता पुत्र पर धमकी देने और मारपीट करने के साथ एससी एसटी एक्ट का धारा लगा है। जिसकी जांच सीओ राहुल पांडेय द्वारा की जा रही है। पिता पुत्र के समर्थन में सोमवार को गांव निवासी ननकू, अमन सिंह और छेदा समेत 16 लोग डीएम और एसपी के यहां पहुंचे। सभी ने दोनों अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर किसी दूसरे अधिकारी से जांच कर कार्यवाई किए जाने की मांग की। सभी का कहना है कि एक टेंट संचालक के कहने पर फर्जी तरीके से केस दर्ज हुआ है। सभी शपथ पत्र देकर पिता पुत्र को निर्दोश बताया है।

# शिक्षकों ने मांगों को लेकर दिया धरना, बीएसए को सौंपा ज्ञापन


शिक्षकों ने बीएसए को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने सोमवार को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने बीएसए को मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्री ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है कि सभी विद्यालयों को टेबलेट/मोबाइल, विभागीय आईडी से सिम, इंटरनेट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, विद्यालयों की सुरक्षा के लिये चौकीदार व चपरासी उपलब्ध कराया जाए। जब तक संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं तब तक डिजिटाइजेशन के आदेश पर रोक लगाई जाए। बेसिक शिक्षकों का भविष्य निधि खाता आनलाइन किया जाए। बेसिक शिक्षकों की प्रधानाध्यापक जूनियर हाई स्कूल एवं सहायक अध्यापक जूनियर हाई स्कूल, प्रधानाध्यापक प्राइमरी स्कूल पदोन्नतियां वर्षों से नहीं हुई हैं अबिलम्ब की जाएं। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। इसी तरह से 17140-18150 वेतन मान की विसंगति दूर की जाए। अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी लम्बित है कार्यमुक्ति की प्रक्रिया अबिलम्ब की जाए। इसी तरह से अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने नारेबाजी की। इस मौके पर दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## तो अब मरीजों को गर्मी में नही बहाना पड़ेगा पसीना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा व तीन अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सौर सयंत्र लगाए जाएंगे। बिजली की खपत को बचाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए देने के लिए सौर सयंत्रों की स्थापना की जा रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में लगे सोलर प्लांट का उद्घाटन एमएलसी साकेत मिश्र करेंगे। एमएलसी साकेत मिश्र के प्रस्ताव पर एनटीपीसी की ओर से सोलर प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना पर कुल एक करोड़ 62 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। श्रावस्ती जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने में बिजली की समस्या रुकावट न बने इसके लिए एमएलसी साकेत मिश्र ने देश की नामी कंपनी नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करके सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए अनुरोध किया था। कंपनी के अधिकारियों ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जिला मुख्यालय भिनगा स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर, सोनवा व भंगहा में एक करोड़ 62 लाख की लागत से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी दी है। इस पर अतिशीघ्र कार्य शुरू होने की संभावना है। सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित होने से अब जिला अस्पताल व संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्वाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसका लाभ जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के रूप में मिलेगा।

## दो किलो चरस पकड़ा, जेल रवाना

**बहराइच :** दरगाह पुलिस ने जांच के दौरान एक अभियुक्त दो किलो से अधिक चरस के साथ पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक शिवम कनौजिया की अगुवाई में पुलिस टीम अनारकली मार्ग पर दबिश देने के लिए रवाना हुई। यहां पर जांच के दौरान दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला मंसूरगांज निवासी बछाऊ पुत्र रसूल को दो किलो 65 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# 1.75 लाख किसानों को मिल रहा सम्मान निधि योजना का लाभ

**बहराइच**


राजकीय बीज भंडार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि और अधिकारी।

**अमृत विचार:** कैसरगंज में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार में श्री अन्न मिलेट्स योजनान्तर्गत तहसील स्तरीय मिलेट्स रोड शो एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह, कैसरगंज विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने शुभारंभ किया। श्री अन्न मिलेट्स से बने पकवानों की व्यवस्था उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों तथा किसाने हेतु की गई।

रोड शो का नेतृत्व करते हुए सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि सुनील सिंह ने उपस्थित किसानों को श्री अन् मिलेट्स का उत्पादन करने तथा उससे बने भोजन के उपयोग की सलाह दी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि श्री अन्न मिलेट्स के उपयोग से मानव स्वस्थ रहता है जिसके कारण बीमारियों पर होने वाला खर्चा बच जाता है। विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने उपस्थित लोगो को बताया कि पूर्व में हमारे पूर्वज द्वारा कोदो, सांवा, ज्वार, बाजरा मक्का की खेती कर पौष्टिक अन्न पैदा करते थे। आधुनिक परिवेश में पुराने खाद्यान को त्यागने तथा नये खाद्य पदार्थ जैसे बर्गर, पिज्जा एवं फास्ट फूड उपयोग करने से हमारे शरीर में हजारों प्रकार की बिमारिया उत्पन्न हो रही हैं। गौरव वर्मा ने उपस्थित किसानों को बताया कि हमारी विधानसभा में 01.75 लाख से अधिक कृषक परिवारों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। सोलर पम्प लगवाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर रहें हैं। सामाजिक कार्यकर्ता तथा महिला उत्थान के क्षेत्र में अग्रणी महिला कृषक किरन वैस द्वारा 250 किसानों के साथ रोड शो में प्रतिभाग किया गया । इस अवसर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे, उप संभागीय कृषि प्रसाद अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग सुबोध वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रेम शंकर सरस्वत सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा जगमोहन पंकज कुमार सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार कैसरगंज केवीके के वैज्ञानिक तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी सहित सैकडों कृषक महिला कृषक एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थिति रहे।

### सभी करें मतदान

रोड शो कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है। वह लोक सभा चुनाव में मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि राजकीय बीज भंडार से ही बीज और खाद लें। जिससे उन्हें सब्सिडी मिल सके।

## मारपीट में घायल जवान की इलाज के दौरान मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सेना में तैनात युवक छुट्टी लेकर घर आया था। जहां पर गांव में पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में घायल जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक इलाहाबाद यूनिट में तैनात था। ग्राम भगवानपुर बनकट गोसाईपुरवा थाना इकौना निवासी जोगेंद्र गोस्वामी उर्फ दद्दन छुट्टी लेकर एक माह पूर्व अपने गांव आया था। 5 मार्च को पट्टीदारों के बीच में मारपीट हो गई थी। जिसमें जवान जोगेंन्द्र गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया था एवं दोनों पक्ष के छह लोग घायल हुए थे। सभी घायलों को सीएचसी इकौना में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने जवान जोगेंन्द्र गोस्वामी की हालत गंभीर देखते हुए हेड इंजरी बताकर जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया था। जिला बहराइच में भी दवा इलाज के दौरान हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान इलाज के चलते मिलिट्री जवानों को सूचना मिलते ही घायल जवान को कमांडो अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराकर इलाज शुरू की गई जहां पर इलाज के दौरान आर्मी जवान जोगेंन्द्र गोस्वामी की रविवार को मौत हो गई। मौत की सुचना मिलते ही परिवार मे मातम छा गया। मृतक जवान का लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके घर लाया गया। इसकी सूचना इलाहाबाद आर्मी यूनिट को मिलते ही आर्मी के अधिकारी एवं जवान घायल फौजी को सलामी देने के लिए उनके गांव सोमवार सुबह पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और सलामी दी। सेना के जवान का अंतिम संस्कार इलाहाबाद यूनिवर्सिटी परिवार की मौजूदगी में कर दिया गया। बता दें कि मृतक जवान जोगेंद्र उर्फ दद्दन की शादी पयागपुर क्षेत्र में 10 वर्ष पूर्व रेखा गोस्वामी के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे भी है। मौके पर क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती व थाना गिलौला की पुलिस मौके पर शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही।

**कार्यक्रम** सभी मतदाता मतदान अवश्य करें तथा लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता निभायें

# डीएम व एसपी ने लगाई मतदाता जागरूकता चौपाल

**संवाददाता, श्रावस्ती**


मतदाता जागरूकता चौपाल को संबोधित करतीं जिलाधिकारी।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय बरगदही, देवरनिया में जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्राम वासियों से संवाद कर उन्हें स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान कराने हेतु अपील किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों को मतदाता शपथ भी दिलायी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा जिले में चौपाल लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसलिए सभी मतदाता मतदान अवश्य करें तथा लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता निभायें। उन्होने कहा कि मतदान के लिए व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि एक गणतांत्रिक देश में सबसे अहम होता है चुनाव और मत देना। यहां एक वोट भी सरकार और सत्ता बदलने के लिए पर्याप्त होता है। इसलिए मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के अपने विवेक से निर्णय लेकर मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा एसपी सिंह सहित सम्बन्धित बूथ के बीएलओ गण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व अन्य लोग मौजूद रहे। साथ ही साथ विकासखंड सिरसिया के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं विकासखंड इकौना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नत्थापुरवा में अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।


**कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर**

पत्रांक: 313/न0पं0कि0/2023–24 दिनांक 11.03.2024

सूचना/शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी, उर्स एवं अगहनिया मेला / पड़ाव की वसूली का ठेका वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03. 2025) तक के लिए नीलामी दिनांक– 11.03.2024 को समय 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार अम्बेडकरनगर में नियत थी उक्त बोली अपरिहार्य कारणो से निरस्त कर दी गयी थी उक्त बोली अब दिनांक– 13.03.2024 को समय 12:00 बजें कलेक्ट्रेट सभागार में की जायेगी। शेष शर्तें पूर्ववर्त रहेगीं।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत अशरफपुर
किछौछा अम्बेडकरनगर

**कार्यालय ग्राम सिसईरानीपुर, वि0खं0 छपिया, जनपद गोंडा**

पत्रांक: मेमो दिनांक: 11.03.2024

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना बर्ष 2023–2024 अंतर्गत ग्राम सिसईरानीपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में निम्न कार्य होना है–
1–राम प्रकाश वर्मा के घर से जानकी प्रसाद के घर तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य हेतु ईट, सीमेंट, मोरंग, बालू, मिट्टी आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर संपर्क करें। सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

चन्द्रमोहन प्रधान — रविकांत यादव सचिव

**कार्यालय ग्राम सकदरपुर, वि0ख0 छपिया, जनपद गोंडा**

पत्रांक: मेमो दिनांक: 11.03.2024

निविदा सूचना

अल्पकालीन निविदा वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम सकदरपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में निम्न कार्य होना है–
1– हरिप्रसाद मिश्र के पुरवा से नाला तक नाली निर्माण कार्य, 2–पानी के टंकी से लोचन के चक तक मिट्टी/खडंजा निर्माण कार्य हेतु ईट, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर संपर्क करें। सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

रमेश प्रसाद मिश्र प्रधान — रविकांत यादव सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई, वि0ख0–कटरा बाजार, जनपद–गोण्डा**

पत्रांक: मेमो दिनांक: 01.03.2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रांश वित्त आयोग योजनान्तर्गत वाटर टैंकर क्रय हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है, इच्छुक विक्रेता 13.03.2024 को शाम 4 बजे तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।
नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अंतिम अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।
निविदा खुलने की तिथि:– 13.03.2024, शाम 5 बजे।

सुधाँशु वर्मा, ग्राम पं. अधिकारी, ग्राम पं.– भगहरिया पूरे मितई, वि0ख0–कटरा बाजार, जनपद–गोण्डा — रेखा दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम पं.– भगहरिया पूरे मितई, वि0ख0–कटरा बाजार, जनपद–गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोरसरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 11.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोरसरा, विकासखंड मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा/आईसीडीएस योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–12.03.2024 से 16.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत गोरसरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–16.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य। | 12 लाख रुपये | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट, सरिया,दरवाजा, खिड़की, पेंट, पुट्टी, डिस्टम्पर,आदि सामग्री | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– गोरसरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर — ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– गोरसरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर



पहला रोजा

शिया
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.54 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## नहीं हो सकी गुंगवाछ हत्याकांड की सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में बचाव पक्ष के मौका लेने के कारण सोमवार को साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा और संतोष पांडेय ने अलग-अलग कारणों से कोर्ट से मौका देने को मांग की। न्यायाधीश अंकुर शर्मा ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को फिर नियत की है। संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। चर्चित मामले में पीड़ित अमरजीत ने रामदुलारे यादव, अखिलेश, बृजेश व छोटू उर्फ अभिषेक, प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी और प्रधान पुत्र नितिन तिवारी पर केस दर्ज कराया था, जिसमें चार्जशीट दाखिल हुई।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में हुई गवाही

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में कनांवा बीकापुर निवासी कांग्रेसी नेता आशुतोष मिश्र की गवाही सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज की गई। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। कोर्ट ने तलबी बहस के लिए अब 14 मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र व मोहित तिवारी का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व खेल मंत्री के मामले में दरोगा की हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिटायर्ड दरोगा कालिका प्रसाद की गवाही एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने दर्ज किया। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने दरोगा से जिरह की। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य पूरा होने के बाद सफाई साक्ष्य के लिए सुनवाई के लिए 15 मार्च की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 12 जनवरी को पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ ढेमा बाजार में चुनावी सभा की और उसका वीडियो वायरल किया। इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### विरोधाभासी बयान से छूटे अपहरण के आरोपी

**सुलतानपुर :** तीन साल पूर्व पीपरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की का अपहरण करने के केस में गवाहों के विरोधाभाषी बयान के कारण आरोपी शेषनाथ और मीरा पर केस साबित नहीं हो सका। आरोपी के वकील संतोष पांडेय के मुताबिक पीड़िता के पिता ने 23 नवंबर 2021 को शौच के लिए गई नाबालिग पुत्री के अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट में पीड़िता व अन्य गवाहों ने विरोधाभासी बयान दिए और आरोपों का समर्थन नहीं किया। जिस कारण पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया है। न्यायालय के आदेश से अभियोजन पक्ष को झटका लगा है।

## एक नजर

### युवक की मौत मामले में चालक पर मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत के प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली के हसनपुर टैनी गांव के श्याम नारायण वर्मा (35) छह मार्च को सरैया बाजार से बाइक से शाम को अपने घर लौट रहे थे। वह जैसे ही जंगी रोड से थोड़ी दूर आगे आए, तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। सोमवार को मृतक के भाई दीपक कुमार वर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### विपक्षियों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की लाठी डंडों से जमकर पिटाई की गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार को कोतवाली के बरवारी पुर गांव के राजेश गुप्ता गांव के ही निषाद बस्ती से वापस लौट रहे थे। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने उन्हें रोक कर रास्ते में लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। पीड़ित की तहरीर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही मुनेसर एवं माखनलाल तथा दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हनुमान प्रसाद का कादीपुर में किया गया स्वागत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के हमजापुर पठान गांव के हनुमान प्रसाद यादव को समाजवादी युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष शिवमंगल तिवारी ने हनुमान प्रसाद यादव की पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है उनके मनोनयन का सपा कार्यकर्ता शमीम अहमद, राजेश वर्मा, दूधनाथ यादव, राधेकांत यादव, लाल बहादुर मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी ने स्वागत किया है।

# 14.28 करोड़ से बनेंगे 119 आंगनबाड़ी केंद्र

## भवन निर्माण के लिए बाल विकास, पंचायत राज एवं मनरेगा से खर्च होगा धन, अतिशीघ्र शुरू होगा कार्य

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से संचालित जिले की 14 परियाजनाओं को 14 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत 119 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की सौगात मिली है। पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब शीघ्र ही भवन निर्माण का काम शुरू होगा।

एक भवन के निर्माण में 12 लाख रुपया खर्च होगा। भवन निर्माण में बाल विकास, पंचायत राज एवं मनरेगा से धन खर्च होगा। जिसमे आठ लाख रुपये मनरेगा, दो लाख पंचायत निधि और दो लाख रुपये बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग देगा। जिले की 14 बाल विकास परियोजना में कुल 2511 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। जिनमें से 2,111 बड़ी आंगनबाड़ी तो 400 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों पर तैनात हैं। 2,511 आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन से छह वर्ष के कुल 1,31,116 बच्चे पंजीकृत हैं। तीन से छह वर्ष के बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य व तीन वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों व महिलाओं को बाल विकास पुष्टाहार विभाग की योजनाओं का लाभ देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन होता है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर एक कार्यकर्ता और एक सहायिका की तैनाती भी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं की भी सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाता है। तीन से छह साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क शिक्षा देने का भी प्रावधान है।

> 199 नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुए हैं। कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत होगी। विभागीय अंश दो लाख प्रति आंगनबाड़ी केंद्र भेज दिया गया है। **-रवीश्वर राव,** प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुलतानपुर



विकास खंड कूरेभार में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

### विभाग के पास पहले से हैं 457 आंगनबाड़ी केंद्र

बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग के पास पहले से ही 457 आंगनबाड़ी केंद्र है। जिनमें से 106 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माणधीन है। विभाग को 119 नए आंगनबाड़ी केंद्र मिल जाने से संख्या बढ़कर 576 पहुंच जाएगी। बताते चले कि विभाग द्वारा 2,511 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जो कि प्राथमिक विद्यालयो में संचालित है। शहरी बाल विकास परियोजना को छोड़ 13 ग्रामीण परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य होगा।

# चांद का हुआ दीदार पहला रोजा आज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** सोमवार को जिले में चांद का दीदार होते ही मुस्लिम धर्मावलंबियों का एक महीना तक चलने वाला पवित्र रोजा का आगाज हो गया। चेतना और जागरूकता के महापर्व को लेकर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उल्लास और उमंग का वातावरण है। मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी है। चांद दिखते ही तरावीह भी शुरू हो गई है। शहर के सभी मस्जिदों के अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी तरावीह की नमाज हो रही है।

रमजान के मौके पर सभी मस्जिदों की साफ सफाई करके तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंगलवार से पहला रोजा शुरू हो रहा है। शिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास ने बताया कि रमजान एक पवित्र महीना है। जिसको साल भर से हर रोजेदार को इंतजार रहता है। रमजान में हर रोजेदार खुदा का मेहमान होता है। सुबह भोर में सहरी करके दिनभर भूख और प्यास की हालत में रोजा रखकर शाम को सूरज डूबने के बाद इफ्तार किया जाता है। रोजा रख कर नमाज और कुरान की तिलावत करने में सत्तर गुना सवाब मिलता है। अमहट स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद जाफर खां ने बताया कि चांद का दीदार हो गया है। मंगलवार को पहला रोजा रखा जाएगा।

# अतिक्रमण हटाने निकली टीम के साथ मारपीट

- कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे नाराज सफाईकर्मी
- मान मनौव्वल के बाद व्यापारियों व सफाईकर्मियों में हुआ समझौता

संवाददाता, अमृत विचार



शहर के जीएन रोड पर नहीं उठाया गया कूड़ा।



कोतवाली में सफाई कर्मियों व व्यापारियों में हुआ समझौता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार को शहर के चौक में अतिक्रमण हटाने के दौरान कई व्यापारियों ने सफाई कर्मी से मारपीट कर ली। मारपीट से आहत सफाई कर्मी धरने पर चले गए थे। सोमवार को कूड़ा उठाने से मना करते हुए सफाईकर्मियों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका में धरना शुरू कर दिया।

रविवार को सफाईकर्मियों की एक टोली ईओ के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान टीम शाहगंज से चौक की तरफ पहुंची अतिक्रमण हटाने लगी तो कई व्यापारी एक राय होकर सफाई कर्मियों से मारपीट किया। इस दौरान काफी समय तक सफाई कर्मियों व व्यापारियो में काफी देर तक नोक झोंक चलती रही। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। वही सफाई कर्मी अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप धरने पर चले गए। सफाई कर्मियों के धरने पर जाने से वार्डों में कूड़े के ढेर बन गए। सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता व पूर्व सभासद अमोल बाजपेयी एडवोकेट ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से दोनों पक्षों को कोतवाली लाया गया। जहां पर मारपीट करने वाले व्यापारी सार्वजनिक रूप से माफी मांगे हैं। इसके बाद नाराज सफाई कर्मी काम पर लौट आए। दूसरी मीटिंग से शहर का कूड़ा उठाया गया। इस बात पर भी सहमति बनी है कि अब बिना सक्षम अधिकारी (मजिस्ट्रेट) और पुलिस के बिना नगर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए नहीं निकलेगी। जिससे इस तरह की स्थिति फिर से न उत्पन्न हो।

### चोरों ने लाखों के गहने और नकदी चुराई

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलहदादपुर में रविवार की रात में घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर प्रवीण सिंह के घर में चोर घुस गए। अंदर रखे 25 हजार रुपये नगदी, दो सोने का मंगल सूत्र, पांच अंगूठी, झुमकी, तीन चैन, दो हार, चांदी का पायल तीन जोडा.व तीन छागल चोर उठा ले गए। प्रवीण की पत्नी जब सोकर जगी तो चोरी का पता चला। दो सूटकेस व अलमारी घर के कुछ दूर खेत में मिला। प्रवीण के चाचा धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को थाना में तहरीर देकर बताया कि कुल गहनों की कीमत लगभग पांच लाख रुपया है। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



कैम्पस प्लेसमेंट में चयनित हुए विद्यार्थी। अमृत विचार

### कैम्पस प्लेसमेंट में 15 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में सोमवार को डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स के 15 विद्यार्थी जतिन पांडेय, अभिषेक मिश्रा, उत्कर्ष शुक्ला, वैष्णवी मिश्रा, शनि सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अभिषेक पांडेय, पटेल निशांत, अखिल तिवारी, सत्येंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत यादव, अर्पित तिवारी, प्रशांत सिंह, सौरभ कुमार एवं समरेन्द्र सिंह का अंतिम रूप से चयन हुआ।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी नाबालिग पुत्री कक्षा आठ की छात्रा है। बीते 18 दिसंबर को दो युवक उसकी पुत्री को गांव के बाहर स्थित झाड़ी में ले गए। जहां दोनों ने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बनाया। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों आरोपितों ने कई बार छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इस बीच जब बुलाने पर नहीं गई तो आरोपितों ने दुष्कर्म का वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई। पिता की तहरीर पर तीन मार्च को पुलिस ने दो युवकों के ऊपर सामूहिक दुष्कर्म, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज किया था। पुलिस को आरोपितों की तलाश थी। सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने हमराही कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, दीपक कुमार व कमलेश यादव साथ इटकौली पेट्रोल पंप के पास से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### समाजवादी पार्टी छात्र सभा ने सात सूत्री मांग पत्र सौंपा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। बैनर पोस्टर लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस व कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक व झड़प भी हुई। सात सूत्रीय मांग पत्र एडीएम प्रशासन को सौंपा। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष वैभव मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे तो इन्हें रोकने में पुलिस प्रशासन फेल रहा। सीओ सिटी शिवम मिश्रा, नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। प्रशासन एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला से कराई। जिन्हे राज्यपाल को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा।

### रंजू सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मैरीसंग्राम गांव निवासी वीर बहादुर सिंह की पत्नी रंजू सिंह प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद में हिंदी विषय प्रवक्ता के पद पर तैनात है। डा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। रंजू सिंह नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में मुस्लिम समाज एवं संस्कृति पर प्रोफेसर संध्या यादव के निर्देशन में हिंदी विषय से शोध किया था। रंजू सिंह के पति वीर बहादुर सिंह अनुदेशक के पद पर मोतिगरपुर ब्लॉक में कार्यरत हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ईशीपुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा पूर्व गाजे-बाजे रथ व डीजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। रंग-बिरंगे परिधान पहनकर महिलाओं ने मंगल गीत गाए। डीजे पर भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य यजमान ओम प्रकाश ने सिर पर भागवत पुराण को धारण किए हुए आगे आगे चल रहे थे। भागवताचार्य आचार्य गिरीश जी महाराज के निर्देशन में कलश यात्रा कस्बा चांदा स्थित राम जानकी मंदिर, शिव मन्दिर, काली माई धाम हो कर कथा स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीत गाए, शंख ध्वनि, घंटों की आवाज के मध्य वेद मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में राधेश्याम, रवि, पुनीत, गया प्रसाद मोदनवाल, विजय एवं प्रधान संतोष दुबे रहे।

# संगोष्ठी में सम्मानित हुए मेधावी

- एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर



ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को बीआरसी जयसिंहपुर के परिसर में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, बीईओ शिव शंकर मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मॉडल प्राइमरी स्कूल वैदहा के छात्राओं वंदना स्वागत गीत व पर्यावरण सरंक्षण पर नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीईओ शिव शंकर मिश्रा ने विकास क्षेत्र से अपने-अपने ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 10 ग्राम प्रधान को सम्मानित किया। सम्मनित होन वाले प्रधानों में प्रधान बहादीपुर सत्यभामा सिंह, मीरपुर राकेश सिंह,सराय जेहली जीत बहादुर सिंह, भभोट पिंकी यादव, मूँगर अनूप वर्मा, पिण्डोरन सुरेंद्र वर्मा, पीढ़ी कुलदीप मौर्या, अमिलिया बिसुई नीरज कुमार, सेवतरी अनिल कुमार, भीखूपुर शैलेन्द्र सिंह शामिल रहें। खेलों में योगदान देने वाले शिक्षक रितेश त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, जय कुमार, राहुल जायसवाल को प्रशस्ति पत्र दिया गया। बैडमिंटन में जिले का नाम रोशन करने राज्य स्तरीय खेलों के विजेता सराय कांदीपुर के शिवा धुरिया को सम्मानित किया।

# आकाश जिलाध्यक्ष व अंकित बने महामंत्री

- जिला कार्यालय पर हुई अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक

संवाददाता, सुलतानपुर



व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** व्यापारियों के हित के लिए सदैव आवाज उठाने का कार्य करने वाला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल है। जिसके चलते जिले भर के व्यवसाई अखिल भारतीय उद्योग की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

संगठन के जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर एक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह के अनुमोदन पर सतनाम सिंह बग्गा को जिला युवा प्रभारी एवं आकाश जायसवाल अक्कू को युवा जिला अध्यक्ष व अंकित अग्रहरि को युवा जिला महामंत्री का मनोनयन का प्रस्ताव हुआ। जिस पर जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोठिया व वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने स्वीकृति प्रदान की। वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने जिला युवा अध्यक्ष व जिला युवा महामंत्री को अति शीघ्र पूरी कार्यकारिणी गठित कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे जल्द से जल्द जिले की अन्य इकाइयों, बाजारों एवं तहसीलों का गठन किया जा सके। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष साहू, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बरनवाल,जिला सह प्रभारी प्रमोद अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष अंकुर तिवारी, जिला मंत्री अरविंद पांडेय, नगर उपाध्यक्ष नारायण राय, नगर उपाध्यक्ष चंद्र देव मिश्र आदि मौजूद रहे।

### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में युवक की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** सोमवार की दोपहर स्थानीय थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कालेज पहुंचे युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र रेवली जैतूपुर निवासी वैभव (18) महेश बाइक से सुलतानपुर से घर जा रहा था। जैसे ही वह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी के समीप पहुंचा तभी एक दूसरे बाइक सवार ने पीछे से ठोकर मार दी। जिसमें वैभव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजा। जहां मौजूद चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। द्वारिकागंज चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक को सुलतानपुर भेजा गया था। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। घटना के बारे में परिजनों को सूचित किया गया है।

सतर्कता | चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जागरूक प्रधान ने की अनूठी पहल

# पीएएस से पंचायत भवन व स्कूल की होगी निगरानी

संवाददाता, सुलतानपुर



पंचायत भवन पर लगा सीसीटीवी कैमरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत में बढ़ती हुई चोरी पर लगाम लगाने के लिए जागरूक प्रधान द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के तहत सोलर लाइट से संचालित घूमने वाला सीसीटीवी कैमरा गांव में लगवाया है। जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में रात में कर्मचारियों की गैर मौजूदगी को देखते हुए होने वाली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए यह विशेष पहल की गई है। 20 हजार की लागत से लगने वाला सोलर लाइट से संचालित घूमने वाला सीसीटीवी कैमरा शहर से सटे कटावां ग्राम पंचायत में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाया गया है। प्रधान रिंकू सिंह की पहल पर ग्राम पंचायत निधि से पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय को सुरक्षित करने के लिए इसे स्थापित किया गया है, जो पूरी तरीके से सौर ऊर्जा पर आधारित है।

### क्या है पब्लिक एड्रेस सिस्टम

यह एक सीसीटीवी कैमरा है जो कि सूर्य की रोशनी में इसमें लगा सोलर पैनल बैटरी को चार्ज करेगा। दिन भर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के इस कैमरे को आवश्यक बिजली उपलब्ध करायेगा। रात के अंधेरे में चार्ज बैटरी के जरिए लगातार पब्लिक एड्रेस सिस्टम पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय समेत आने जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखेगा। सोलर लाइट से संचालित घूमने वाला सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है। ग्राम प्रधान रिंकू सिंह ने बताया कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम सोलर पैनल पर आधारित है। अभी एक पैनल ग्राम पंचायत में स्थापित किया गया है। इसकी लागत 20हजार आई है। ग्राम पंचायत के 30 स्थान जैसे प्राथमिक विद्यालय, लड़कियों के विद्यालय, इंटर कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र समेत अन्य सार्वजनिक स्थल और प्रमुख चौराहे शामिल हैं को चिन्हित किया गया है। रात के अंधेरे में यह फ्लैश रोशनी प्रकाशित करते हुए आने जाने वाले की फोटो कैद करता है। इसका प्रयोग सफल रहा तो पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में होने वाली चोरी को रोकने में मददगार साबित होगा।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह नीचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# चीन की परेशानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन की आपत्ति उसकी चिंता को दर्शाती है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। हमारी गंभीर चिंताओं के बावजूद, एक भारतीय नेता विवादित क्षेत्र में गए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद पर तनाव बढ़ना तय है। उम्मीद है कि भारतीय पक्ष सीमा क्षेत्र पर समस्याएं पैदा नहीं करेगा। दरअसल चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा से गहराई से परेशान है। सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। तवांग तिब्बती बौद्ध का एक प्रमुख केंद्र है। अरुणाचल के ऊपरी हिस्से में ऐसी कई जनजातियां हैं जिनका तिब्बत की जनता से सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। मोनपा कबीला तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं पर चलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन को डर है कि इन नस्लीय कबीलों की अरुणाचल में मौजूदगी तिब्बत की आजादी के आंदोलन को तेज कर सकती है और चीन के लिए ये सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। तवांग पर चीन की रुचि की एक वजह सामरिक है। ये जगह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता है। तिब्बत-ब्रह्मपुत्र वैली कॉरिडोर में ये एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

चीन अपने रुख को जाहिर करने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर हमेशा आपत्ति जताता रहा है। भारत ने चीन से निपटने के लिए दोतरफा नीति अपनाई है। इस नीति के तहत एक ओर भारत चीन के साथ आर्थिक संबंधों को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स, एससीओ तथा रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय जैसे मंचों से लगातार जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत ने अपनी सैन्य और निवारक क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को नीति के दूसरे पक्ष के रूप में कायम रखा है। वैसे भी चीन अरुणाचल प्रदेश पर अक्सर गलत बयानी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसका भारत ने हमेशा कठोरता से विरोध दर्ज कराया है।

# समस्त विकृतियों का कारण तत्वः अहंकार और ममता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव जातियों की एकता।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तनकर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिंतन के बिंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनंत की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

आप वैज्ञानिक समाजवाद की बात करते हैं या व्यक्तिवाद और पूंजीवाद या बाजारवाद की, आप लोकतंत्र की बात करते हैं या तानाशाही की, आप भ्रष्टाचार की बात करते हैं या आतंकवाद की। यह निश्चित ही है कि उन समस्त विकृतियों का कारण तत्व मनुष्य का अपना ही अहंकार है, ममता है जिसके कारण समाज में अन्याय और अत्याचार, विषमता और भेदभाव होता है। संतों ने ऋषियों ने, कवियों ने, मनीषियों और चिंतकों ने अहंकार और ममता के खोल से बाहर आकर इस कारण तत्व को पहचाना था।

बहुत से पढ़े लिखे लोग हैं, जो प्रायः भारत के सामान्य लोगों पर टीका टिप्पणी करते ही रहते हैं कि ये अंधविश्वासी हल, ये रूढ़िवादी हैं, ये सामंतवादी हैं, ये जातिवर्णवादी हैं, ये पुराणवादी हैं। ये लोकतंत्र के योग्य नहीं हैं, ये असभ्य हैं और न जाने क्या-क्या! हमारे गौरांग प्रभु भी किसी जमाने में ऐसी ही टीका करते रहते थे। एक जमाना था, जब संसार में मनुष्य का वर्गीकरण प्रजाति के आधार पर होता था। नेतृत्वशास्त्री मानव शरीर के विभिन्न अवयवों खोपड़ी-नाक, जबड़े, लंबें-ठिगने, काले-गोरे के भेद करते हुए उनका वर्गीकरण करते थे। हिटलर ने तो कह दिया था कि छोटी खोपड़ी वाले लोग पूरे आदमी नहीं हैं और वे शासित होने के लिए ही पैदा हुए हैं। लाखों लोगों को मृत्यु के मुंह में धकेलने के पीछे यही तर्क था। भारत को उपनिवेश बनाए रखने में गौरांगप्रभु इसी तर्क का आयुध लेकर खड़े थे कि हम इनको सभ्य बना रहे हैं, लेकिन मानवशास्त्री जैसे-जैसे मनुष्य के अध्ययन की दिशा में आगे बढ़े, लोक विज्ञान की शाखाओं का विस्तार हुआ।

जेम्स फ्रेजर, वेस्टर मार्क और दूसरे दूसरे मनीषियों ने विभिन्न देशों में मनुष्य व्यवहार का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रमाण देकर जो स्थापना कीं, वे सर्वमान्य हुईं और कहा कि आखिरकार मनुष्य एक ही प्रजाति है। उनकी स्थापना थी कि मनुष्य चित्त सर्वत्र एक है। इसके आगे मनोविज्ञान बढ़ा उसने इस तथ्य की पुष्टि के साथ मन की गतियों का भी विवेचन किया। यह बात जरूर है कि परिवेश भिन्न होगा तब मन की गति भी भिन्न होगी। इन्होंने और आगे बढ़कर समष्टि मन का भी सिद्धांत दिया। सच्चाई यह कि विश्व के अन्य देशों की तरह भारत का मनुष्य भी मनुष्य ही है, जो प्राकृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक परिवेश है, वह अवश्य भिन्न है। हम अपने समष्टिजीवन को नहीं देख रहे, विकसित देशों को देख रहे हैं जिनके पास प्राकृतिक संपदा और भूमि अधिक है और जनसंख्या बहुत कम। इसलिए यह बात बिल्कुल मिथ्या है कि वे कुछ अधिक मनुष्य हैं और भारतीय कुछ कम मनुष्य हैं, फिर भी यदि कोई ऐसा मानता है तो यह उसकी शिक्षा-दीक्षा का दोष है।

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के उतार-चढ़ाव में समान अनुभूतियों से गुजरना। हितों का संघर्ष बार-बार हुआ है, बार-बार होता रहेगा, किंतु समायोजन संघर्ष से बड़ा सत्य है। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर, पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, वह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोक जीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके, सामंजस्य-भाव को खोज सके, समष्टि चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती? क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन, समष्टिजन, सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते?

जनता के मुद्दे अलग होते हैं, सत्ता के मुद्दे अलग होते हैं। वे परस्पर विरोधी भी होते हैं। घोड़ा घास की कैसी यारी? जनता की एकता को खंडित करने के लिए सत्ता दूसरे मुद्दों को खड़ा करती है। इसके लिए मिथ्या सिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे अदालत में अपराधी का वकील तर्क से भ्रमित करने का प्रयास करता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बहुत सी कंपनियां ग्राहकों को भ्रमित करती हैं और ढाई सौ रुपये में बढ़िया मोबाइल बांटती हैं या ठीक उसी प्रकार जैसे वे सिद्ध लोग हैं-कोटि-कोटि प्रणाम बाबा और कृपा आनी शुरू कर देते हैं, उसी प्रकार के मिथ्या सिद्धांत सामान्यजन के बीच भ्रमित करने का काम करते हैं। ये भ्रम बहुत समय तक बने रहते हैं। इस समय चारों ओर भ्रम के धुएं का अंधकार है, मिथ्यासिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जा चुके हैं। धुएं के किले। धुआं का धौरहर। अहंकार का आवेश होता है, मद होता है तब मनुष्य समझने लगता है कि मैं ही कर्ता और भोक्ता हूं। मैं ही ईश्वर हूं। अहं का देहेन्द्रिय तक सीमित रहने वाला यह रूप कितना मिथ्या है? क्षुद्र अहं! लेकिन अहं का एक रूप वह भी है, जब सीमा टूट जाती हैं, अहं पिघल जाता है और विराट बन जाता है। बिंदु में सिंधु समान को कासों अचरज कहे? फूटा कुंभ जल जलहि समाना। अद्वैतभाव!

आस्तिकता और नास्तिकता का सवाल आज का नहीं है, हजारों हजारों साल पुराना है। आस्तिकता और नास्तिकता दो जीवन शैलियों के नाम हैं। मैं अपने को आस्तिक कहूं या नास्तिक जो भी कहूं इससे क्या अंतर पड़ता है? असली बात आचरण-व्यवहार की है, समष्टिहित की है। यदि मेरा आचरण-व्यवहार स्वार्थमय है, यदि मन में वही मोह-छोह और क्षुद्रवासनाएं हैं तो इससे अंतर ही क्या पड़ता है कि मैं अपने को आस्तिक कहता हूं अथवा नास्तिक कहता हूं? यह प्रश्न निरर्थक है कि आप ईश्वर को मानते हैं या नहीं मानते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप समष्टि के लिए जी रहे हैं या अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ किया है? आपने समष्टिहित की जिम्मेदारी के पद पर आकर भी अपने स्वार्थ की साधना ही की है या समष्टिहित का साधन किया है? आपने रोटी अकेले ही खाई है या दूसरों को बांट करके खाई है? यही धर्म है और विज्ञान भी यही है।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तन कर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिन्तन के विंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनन्त की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

## प्रसंगवश

# चुनाव आयुक्त का इस्तीफा

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था और बीच की अवधि में ही वे मुख्य चुनाव आयुक्त भी हो जाते। इतने बड़े आकर्षण को त्यागना आज के भौतिकता प्रधान युग में जितना विरल है, उतना ही चकित करने वाला भी।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऐसे में बुद्धिजीवी और कलम के योद्धा टूट पड़े इसके निहितार्थ निकालने में। अब सामने जो वजह बताई गई है कि वैयक्तिक कारणों से ऐसा किया, तो यह तो औपचारिक मात्र है। असलियत कुछ और है और वह कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी। प्रथम सोच यह उभर रही है कि ये तो सत्तादल भाजपा की च्वाइस थे। केंद्र के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव थे। अल्प समय सेवा निवृत्ति का बाकी था कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। आनन-फानन में वह तो मंजूर हुआ ही, अगले ही दिन चुनाव आयुक्त भी बना दिए गए।

लंबे अंतराल से खाली पड़े पद पर इतनी जल्दी यह नियुक्ति हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट तक ने तल्ख टिप्पणी की थी। अब जब यह निश्चित रूप से भाजपा के 'आदमी' थे तो कहीं ऐसा तो नहीं कि आसन्न लोकसभाई चुनावों में यह दल जैसी मनमानी चाह रहा हो, वैसी करने के लिए इनकी अंतरात्मा न गंवारा कर रही हो। अतः त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इस समय मोदी-शाह की शक्तिशाली धुरी से पंगा लेने का साहस बड़ों-बड़ों में नहीं दिख रहा, तब एक नौकरशाह की क्या बिसात!

दूसरी ओर मस्तिष्क इस दिशा में भी जा रहा है कि भाजपा के लिए अब तक पर्याप्त लाभ पहुंचा चुके हों, उसका प्रतिफल देय हो, जो कहीं से टिकट या अन्य लाभ का पैकेज देकर अदा किया जाना हो। रही बात इनके द्वारा रिक्त किए गए पद की पूर्ति की तो उसमें भाजपा अपना आदमी दो चार दिन में बिठा ही देगी, नियम ही ऐसे हैं। एक तीसरी सोच यह भी है जिसकी उम्मीद कम ही है कि विपक्ष से कोई आफर हो। ये पंजाब से हैं और वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा की पोजीशन पतली है। कांग्रेस व 'आप' मिलकर किसी गेम के तहत इन्हें फोड़ रहे हों। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव दोनों मिलकर लड़े और जीत चुके हैं। खैर! यह दिमागी कसरत किंवा वाणी का विलास चंदरोज का ही है।

# मायावती का अकेले चुनाव लड़ना


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोस चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेंगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था, लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है, लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

चुनाव सिर पर हैं, बावजूद इसके बसपा के खेमे में कोई खास हलचल दिखाई नहीं देती। मायावती और बसपा के नेता ने अभी तक कोई चुनावी रैली भी नहीं की है। 2024 के आम चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत और सांसदों की संख्या नहीं बढ़ती है तो पार्टी के लिए सियासी राह मुश्किल हो जाएगी। 2014 में अकेले लड़ने का खामियाजा बसपा भुगत चुकी है। सही मायनो में बसपा के लिए चुनाव का रास्ता मुश्किलों से भरा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज होने वाली मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

## सोशल फोरम

# वास्तविक जनसेवक

प्रत्याशी या पार्टी? कौन वरेण्य? मोदी मंत्र ने राजनीति के इस अजमंजस को दूर कर दिया। मोदी ने भाजपा की ऐसी प्राण प्रतिष्ठा की कि विगत के दोनों सामान्य निर्वाचनों में कितने ही अनसुने, ऐरा गैरा नत्थू खैरा चुनावी वैतरणी पार कर गए। मोदी नाम केवलम्। कमोबेश यही ट्रेंड आसन्न सामान्य लोकसभा निर्वाचन में भी चलेगा।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग अपनी ओर से कोई कसर छोड़ नहीं रहा है कि चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी सही मायने में जन प्रतिनिधित्व के योग्य हों, साफ स्वच्छ छवि का हो। इसलिए प्रत्याशी की ओर से इस तरह का एक विस्तृत ब्यौरा नामांकन करते वक्त अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें उसकी संपत्ति के लेखे जोखे के साथ उसके आपराधिक अतीत का भी स्पष्ट विवरण हो। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिसे वह चुनने जा रहा है वह समग्रता में कैसा हो।

मगर मोदी मैजिक के चलते भाजपा का टिकट मिल जाना जीत की गारंटी मान लिया गया है। कैंडीडेट कैसा हो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। चाहे वह थोपा हुआ आसमानी कैंडीडेट हो या फिर जनता के बीच कभी भी गया तक न हो। उसकी लोकगम्यता शून्य हो। यह विचारणीय है कि क्या यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?

मैंने इस मुद्दे पर काफी सोचा विचारा है और मेरा तो निष्कर्ष यही है कि किसी भी पार्टी की लहर के बजाय एक प्रबुद्ध मतदाता को सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। यदि प्रत्याशी ठीक नहीं है, आरोपित है तो केवल इसलिए कि वह अमुक पार्टी का है, आंख मूद कर मतदान नहीं करना चाहिए। आखिर विवेक नाम की भी कोई चीज होती है। अंधी भीड़ का लोकतंत्र हमें शनैः शनैः अंधकार की ओर ही ले जाएगा।

एक सही प्रत्याशी, आपका अपना प्रतिनिधि हमेशा आपके सानिध्य में रहेगा। पार्टी नहीं वास्तविक जनसेवक तो वही है। मुझे लगता है कि भाजपा ने इस बार जहां-जहां भी आसमानी प्रत्याशी उतारे हैं वहां उनकी जीत संदिग्ध रहेगी। भले ही ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी विगत लोकसभा चुनावों में विजयी होते रहे हैं। माना कि माहौल राममय भाजपा के पक्ष में है, किंतु मतदान की तारीख आते-आते फिजा बदलेगी। सही प्रत्याशी का चयन ही जीत दिलाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# धर्म, संस्कृति और समाजशास्त्र की चिंताएं


विद्याभूषण
रांची

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं।

आज का सामाजिक-राजनीतिक परिवेश इतनी परतों में विभाजित हो गया है कि धर्म और संस्कृति जैसे संवेदनशील विषयों पर कुछ लिखना या कहना किसी जोखिम से कम नहीं लगता। चाहे जितनी युक्तिसंगत सहजता से टिप्पणी की जाए, किसी भी कोने से आवाज उठ सकती है कि उसके जरिए उनकी भावना को ठेस लग गई है। इस ठेस लगने की बुनियाद की परख के लिए कोई कसौटी कभी कहीं नहीं मिलती।

मध्यकाल में कबीर की साखी और उलटबांसियों को रोशनदान का रुतबा बेशक हासिल था। वक्त के मौजूदा सफर में कबीर अगर आज चलते-फिरते दिखाई पड़ते तो किसी चौराहे पर सरे राह लुटे-पिटे भी जरूर नजर आते। याद करें तो पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश उग्रवादी हिंसा के शिकार हुए। अभिव्यक्ति की आजादी का कोरस गाते हुए राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को 'तीसरी आंख' से देखने वाले व्यंग्यकार किट्टू आज की तारीख में सही-सलामत मिल जाते, यह नामुमकिन सी बात है। इसी तरह लगता है कि समाज को बेबाक अंदाज में आईना दिखाने वाले हरिशंकर परसाई इस दौर में अदालत के कटघरे में हाजिरी लगाते हुए या जेल की सलाखों के पीछे मुश्किलों से घिरे हुए होते। पिछले दिनों कवि वरवर राव की दुर्दशा के हम सब गवाह रहे हैं। सच है कि आज सत्ता और खेमों में बंटा हुआ अपना समाज, दोनों नागरिकों की असहमति को दुश्मनी का दर्जा देने में जुटे हैं। ऐसे ही मौसम में कवि मुक्तिबोध की सलाह पर अमल करना जरूरी लगता है, यानी अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे।

सबके लिए यह जरूरी नहीं कि मार्क्स की इस तजवीज से सहमत हुआ जाए कि धर्म अफीम है। पूरी दुनिया में सियासी हलचलों का जायजा लिया जाए तो मानना पड़ेगा कि धर्म श्रद्धा-भक्ति और उपासना पद्धतियों का समन्वय है, लेकिन उसके समान्तर वह एक आणविक ऊर्जा भी है, सृजन और संहार दोनों की क्षमता से लैस। कभी वह समुदायों को जोड़ता है तो कहीं समाज को विभाजित भी करता है। रावण और महिषासुर कहीं दंड के पात्र हैं तो कुछ समुदायों के बीच सम्मानीय चरित्र भी हैं। यहां धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज यानी कर्मकांड के बीच अगर कोई विभाजक रेखा नहीं खींची जाए तो उसके मूल अर्थ का दिशांतर हो सकता है। धर्म व्यक्ति के मन की आस्था और विश्वास की धरोहर है जबकि धार्मिक विधि-विधान परंपरा का अनुगमन। यह परंपरा समय की सहयात्री है और देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अपना आकार-प्रकार बदलती रहती है।

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं। पिछली दो सदियों में संस्कृति के संबंध में कई नई परिभाषाएं और अवधारणाएं विकसित हुई हैं। सबसे क्रांतिकारी अभिमत यह है कि संस्कृति मनुष्य का सृजन है और मनुष्य संस्कृति निर्माता प्राणी है। अपने देश में नीतिशास्त्र की तर्ज का सांस्कृतिक विवेचन अपने किताबी एप्रोच के चलते सामयिक जीवन और समाज से जुड़ नहीं पाया। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के जिन मूल्यों को दृष्टांत की तरह प्रस्तुत करते हुए श्रेष्ठ और आदर्श बताया जाता है, उनसे हमारे समाज के एक बेहद छोटे, किंतु विशेषाधिकार प्राप्त सुविधाभोगी वर्ग की अपेक्षाएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बहुसंख्यक नागरिकों के सवालों का कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। सच तो यह है कि संस्कृति की चिंता के नुमाइशी तेवर की कलई बार-बार खुल जाती है और उसके पीछे संसाधनों पर वर्चस्व पाने की हठधर्मिता उजागर होती है।

एकेडमिक विमर्श के परिदृश्य पर एक नजर डाल लीजिए तो फिर अलग से बहस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक तरफ विचार मंचों पर अध्यात्म और निवृत्तिमार्गी भारतीय संस्कृति का अभिनंदन और दूसरी तरफ वास्तविक जीवन में घटिया उपभोक्तावादी तालमेल। सत्ता के गलियारे में चलते हुए मूल्य और आस्था का संकट करने वाली राजनीति की जयकार आज की तारीख में खुली आंख से रोज दिखने वाली चीज है। राष्ट्रीय चरित्र का यह दोहरापन मूल्य और आस्था का संकट तो खड़ा करता ही है, यह सोचने पर मजबूर भी करता है कि आज हम सब सांस कहां ले रहे हैं-परलोकवाद में, लोकवाद में या महज सुविधावाद में?

निस्संदेह अपने महान इतिहास के प्रेरक प्रसंगों को, एक राष्ट्र के रूप में हजारों वर्ष के अनुभवों को, समृद्ध और वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को पुरातत्व के संग्रहालय की वस्तु मान लेना नासमझी है। उतनी ही बड़ी नासमझी इस बात में भी है कि हम अपने वर्तमान की तमाम चुनौतियों का हल अतीत के दर्पण में पाने का प्रचार करते रहें। संस्कृति का समाजशास्त्र आज यही संदेश दे रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जिम कार्बेट पार्क के जंगलों में पेड़ों के कटान और अतिक्रमण कर बनाई जा रही इमारतों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी आई है, जो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए प्रेरित करेगी। बरेली में पेड़ों की कटान और पर्यावरण को लेकर काम करने वाले डा. प्रदीप जागर ने कुछ वर्ष पूर्व चिपको आंदोलन के नाम से ग्रुप बना कर कुछ कार्यक्रम आयोजित किए। हमने मिनी बाईपास पर बन रहे बस अड्डे पर लगे हजारों पेड़ों के कटान का खासा विरोध किया। यही नहीं शहर में अपेक्षा से काफी कम वृक्षों की संख्या पर चिंता भी दर्शायी थी।

नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक ज्ञापन देकर उनको चिंता से अवगत भी कराया। किंतु शहर में कोई बड़ा आंदोलन खड़ा न हो सकने से वृक्षों के कटान में कोई कमी नहीं आई विकास की दुहाई देकर जगह-जगह हरे वृक्षों का कटान होते देख जी भर आता था। हाल ही में की गई सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से खुशी मिली है। जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने कानून की घोर अवहेलना की है। पीठ ने आगे कहा है कि ये लोग व्यावसायिक उद्देश्यों और पर्यटन को बढ़ावा देने के बहाने बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि वैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना का दुस्साहस आश्चर्य चकित करने वाला है। पीठ ने कहा कि यह मामला राजनेता और नौकरशाहों की मिली भगत का उदाहरण है।

प्रसंगवश बरेली शहर में वृक्षों की कटान होने से वृक्षों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और हरियाली खत्म होती दिख रही है। क्या हमारे वन मंत्री शहर हित और जन हित में कुछ विचार करेंगे। इत्तेफाक से वन मंत्री हमारे शहर से ही है, जहां वन क्षेत्र केवल .01 प्रतिशत ही है।



**पहला रोजा**

**शिया**
सहरी : 05.15 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.53 बजे
इफ्तार : 06.05 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# रोजा का मतलब खुद पर हर तरह से नियंत्रण करना है

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** रमजान इस्लामी महीने का नौवां महीना है। इसका नाम भी इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने से बना है। यह महीना इस्लाम के सबसे पाक महीनों में शुमार किया जाता है। इस्लाम के सभी अनुयाइयों को इस महीने में रोजा, नमाज, फितरा आदि करने की सलाह है। पाक माह रमजान की मुबारकबाद देते हुए मौलाना एहसानुल्लाह कासमी, जामा मस्जिद डुमरियागंज ने यह बातें कही।

बताया कि रमजान के महीने को और तीन हिस्सों में बांटा गया है। हर हिस्से में दस-दस दिन आते हैं। हर दस दिन के हिस्से को 'अशरा' कहते हैं। इसी महीने में पूरी कुरान नाजिल हुई जो इस्लाम की पाक किताब है। रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी बताया गया है। रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि खुद पर नियंत्रण करना, अश्लील या गलत काम से बचना है। इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है। इस मुबारक महीने में किसी तरह के झगड़े या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है। इसके साथ एक तय रकम या



सामान गरीबों में बांटने की हिदायत है जो समाज के गरीब लोगों के लिए बहुत ही मददगार है। चांद की तस्दीक के साथ ही रमजान का पवित्र माह शुरू हो गया है। बरकतों के इस महीने के खत्म होने पर ईदुल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। इस पूरे माह मुस्लिम धर्मावलंबी रोजा, नमाजों, तरावीह, कुरआन की तिलावत की पाबंदी करेंगे।

मुस्लिम आबादियों में रमजान की आमद दिखाई देने लगी है। जहां मस्जिदों में सफाई-पुताई पूरी की जा चुकी है, वहीं हर रात होने वाली तरावीह (विशेष नमाज) के लिए ईमाम साहेबान की नियुक्ति भी की जा चुकी है। मस्जिदों में बिजली, पानी, सफाई के माकूल इंतजाम कर दिए गए हैं। साथ ही कई मस्जिदों के बाहर रोशनी के इंतजाम भी किए गए हैं। सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जाएगी। लोगों की सहूलियत के लिहाज से तरावीह का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया है। तरावीह की नमाज आम दिनों में पढ़ी जाने वाली पांच वक्त की नमाजों से अलग होती है। बाजारों में सेहरी और अफ्तार की सामग्रियां दिखाई देने लगी हैं। सेहरी और रोजा अफ्तार के लिए कुछ अलग व्यंजन मौजूद रहते हैं। जहां लोग दूध और खजूर के साथ सेहरी कर रोजे की शुरुआत करते हैं, वहीं खजूर को अपनी अफ्तार के व्यंजनों में शामिल रखते हैं। अफ्तार के लिए अफजल (पवित्र) मानी जाने वाली खजूर की कई वैरायटियां भी दिखाई देने लगी हैं। इसके अलावा मौसमी फलों की बिक्री भी इस दौरान बढ़ जाएगी।

## चांद दिखते ही दौड़ गई खुशी की लहर

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से रमज़ान का चांद देखे जाने से मुस्लिम हल्कों में खुशी की लहर है। शहर की चांद कमेटी ने इसकी पुष्टि करते हुए मंगलवार को पहला रोज़ा रखे जाने की ताकीद की है। ज़िला मुख्यालय समेत मुस्लिम क्षेत्र डुमरियागंज, इटवा बाजार में सोमवार सायं चाद देखा गया। वहां देखते ही लोगों ने एक दूसरे को रमज़ान की बधाइयां दी। चांद देखने के बाद मुस्लिम समाज के लोग पहले रोज़े की तैयारियों के लिए बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ पड़े तथा आज से होने वाली तरावीह की विशेष नमाज़ के लिए मस्जिदों में तैयारियां होने लगीं। मौलाना बरकत अली ने बताया कि सुबह भोर की सेहरी के साथ रमज़ान शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली सेहरी स्थानीय समय के मुताबिक 4.51 बजे और पहला इफ्तार मंगलवार शाम 6.05 बजे होगा।

## महिलाओं को सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के नारी स्वावलंबन अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन महिलाओं को कपड़ों की माप लेने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षक कमलावती ने महिलाओं को पैंट, सूट आदि की कटिंग, प्रशिक्षक निर्मला एवं निम्मी ने महिलाओं के सूट नापने की विधि एवं उसकी ड्राफ्टिंग तथा गुड़िया व ज्योति ने सिलाई मशीन के तकनीकी पुर्जों के बारे में जानकारी दी। छह दिन के प्रशिक्षण में अब तक मिले व्यावहारिक प्रशिक्षण से महिलाएं काफी उत्साहित हैं।

## एक नजर

### एनएसएस शिविर का किया गया आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ पीजी कॉलेज बर्डपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत ग्राम सभा बर्डपुर नंबर 9 में हुआ। शिविर का उदघाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा श्रीवास्तवा ने किया। पहले दिन कार्यक्रम स्वच्छता अभियान रहा एवं रन फार यूनिटी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक गण कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु प्रवक्ता श्री हौसला पटेल, सुदेश पाण्डेय, नसरूदीन, हेमलता चतुर्वेदी, पूर्णिमा पाण्डेय सहित विजय कुमार श्रीवास्तव, अर्जुन प्रसाद एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

### बेकाबू कार ने तीन लोगों को रौंदा, दो की मौत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र में बीती रात राम नगर चौराहे के पास तेज़ रफ़्तार कार ने तीन व्यक्तियों को कुचल दिया। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गम्भीर रूप से घायल है। इस मामले में गोरखनाथ पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गोरखनाथ पुलिस कार्यवाही कर रही है। यह भीषण हादसा सीसीटीवी में भी कैद हुआ था।

## सीएमओ ने आरोग्य मंदिरों व पीएचसी का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सीएमओ ने शनिवार को शहर से सटे तीन आरोग्य मंदिरों व एक पीएचसी का निरीक्षण किया। दो सीएचओ से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसमें से एक का जवाब सही नहीं मिलने से उसका एक दिन का वेतन रोक दिया गया। प्रभारी सीएमओ दिनेश चौधरी ने अहिरौली पीएचसी व अहिरौली, पिपरा पांडेय व मधुकर पुर आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पिपरा पांडेय पर सीएचओ देर से पहुंचे। इस कारण उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि अहिरौली आरोग्य मंदिर बंद पाया गया। वहां पर तैनात सीएचओ स्पष्टीकरण देने में असमर्थ रहे। उनका एक दिन का वेतन रोका गया। प्रभारी सीएमओ ने बताया कि चार केंद्रों की जांच की गई। दो जगह व्यवस्था ठीक थी। एक जगह पर सीएचओ देर से आए। जबकि एक केंद्र बंद था।

# सिद्धार्थनगर के 15 हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी

## स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम का देखा लाइव प्रसारण, 32 महिला समूह सम्मानित

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लखपति दीदी कार्यक्रम के अवसर पर समूह सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के अम्बेडकर सभागार में देखा गया। इस मौके पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री का तीन करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जनपद में लगभग 15 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश की महिलाओं को सशक्त व स्वावलम्बी बनाने के लिए लखपति दीदी कार्यक्रम शुरू किया गया है।



कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की सम्मानित महिलाएं व मौजूद जनप्रतिनिधि। अमृत विचार



कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति मजबूत की गई है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बीसी सखी, विद्युत सखी मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, बेकरी, कास्मेटिक, दोना-पत्तल आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सहारा प्रदान कराकर उनकी आजीविका बढ़ाने का कार्य किया है।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 12135 स्वयं सहायता समूहो का गठन किया गया है। एन.आर.एल.एम. योजना के अन्तर्गत 140325 लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। स्टार्टअप फंड से 9891 स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित किया गया है। रिवाल्विंग फंड से 8804 स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित किया गया। सामुदायिक निवेश निधि से 4003 स्वयं सहायता समूह, बैंक क्रेडिट लिंकेज से 7171 स्वयं सहायता समूहो को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डो के 32 समूहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम कुमार कुंवर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।



## महिला हैंडबॉल टीम ने जीती चैंपियनशिप

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे की महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत 52वीं सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारतीय रेलवे महिला हैंडबॉल टीम ने राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में 22-08 से पराजित कर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 11 मार्च तक हाथरस जिले में किया गया। बता दें कि इस चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे की 06 हैंडबॉल खिलाड़ी नीना, मोनिका, सुषमा, सृष्टि, ज्योति एवं प्रिया भारतीय रेलवे हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थी।

## धोखाधड़ी व ठगी में सात पर मुकदमा दर्ज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौहनिया में संचालित टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से ऑफिस संचालित करने वाले गिरोह 20 से अधिक बेरोजगारों को 30 लाख रुपये का चूना लगाकर चंपत हो गया। विदेश भेजने के नाम पर ठगी के शिकार हुए बेरोजगार की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित सात लोगों पर धोखाधड़ी व अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। बेरोजगार युवा क्षेत्र के अलग-अलग गांव के निवासी हैं। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नियांव नानकार मनोज कुमार ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि ठगी का मास्टरमाइंड रवि सिंह जिला महराजगंज का निवासी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नौगढ़-बांसी मार्ग पर सोमवार सुबह को कार और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को पीएचसी बांसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पथरा थाना क्षेत्र के पिपरा रामलाल निवासी शाहीन और इटवा थाना क्षेत्र के प्रेमपुर निवासी रफीक सोमवार सुबह बाइक पर सवार होकर नौगढ़ आ रहे थे, सोनकर के पास मलंग बाबा के स्थान के करीब विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर थाना प्रभारी बांसी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा। पीएचसी प्रभारी डॉ आरके सिंह ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप

### 12 वर्षीय किशोर से युवक ने किया कुकर्म

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव के बाग में खेल रहे 12 वर्षीय बालक से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी उसी गांव का निवासी है। बच्चे का इलाज मेडिकल कालेज में कराया जा रहा है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया किए शुक्रवार शाम को उसका 12 वर्षीय पुत्र गांव के उत्तर बाग के पास खेल रहा था। इसी दौरान गांव एक व्यक्ति मेरे पुत्र को कुछ खिलाने के बहाने बहला फुसलाकर बाग में रखे पुआल के ढेर के पीछे ले जाकर गलत हरकत करने लगा। बच्चे को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर सोमवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की कार्रवाई में जुट गई है। चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि कुकर्म करने वाला आरोपी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। पीड़िता बच्चे का इलाज व मेडिकल कराया जा रहा है।

### बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के टेकनार गांव में एक घर का ताला तोड़कर चोर कमरे में रखे आभूषण सहित लगभग 35 हजार नकदी उठा ले गए। चोरी की घटना के समय परिजन गांव में बने दूसरे घर पर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोपहर बाद जब इस घर पर पहुंचे परिजन तो देखा कि घर दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा है। उसके मामले की जानकारी पुलिस को दी। क्षेत्र के टेकनार निवासी फूलचंद चौधरी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव में दो मकान है। एक मकान गांव में है। दूसरा मकान चिल्हिया से पल्टादेवी रोड के किनारे है। उनके परिवारी जन एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने रोड वाले मकान में ताला लगाकर गांव वाले घर पर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वह सड़क पर बने मकान पर पुन: पहुंचे तो चोरी की घटना की जानकारी हुई।

### हमले में घायल सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लाठी डंडे से हुए जानलेवा हमले में घायल मिरवापुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। शिक्षक पर पांच दिन पूर्व खेसरहा थाना क्षेत्र के बसडीला गांव के केवटलिया टोला में तीन युवकों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला किया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। खेसरहा थाना क्षेत्र के मिरवापुर गांव निवासी राकेश शुक्ला (63) परिषदीय शिक्षक थे। 28 फरवरी को बसडीला गांव के राजू उर्फ टिर्रू, अजय व सनी देओल ने उन पर लाठी व डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया कर घायल कर दिया था।



मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करतीं एसपी प्राची सिंह। अमृत विचार

### एसपी ने मतदान केन्द्रों पर तैयारियों का लिया जायजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना बांसी व खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रो पर सुविधाओं और अर्धसैनिक सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए चिन्हित विद्यालयों में तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ने रामबिलाश इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज सोनखर बांसी, महामाया पॉलिटेक्टिक कॉलेज बांसी, लिटिल फ्लावर कैम्पस बांसी, राजकीय मॉडल महाविद्यालय पचमोहनी खेसरहा व लक्ष्मी कैंब्रिज स्कूल बनकटा सुपौली थाना खेसरहा का निरीक्षण किया। विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक संसाधनों और मूलभूत जरूरतों की व्यवस्था के लिए निर्देश दिया। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक बांसी, रविन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक खेसरहा मौजूद रहे।

### प्रधान लिपिक शाखा का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय के प्रधान लिपिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर में अंकित उपस्थिति से अधिकारियों व कर्मचारियों का मिलान किया। नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों के ड्यूटी के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यालय के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व क्षेत्राधिकारी कार्यालय अरुणकान्त सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# वंदे भारत ट्रेनों का आज होगा उद्घाटन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये 22549/22550 गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत रेलगाड़ी का मार्ग विस्तार प्रयागराज जं. तक करने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी का मंगलवार (12 मार्च) को प्रयागराज जं. स्टेशन से उद्घाटन विशेष गाड़ी 02418 प्रयागराज जं.-लखनऊ वंदे भारत गाड़ी चलाकर किया जायेगा।

मार्ग विस्तार के फलस्वरूप यात्रियों की मांग के अनुरूप 22550 प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का लखनऊ, अयोध्या धाम, बस्ती स्टेशनों पर आगमन/प्रस्थान एवं गोरखपुर जं. स्टेशन पर आगमन समय में परिवर्तन किया गया है। इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का मनकापुर, बस्ती एवं गोरखपुर स्टेशन के समय में भी संशोधन किया जायेगा। पटना-गोमतीनगर-पटना के मध्य एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन किया जायेगा। इस गाड़ी के संचलन का उद्घाटन पटना से 02345 पटना-गोमतीनगर वंदे भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी के रूप में किया जायेगा। यह नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार के अतिरिक्त सप्ताह में 06 दिन 18 मार्च से 22345/22346 पटना-गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जायेगा। इसके अलावा लखनऊ-देहरादून-लखनऊ के मध्य एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन किया जायेगा। इस गाड़ी के संचालन का उद्घाटन देहरादून से गाड़ी सं. 02477 देहरादून-लखनऊ जं. उद्घाटन वंदे भारत विशेष गाड़ी के रूप में संचालन कर किया जायेगा। 02477 देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी देहरादून से 09.30 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार, मुरादाबाद जं., बरेली जं. स्टेशनों पर रूकते हुए लखनऊ जं. पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



## महाप्रबंधक ने 30 महिला रेल कर्मियों को किया सम्मानित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे पर सहायक लोको पायलट, गाड़ी प्रबंधक, प्वाइंटस मैन, स्टेशन मास्टर, ट्रैकमेन्टेनर आदि विभिन्न पदो कार्यरत 30 महिला कर्मचारियों को सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिला कर्मियों को अपना सर्वोत्तम योगदान देते हुए रेल सेवा करनी चाहिए, जिससे उनकी एक अलग पहचान बने और यह संदेश जाए कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना कार्य सही ढंग से कर रही हैं। इस दौरान महाप्रबंधक ने महिला कर्मचारियों की समस्याओं की जानकारी ली। बता दें कि महाप्रबंधक ने जयपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के कार्यकाल के दौरान गांधी नगर जयपुर स्टेशन को पूर्ण रूप से महिला मुख्य लाइन स्टेशन के रूप में सफलतापूर्वक संचालित कराया।

**निरीक्षण** आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के साथ कलेक्ट्रेट का किया वार्षिक निरीक्षण

# कैंप लगाकर वितरित कराएं भूमि अधिग्रहण का मुआवजा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के साथ कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। आयुक्त ने सबसे पहले गार्ड ऑफ आनर की सलामी ली गयी। आयुक्त ने संयुक्त कार्यालय में ईआरके पटल, जीसी पटल, एलबीसी, खनन सहायक आदि पटल को देखा गया। कार्य विभाजन के संबध में जानकारी ली। कार्यो की सूची पटल पर



कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह।

चस्पा कराने का निर्देश दिया। सेवा पुस्तिका, डिस्पैच रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। आयुक्त ने प्रशासनिक अधिकारी को निर्देश दिया कि महत्वपूर्ण डाक के लिए रजिस्टर अलग से तैयार करा लें। वाद लिपिक पटल, न्याय सहायक कक्ष, अभिलेखागार, मुख्य राजस्व अभिलेखागार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। एसएलओ को निर्देश दिया कि किसी का भी भूमि अधिग्रहण से संबधित बकाया न रहे। कैम्प लगाकर मुआवजा वितरण कराएं।

स्वामित्व योजना, अभियोजन कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ईडीएम कक्ष, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, अपर उप जिलाधिकारी कोर्ट, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय आदि को देखा गया। श्री सिंह ने निर्देश दिया कि पत्रावली का रख-रखाव ठीक ढंग से रखे। किसी भी कर्मचारी का प्रमोशन, किसी भी प्रकार क्लेम आदि प्रकरण लम्बित न रहे। किसी भी व्यक्ति का किसी भी पटल से कोई समस्या है तो उसका निस्तारण समय से किया जाए। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इसके साथ ही कार्यालय एवं आस पास की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक रखने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, समस्त पटल सहायक व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## आयुक्त ने तहसील बांसी का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के साथ तहसील बांसी का निरीक्षण किया। संग्रह कार्यालय में बड़े बकायेदारो की पत्रावली और कुर्की की फाइल का अवलोकन किया। साफ-सफाई कराने व आलमारी ठीक कराने का निर्देश दिया। अभिलेखागार, भूलेख आदि पटलो का निरीक्षण किया। संबधित पटल सहायक को निर्देश दिया कि फाइलों का रख-रखाव सही ढंग से करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रदीप कुमार यादव व अन्य संबधित अधिकारी, पटल सहायक व कर्मचारी उपस्थित थे।

# धर्म दर्शन



## देवी कल्याणी

**श्री शुकदेव जी कहते हैं, परीक्षित! कंस एक तो स्वयं बड़ा बली था और दूसरे मगध नरेश जरासंध की उसे बहुत बड़ी सहायता प्राप्त थी। तीसरे उसके साथी थे- प्रलम्बासुर, बकासुर, चाणूर, तृणावर्त, अघासुर, मुष्टिक, पूतना केशी, धेनुक आदि। इसके अतिरिक्त बाणासुर और भौमासुर आदि बहुत से दैत्य राजा उसके सहायक थे। इनको साथ लेकर वह यदुवंशियों को नष्ट करने लगा। यदुवंश के लोग भयभीत होकर कुरु, पांचाल, विदिशा, केकय, शाल्व और कौसल आदि देशों में जा बसे।**

कुछ लोग ऊपर-ऊपर से उसके मन के अनुसार काम करते हुए उसकी सेवा में लगे रहे। जब कंस ने एक-एक करके देवकी के छह बालक मार डाले, तब देवकी के सातवें गर्भ में भगवान के अंशस्वरूप श्री शेष जी, जिन्हें अनंत भी कहते हैं, पधारे।

विश्वात्मा भगवान ने देखा कि मुझे ही अपना स्वामी और सर्वस्व मानने वाले यदुवंशी कंस के द्वारा बहुत ही सताए जा रहे हैं,तब उन्होंने अपनी योग माया को यह आदेश दिया, देवी, कल्याणी! तुम ब्रज में जाओ। वह प्रदेश ग्वालों और गौओं से सुशोभित है। वहां नंदबाबा के गोकुल में वसुदेव की पत्नी रोहिणी निवास करती हैं। उनकी और भी पत्नियां कंस से डरकर गुप्त स्थानों में रह रही हैं। इस समय मेरा वह अंश,जिसे शेष कहते हैं, देवकी के उदर में गर्भ रूप से स्थित है। उसे वहां से निकालकर तुम रोहिणी के पेट में रख दो। कल्याणी! अब मैं अपने समस्त ज्ञान बल आदि अंशों के साथ देवकी का पुत्र बनूंगा और तुम नंदबाबा की पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। तुम लोगों को मुंह मांगे वरदान देने में समर्थ हो जाओगी। मनुष्य तुम्हें अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली जानकर तुम्हारी पूजा करेंगे। पृथ्वी में लोग तुम्हें दुर्गा,भद्रकाली,विजया, चंडिका,कृष्णा,नारायणी, शारदा आदि बहुत से नामों से पुकारेंगे। देवकी के गर्भ से खींचे जाने के कारण शेष जी को लोग संसार में 'संकर्षण' कहेंगे, लोकरंजन करने के कारण 'राम' कहेंगे और बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण 'बलभद्र' भी उनका नाम होगा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब भगवान ने इस प्रकार आदेश दिया तब योगमाया ने 'जो आज्ञा' कहकर उनकी बात शिरोधार्य की। योगमाया ने देवकी का गर्भ ले जाकर रोहिणी के उदर में रख दिया। तब पुरवासी बड़े दुःख के साथ आपस में कहने लगे, हाय! बेचारी देवकी का यह गर्भ तो नष्ट ही हो गया।

भगवान भक्तों को अभय करने वाले हैं। वे सर्वत्र सब रूप में हैं। उन्हें कहीं आना जाना नहीं है, इसलिए वे वसुदेव जी के मन में अपनी समस्त कलाओं के साथ प्रकट हो गए। भगवान की ज्योति को धारण करने के कारण वसुदेव जी सूर्य के समान तेजस्वी हो गए। भगवान के उस ज्योतिर्मय अंश को वसुदेव जी के द्वारा आधान किए जाने पर देवी देवकी ने ग्रहण किया। जैसे पूर्व दिशा चंद्रदेव को धारण करती है,वैसे ही शुद्ध सत्व से सम्पन्न देवी देवकी ने विशुद्ध मन से परमात्मा एवं आत्मस्वरूप भगवान को धारण किया। भगवान सारे जगत के निवास स्थान हैं। देवकी उनका भी निवास स्थान बन गई। देवकी के गर्भ में भगवान विराजमान हो गए थे। उसके मुख पर पवित्र मुस्कान थी और उसके शरीर की कांति से बंदीगृह जगमगाने लगा था। जब कंस ने उसे देखा तब वह मन ही मन कहने लगा कि अब की बार मेरे प्राणों के ग्राहक विष्णु ने इसके गर्भ में अवश्य ही प्रवेश किया है,क्योंकि इसके पहले देवकी कभी ऐसी न थी। देवकी को मारना तो ठीक न होगा, क्योंकि वीर पुरुष स्वार्थ वश अपने पराक्रम को कलंकित नहीं करते। एक तो यह स्त्री है, दूसरे बहन और तीसरे गर्भवती है। इसको मारने से तो तत्काल ही मेरी कीर्ति, लक्ष्मी और आयु नष्ट हो जाएगी। यद्यपि कंस देवकी को मार सकता था,किंतु स्वयं ही वह इस अत्यंत क्रूरता के विचार से निवृत्त हो गया। अब भगवान के प्रति वैर का भाव मन में गांठकर वह उनके जन्म की प्रतीक्षा करने लगा। वह उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और चलते फिरते सर्वदा ही श्रीकृष्ण के चिंतन में लगा रहता। जहां उसकी आंख खुलती, जहां कुछ खड़का होता, वहां उसे श्रीकृष्ण दिख जाते। इस प्रकार उसे सारा जगत ही श्रीकृष्णमय दिखने लगा।

## देव-दानव दोनों के आराध्य शंकर



**महादेव एक ऊर्जा हैं जिसका न कोई आदि हैं और न कोई अंत हैं। ध्यान के अंतिम क्षण में जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता है। ऐसा कोई स्थान नहीं है,जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना हैं, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं। वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं।**

एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। असुरों के कुलगुरु शुक्राचार्य महान शिवभक्त हैं। भगवान शिव ने कई असुरों को वरदान दिया है। उनके लिए देव दैत्य सब समान हैं इसीलिए वही एक ऐसे हैं जिनकी पूजा दोनों करते हैं, जो तीनों लोकों में तिरस्कृत हैं, महादेव उन्हें अपने पास स्थान देते हैं। प्रहलाद जी के पुत्र विरोचन थे, विरोचन के पुत्र बलि तथा बलि के पुत्र बाणासुर हुए जो महान शिव भक्त थे। बाणासुर ने हजारों वर्षों तक शिव जी की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर लिया था एवं अपनी राजधानी शोणितपुर में रहने एवं सुरक्षा करने हेतु तैयार कर लिया था।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वे कभी पक्षपात नहीं करते, इसीलिए वे असुरों को भी उतने ही प्रिय हैं जितने देवों को। शिव के व्यक्तित्व में ऐसा चुंबक है जिसके कारण समाज में संपन्न लोगों से लेकर शोषित, वंचित, भिखारी तक उन्हें अपना मानते हैं। वे देव, दानव मानव सभी के महादेव हैं। वे उत्सव प्रिय हैं,जो शोक अवसाद और अभाव में भी उत्सव मनाने की उनके पास कला है। उदास परंपरा बीमार समाज बनाती है। श्मशान में उत्सव मनाने वाले वे अकेले देवता हैं। भोले बाबा का चरित्र सबसे सहज है। भारतीय मन मस्तिष्क पर सबसे प्रभावी है। भगवान शिव का एक नाम भोले बाबा भी है अर्थात् जो सरल हो जिसमें छल-कपट न हो। अब वो इतने भोले हैं कि साधारण सी वस्तु से प्रसन्न हो जाते हैं। यहां तक मान्यता है कि मात्र जल का अर्घ्य देने से वो प्रसन्न होकर मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। शिव वैकारिक,तैजस,तामस-इन तीन प्रकार के अहंकारों के अधिष्ठातृ देव हैं और राक्षस स्वभाव से ही राजस-तामस होते हैं। भोलेनाथ के नाम में ही भोले है। सब कुछ जानते बूझते भी उनके स्वभाव में भोलापन है। उन्हें आशुतोष कहा गया है अर्थात् अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाला। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं,वे तो सच्चे मन से केवल जल चढ़ाने पर भी प्रसन्न हो जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात ये कि महादेव भाव प्रधान हैं। उनके लिए पूजा की विधि कोई मायने नहीं रखती, केवल भक्ति भाव को ही वे देखते हैं। वे भौतिक और अलौकिक दोनों संपदाओं के स्वामी हैं और दोनों प्रकार से इच्छित फल प्रदान करते हैं। असुर सदैव भौतिक वस्तुएं ही वरदान में मांगते थे। देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों,राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी,लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए, इसीलिए शिव देवों के देव महादेव हैं। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। याज्ञवल्क जी कहते हैं शिव की भक्ति के बिना राम जी की भक्ति प्राप्त नहीं हुई इसीलिए रामचरित मानस में राम जन्म के पूर्व शिव कथा का प्रसंग है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने समुद्र किनारे शिवलिंग बनाकर शिवजी की पूजा की थी और शिव रुद्राष्टक स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया था। आशीर्वाद के साथ ही श्रीराम ने शिवजी से अनुरोध किया कि जनकल्याण कि लिए वे सदैव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां निवास करें। उनकी इस प्रार्थना को भोलबाबा ने सहर्ष स्वीकार किया।

## सुर-असुर

अमंत्रम् अक्षरं नास्ति,नास्तिमूलमनौषधम्।/ अयोग्यः पुरूषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।। अर्थात बिना मंत्रशक्ति का कोई अक्षर नहीं है/ बिना औषधीय गुणों के कोई जड़ (पौधा) नहीं, बिना गुण के (गुणहीन) कोई व्यक्ति नहीं, परंतु ऐसे व्यक्ति दुर्लभ हैं जिनमें समस्त गुणों को जोड़ने की सामर्थ्य है।

इस श्लोक में शाश्वत सत्य समाविष्ट है। यह हमारी सर्वथा अपनी स्वार्थ प्रेरित चिंतन दृष्टि का दोष है कि हम हर व्यक्ति, समाज या घटना का मूल्यांकन अपने-अपने दृष्टिकोण से ही करते हैं। यही स्थिति प्रारंभ में सर्वाधिक मेधावी और सशक्त मानव समूह के कालांतर में हतभाग्य में "असुर" शब्द के अपमान जनक अनर्थ की हुई थी। अन्यथा यह विवाद रहित मान्यता है कि ब्रह्मा के मानसपुत्रों में से एक महर्षि मरीचि के पुत्र, देवर्षि और ब्रह्मर्षि के रूप में सुख्यात महर्षि कश्यप प्रजापति का विवाह दक्ष प्रजापति की तेरह पुत्रियों के साथ हुआ था। इन सगी बहनों में अदित, दित्ति, दनु से क्रमशः देव, दैत्य तथा दानव उत्पन्न हुए। स्पष्ट है कि तीनों एक ही पिता से सगी बहनों से पैदा हुए सौतेले भाई थे। परस्पर स्वार्थ जनित मतभेद, प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और महत्वाकांक्षा ने कालांतर में उनमें भयंकर शत्रुता उत्पन्न कर दी। परिस्थिति वश दैत्य और दानव, देवताओं के विरोध में एक हो गए। उनमें परस्पर दीर्घ कालिकस शस्त्र संघर्ष शुरू हो गए। इन संघर्षों में यदा-कदा देवराज इंद्र, वरूण आदि को सफलता मिली, किंतु शीघ्र ही दैत्यों और दानवों की संयुक्त शक्ति देवताओं पर भारी पड़ी। प्रारंभिक वैदिक साहित्य में ही गुणों के आधार पर असुरों के विभाजन का संकेत मिलने लगता है। अच्छे गुणों वाले असुर आदित्य कहलाए और उनका नेतृत्व वरुणदेव ने किया। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, ऋग्वेद के ही प्रारंभिक सूक्तों में इन्द्र, अग्नि आदि कई देवों का विशेषण 'असुर' प्रयुक्त हुआ है। उत्तर वैदिक युग एवं परवर्ती साहित्य में पांचवी सदी के बौद्ध दर्शन शास्त्री बुद्धघोष के अनुसार देवों ने असुरों को सुमेरु पर्वत से हराकर मध्य-पश्चिम एशिया की ओर भगा दिया था।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वाल्मीकि रामायण में असुरों की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि, "सुरा पीने वाले सुर और न पीने वाले असुर कहलाए"- "सुराप्रतिग्रहाद् देवाःसुर इत्यादि विश्रुताः। /अप्रतिग्रहणात्तस्या दैतेयेश्चासुराःस्मृताः।।" वा.रा.,बाल.,सर्ग 45 श्लोक 38. ऋग्वेद में प्राणवान या ऊर्जा संपन्न, रहस्यमय गुणों से युक्त देव, दैत्य और दानव तीनों को असुर कहा गया है। रामायण के अनुसार सशक्त असुरराज लवण का वध अयोध्या नरेश श्रीराम के सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न द्वारा वर्णित है। रामायण में ही विराध और कबंध आदि का वनवासी राम के हाथों वध वर्णित है। परवर्ती त्रिदेवों, ब्रह्मा, विष्णु, महेश में देवाधिदेव महादेव शिव तो बिना किसी भेदभाव के अपने निष्ठावान भक्तों देव, दैत्य, दानव, भूत, प्रेत, निशाचर, राक्षस आदि के प्रति परम उदार बने रहे। किंतु ऋग्वेद के उपेन्द्र विष्णु ही कालांतर में देवताओं के सर्व सामर्थ्यवान संरक्षक के रूप में उभरे जिनके कारण असुरशक्ति का स्थायी दमन संभव हुआ अन्यथा महर्षि भृगु के परम प्रज्ञावान तथा समरनीति विशेषग्य 'शुक्रनीति' के प्रवक्ता शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के कारण देव विरोधी मानव समूह के द्वारा तथाकथित निंदयनीय घोषित "असुरों" को उनके आराध्य परम कृपालु तथा देवाधिदेव महादेव के संरक्षण ने अजेय बना दिया था।

# प्रदेश

## निधि शुक्ला के घर के बाहर धमाका, कारतूस मिला

### मधुमिता की बहन ने पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



निधि शुक्ला



बरामद कारतूस

▶▶ मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार :** लखीमपुर की कवियत्री मधुमिता हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी एक बार फिर आरोपों में घिर गए हैं। मोहल्ला हाथीपुर निवासी मधुमिता की बहन निधि शुक्ला का आरोप है कि सोमवार तड़के उनके घर के बाहर तेज धमाका हुआ। निधि का आरोप है कि अमरमणि त्रिपाठी ने ही उनके घर पर हमला करवाया है। पुलिस को छानबीन में 32 बोर का कारतूस मिला है।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी निधि शुक्ला ने बताया कि सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर जोर से धमाका हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर वे घर से बाहर निकलीं और एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित अन्य उच्च अफसरों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर पर लगी गारद से भी पूछताछ की, लेकिन कुछ भी साफ नहीं हो सका। सुबह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास देखा तो एक 32 बोर का कारतूस मिला। अफसरों ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई। टीम ने गहराई से जांच कर फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। उधर, निधि शुक्ला ने अमरमणि त्रिपाठी पर घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फायरिंग की गई है। सुरक्षा होने की वजह से हमलावर अंदर नहीं घुस पाए। निधि शुक्ला ने कहा कि उनका अमरमणि के अलावा और कोई दुश्मन नहीं है। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची थी। मामले की छानबीन की जा रही है।

#### यह है पूरा मामला

लखनऊ के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को लखीमपुर शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या हुई थी। जिसके बाद कोर्ट ने 24 अक्टूबर 2007 को अमरमणि, मधुमणि, भतीजे रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश पांडेय और शूटर संतोष राय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हालांकि, अमरमणि और उसकी पत्नी मधुमणि करीब 20 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त 2023 को शासन के निर्देश पर समय से पहले ही जेल से रिहा किए जा चुके हैं।

## ईरानी ने नहीं की कोई मानहानि : हाईकोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता

▶▶ अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह की याचिका कोर्ट ने खारिज की

अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दर्शाता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची ने निचली अदालत के उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा और गांधी परिवार से सीधा संबंध रखने वाला बताया।

न्यायालय ने पत्रकारों के साथ स्मृति ईरानी की इस पूरी बातचीत को उद्धत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रश्नगत बयान देने से पूर्व दूसरे मामलों पर बात की और इस दौरान याची का नाम भी नहीं लिया। न्यायालय ने कहा कि जब याची के सम्बंध में पूछा गया तब ही उन्होंने कहा कि उसके कांग्रेस पार्टी से सम्बंध हैं और उसका आपराधिक इतिहास भी है। न्यायालय ने पाया कि याची के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। न्यायालय ने कहा कि स्मृति ईरानी के बयानों को यदि देखा जाए तो वह एक राजनीतिक दल की आलोचना कर रही थीं और याची की मानहानि करने का उनका कोई आशय नहीं था।

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

2.1. कितना 2. जो गुण

3.1. समक्ष, आमने-सामने 2. लंबाई में।

4.1. कलेजे का मांस 2. पशु-पक्षियों के कलेजे का मांस जो खाया जाता है 3. उक्त मांस का बना हुआ सालन।

5.1. आवरण हटाना 2. खोलना 3. नंगा करना, अनावृत करना 4. प्रकट करना 5. भंडा फोड़ना, गुप्त बात खोलना।

6. चाह, इच्छा।

8.1. यौन उत्पीड़न 2. स्त्री या पुरुष के साथ किया जाने वाला यौन संबंधी दुर्व्यवहार।

**ऊपर से नीचे**

1. मूल विषय, मूल कथ्य।

2. बच्चों या बंदरों आदि का प्रसन्न होने पर ज़ोर-ज़ोर से की-की शब्द करना, किलकारना, किलकारी मारना।

5. सुबह के समय होने वाला गायन, प्रभाती।

7.1. बहुत अधिक परिश्रम करना, आवश्यकता से अधिक परिश्रम करना 2. धनोपार्जन करना।



### वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | | | 2 सो | हि | नी | |
| 3 शे | ख़ी | | ते | | | |
| ष | | | 4 जा | दू | टो | 5 ना |
| | 6 अ | नं | ग | | | म |
| | ति | | 7 ते | ज़ी | | लि |
| | रे | | | | | खा |
| | 8 क | ज | रौ | टा | | ई |

## सुडोकू-86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

### सुडोकू -85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-द्वितीया 07.13 तक तत्पश्चात तृतीया 13 मार्च 04.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 20.29 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल संपत्ति के विवाद बढ़ सकते हैं। आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा,किंतु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं।

**वृष** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सेहत की समस्या दूर होगी।

**मिथुन** – आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा।

**सिंह** – आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए नकारात्मक रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें। शाम को आपका मन शांत हो सकता है।

**कन्या** – आज योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

**तुला** – आज सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज मन में कुछ अभिनव प्रयोग करने की इच्छा होगी। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जाएंगे। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। किसी को धोखा न दें।

**धनु** – आज नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** – आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाएंगे।

**कुंभ** – आज घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको बिना मांगे राय देने से बचना चाहिए।

**मीन** – आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्य-स्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
बादशाह – सुबह : 10.43
राम बलराम – रात : 07.06

**Sony Max**
एन एक्शन हीरो – सुबह : 09.00
केजीएफ चैप्टर 2 – रात : 10.24

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11.02
बैटमैन बिगिन्स – रात : 08.45

**Zee Cinema**
प्लेयर्स – सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार – शाम : 04.30

**Colors Cineplex**
खुदा गवाह – सुबह : 11.22
अजब प्रेम की गजब कहानी – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10.24 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए!

पत्नी-आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति- मुझे तो तेरी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 73,502.64 | 22,332.65 |
| नुकसान | 616.75 | 160.90 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.72 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, मंगलवार, 12 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1020 फ्लैग 1130 बोल्ड 1175 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत

## सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा-हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ



'पैटर्न' देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा-बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है।

### फंडों से निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं

**नई दिल्ली।** स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे। दूसरी ओर लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों में 2023 के दौरान लगभग 3,000 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फिनवाइजर के संस्थापक और सीईओ जय शाह ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद मिड कैप और स्मॉल कैप फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। फिलहाल निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं है।

## फियो के नए अध्यक्ष चुने गए अश्विनी कुमार

**नई दिल्ली।** उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं। बयान के अनुसार नए फियो प्रमुख का लक्ष्य भारत के निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। कुमार ने ऐसे समय में कमान संभाली है जब वैश्विक व्यापार में भारी बदलाव आ रहा है।

# कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स में 616 अंक की आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

- दो दिनों से बाजार जारी बढ़त थमी, निफ्टी भी 160 अंक गिरा

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।



एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,750 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,250-50,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 732 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

# एयरलाइंस का घाटा 3-4 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

## स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को दिए गए 200 ड्रोन

**नई दिल्ली।** कोरोमंडल इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों को 200 ड्रोन उपलब्ध कराए हैं और उन्हें सही ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड अग्रणी कृषि-समाधान प्रदाताओं में से एक है। यह दो प्रमुख क्षेत्रों में काम करती है- पोषक तत्व एवं अन्य संबद्ध व्यवसाय तथा फसल सुरक्षा। इनमें उर्वरक, फसल सुरक्षा, जैव-उत्पाद, विशेष पोषक तत्व और जैविक कारोबार शामिल हैं।

# बांग्लादेश, श्रीलंका सहित कई देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य और उद्योग बोले-सभी हमसे कर रहे हैं बात

बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया-बांग्लादेश, श्रीलंका



पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।

गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है।



# शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

## अश्लील सामग्री देखने को अपराध नहीं मानने के फैसले की सुप्रीम कोर्ट करेगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को सोमवार को 'भयावह' करार दिया जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्चतम न्यायालय राजी हो गया।

अदालत ने गत 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी,

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामला**



जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर "पर्याप्त परिपक्वता" दिखानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की उन दलीलों पर गौर किया जिसमें उच्च न्यायालय के फैसले को कानूनों के विपरीत बताया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह (मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला) भयावह है।

एकल पीठ के न्यायाधीश ऐसा कैसे कह सकते हैं? नोटिस जारी करें जिसका तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए।'' वरिष्ठ अधिवक्ता दो याचिकाकर्ता संगठनों- फरीदाबाद के 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' और नई दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

### कोर्ट ने आरोपी व पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने आरोपी चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम- 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम-2000 के तहत आपराधिक मामला रद कर दिया था।

## लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के चुरू से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनो! राजनीतिक कारणों के चलते आज में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

# चुनाव समिति की बैठक में सात राज्यों पर चर्चा

**लोकसभा चुनाव**

- भाजपा की दूसरी सूची मंगलवार तक के लिए टली
- नेताओं से चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची फिलहाल टल गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सात राज्यों पर विचार विमर्श किया गया। सोमवार को दूसरी सूची जारी होने की संभावना थी लेकिन गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से पूरी चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की अधिकांश सीटों पर चर्चा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर अभी नाम तय होना बाकी है। दोनों राज्यों की सूची पर मंगलवार को अंतिम चर्चा की जाएगी।

सोमवार को देर शाम शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं गुजरात के उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

### दुष्यंत चौटाला मिले नड्डा से, हिसार से उतारेंगे प्रत्याशी

**नई दिल्ली, ब्यूरो :** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की एक सीट जननायक पार्टी को देने जा रही है। जेजेपार्टी अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की सोमवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद उक्त जानकारी मिली है। लोकसभा की हरियाणा में 10 सीटें हैं। सभी सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा मंगलवार को होगी। नड्डा एवं दुष्यंत की मुलाकात के बाद भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा राज्य की चर्चा को टाल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा की हिसार सीट गठबंधन के तहत जेजे पार्टी को मिलने जा रही है। इसी सूचना के आधार पर हिसार के बीजेपी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। माना जा रहा है कि यदि जेजे पार्टी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी तो उसका मुकाबला कांग्रेस से होगा। कांग्रेस ने बृजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

## एक नजर

### तृणमूल कांग्रेस का 10 करोड़ से अधिक का डिमांड ड्राफ्ट जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह द्वारा प्रवर्तित एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पार्टी का 10.29 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी द्वारा ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया था।

### भाजपा सांसद प्रज्ञा के खिलाफ वारंट जारी

**मुंबई।** मुंबई में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बार-बार चेतावनी के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को जमानती वारंट जारी किया है। ठाकुर और छह अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज है।

# क्या अरविंद केजरीवाल मानहानि मामले में मांगना चाहते हैं माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा कि क्या वह आपराधिक मानहानि के एक मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर जारी समन को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी को शीर्ष न्यायालय को बताया था कि उन्होंने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से संबद्ध 'यूट्यूबर' ध्रुव राठी द्वारा प्रसार किये गए कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट कर गलती की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से, शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सार्वजनिक मंच पर माफी मांग सकते हैं। पीठ ने वकील से कहा-आप हमें बताइए कि आप क्या चाहते हैं। हम इसे दूसरे पक्ष के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता माफीनामे



का प्रारूप केजरीवाल को दे सकते हैं। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा-इसलिए, यदि आप माफी मांगना चाहते हैं तो अपने अधिकारों और दलीलों के पूर्वाग्रह के बिना इसका प्रसार कर सकते हैं। उन्हें पड़ताल करने दें। पीठ ने कहा-अन्यथा हम इस कानूनी मुद्दे की जांच करेंगे कि क्या केवल रीट्वीट करना अपराध है या नहीं... हम आपसे सहमत हो सकते हैं, हम दूसरे पक्ष से सहमत हो सकते हैं। हम उसकी पड़ताल करेंगे। जब वकीलों में से एक ने निर्देश लेने के लिए वक्त मांगा, तब पीठ ने कहा-उन्हें माफीनामा दिखाइए। यदि वह इससे सहमत होते हैं तो ठीक है। मामले को 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है।

# शरजील की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) के आरोपों समेत वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के मामले के संबंध में जमानत देने का अनुरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को पुलिस से जवाब मांगा।

**2020 के सांप्रदायिक दंगों से संबंधित मामला**

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसे गलत तरीके से जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि वह इस मामले में दोषी ठहराए जाने की सूरत में मिलने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में काट चुका है। अभियोजन के अनुसार, इमाम ने अपने भाषण में असम तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की धमकी दी थी।

## संसद में सुरक्षा चूक : जांच के लिए पुलिस को मिल गया और समय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा चूक मामले में उसकी जांच पूरा करने के लिए और समय दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और दिए। इससे पहले अभियोजन पक्ष ने एक आवेदन दायर कर अदालत से अनुरोध किया कि कुछ रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित हैं और आंकड़ों की जांच में भी समय लगेगा। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का और समय देने का आग्रह किया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोस कक्ष में कूद गए थे।

# तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**पुदुकोट्टई।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को पुदुकोट्टई जिले से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय के अधिकारियों ने मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म में स्थित एक शेड से हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क (निवारक) क्षेत्र के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट कहा गया कि सूचना के आधार पर ये मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें कहा गया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि झींगा फार्म में स्थित एक शेड में भारी मात्रा में हशीश और गांजा छिपाए गए हैं।

# सरकार के विकास कार्यों से विपक्षी नेताओं की नींद उड़ गई

गुरुग्राम, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से 'इंडिया' गठबंधन के



नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोल पीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

### मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ 'ड्रोन दीदियों' से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं।

# विदर्भ को सस्ते में समेट मुंबई ने 260 रन की बनाई बढ़त

## रणजी फाइनल के दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई की स्थिति मजबूत

**मुंबई, एजेंसी**



अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी फाइनल के दूसरे दिन सोमवार को विदर्भ के खिलाफ 260 रन की बढ़त बनाकर मैच पर शिकंजा कस दिया।

रहाणे ने 104 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली तो मुशीर ने भी नाबाद 51 बनाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 2 विकेट पर 141 रन पहुंचाया। पहले दिन 224 रन बनाने के बाद मुंबई ने दूसरे दिन विदर्भ को 105 रन पर समेटकर 119 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में भी मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने दोनों बल्लेबाज पृथ्वी साव (11) और भूपेन लालवानी (18) के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रहाणे और मुशीर ने पारी को संभाला। पृथ्वी को यश ठाकुर ने और भूपेन ने हर्ष दुबे ने आउट किया। मौजूदा सत्र में रहाणे ने अपना सिर्फ दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मुंबई को विदर्भ के दिग्गज स्पिनर आदित्य सरवटे की चोट से भी फायदा मिला। इससे पहले विदर्भ की टीम सुबह 3 विकेट पर 31 रन से आगे खेलने उतरी। टीम का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और टीम 105 रन पर सिमट गई। रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे (19) ने एक छोर संभाले रखा। यश राठौड़ 27 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान, धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने तीन-तीन विकेट लिए। धवल ने अथर्व ताइडे (23) को विकेटकीपर हार्दिक तमोरे के हाथों कैच कराके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। मुलानी ने ठाकरे को पगबाधा किया। बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी ने हर्ष दुबे (1) को भूपेन के हाथों कैच कराया। यश राठौड़ इसके बाद तनुष की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इस स्पिनर ने इसके बाद यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) की पारी का भी अंत किया।

# सात्विक-चिराग आल इंग्लैंड में करेंगे भारत की अगुवाई

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है यह खिताब



फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब जीता था। वहीं रविवार रात फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया और पेरिस में जीत दर्ज की। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में उनका सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। लक्ष्य सेन का पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला होगा। एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में विक्टर एक्सेलसेन से खेलेंगे जबकि प्रियांशु राजावत का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो होगा। महिला में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती से खेलेंगी।

### सिंधू का वोन्ने से होगा मुकाबला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा, जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वापसी की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई।

## खेल डायरी

### पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक



**नई दिल्ली।** भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक पाया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223 .2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230 .0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202 .8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए 8 निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई।

### अमेरिका ने ब्राजील को हराकर गोल्ड कप जीता

**सेन डिएगो।** लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने करीबी फाइनल में जीत दर्ज की। अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी। अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे, जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी है। इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।

### मुक्केबाज निशांत ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

**बस्तो अर्सिजियो (इटली)।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है, जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के 4 कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिए पांचवां कोटा पा सकें। उनका सामना विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोंस से होगा।

### स्वियातेक ने नोस्कोवा से आस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लिया



**इंडियन वेल्स।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-0 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-2, 6-3 से मात दी, जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-4 से हराया। अल्काराज का सामना अब हंगरी के फेबियन मारोज्सान से होगा। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा, जिसने मेडिसन कीस को 6-4, 6-1 से मात दी। फ्रांसिस टियाफो भी स्टेफानोस सिटसिपास से हार गए। सिटसिपास का सामना अब लेहेका से होगा। वहीं कैटी वोलिनेट्स को कैरोलिन वोज्नियाकी ने हराया। अमेरिका के बेन शेल्टन ने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को मात दी। अब उनका सामना सिनेर से होगा। नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्वियातेक को हराया था और किसी नंबर एक खिलाड़ी को हराने वाली 25 साल में पहली टीनएजर बनी थी।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हो सकती है शमी की वापसी

## बीसीसीआई सचिव ने कहा- शमी आईपीएल और टी-20 विश्व कप से रहेंगे बाहर

**धर्मशाला, एजेंसी**





टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट शृंखला के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी।

शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी से वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे सत्र से बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला के आखिरी 4 मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी को तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। वह अच्छी बल्लेबाजी और कीपिंग कर रहा है। हम जल्द उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी-20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी है।

### मैकुलम ने स्वीकारा, बैजबॉल शैली में सुधार की जरूरत



**धर्मशाला।** भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की शृंखला का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था, लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर शृंखला 4-1 से अपने नाम की। मैकुलम ने कहा कि जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस उजागर हुई है, हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित हुए। गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया। 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली शृंखला गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम तीन शृंखलाओं में जीत नहीं सकी है, जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं।

### स्टोक्स ने भारत को दबदबा बनाने का मौका दिया: चैपल



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट शृंखला के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों से उनकी टीम शृंखला में 1-4 से पिछड़ गई। रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आखिरी सत्र के दौरान विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को गेंद थमानी चाहिए थी लेकिन स्टोक्स ने जो रूट से गेंदबाजी कराई, जिससे टीम को नुकसान हुआ। भारत ने इसका फायदा उठाया और 8 ओवरों में 40 रन बनाए। भारत ने इस मैच को 5 विकेट से जीतकर शृंखला में 3-1 की बढ़त बनाई थी। स्टोक्स ने रांची में कुछ और गलतियां की। आखिरी दिन खराब क्षेत्ररक्षण से भारतीय बल्लेबाजों को एक-एक रन बनाने का मौका दिया। जब स्टोक्स को कप्तानी में आक्रमक रवैया अपनाने की जरूरत थी तब उन्होंने लचर रवैया दिखाया।

# विनेश ने बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

**पटियाला, एजेंसी**

### कुश्ती ट्रायल



महिलाओं के कुश्ती चयन ट्रायल के नाटकीयता से भरे दिन में पहलवान विनेश फोगट सोमवार को यहां 50 किलो वर्ग का मुकाबला जीतने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों को अपना नमूना दिए बिना चली गईं। सूत्र ने बताया कि नाडा की टीम ट्रायल विजेताओं के डोप नमूने लेने के लिए आई थी, लेकिन विनेश ने नमूना नहीं दिया। कुश्ती तदर्थ समिति के अधिकारी ने बताया कि डोपिंग जांच के लिए विनेश के नमूना देने से इनकार करने की उन्हें जानकारी नहीं है। नाडा के नियमों के अनुसार, नमूना देने से मना करने या विधिवत अधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिसूचना के बाद बिना किसी ठोस कारण के नमूना नहीं देना डोपिंग रोधी नियमों (एडीआरवी) का उल्लंघन है। इससे पहले सुबह पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में विनेश ने महिलाओं के 50 और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भार वर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। तदर्थ समिति के उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले ओलंपिक क्वालीफिकेशन में जगह बनाई हालांकि 53 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलो के ट्रायल के लिए साइ केंद्र पहुंची थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन विनेश सोमवार को दो भार वर्गों के ट्रायल में शामिल हुईं। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलो में उतरती थी लेकिन अंतिम पंघाल को कोटा मिलने से उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने 50 और 53 किलो में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तदर्थ समिति पहले कह चुकी है कि 53 किलो के अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया जीत के साथ दूसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

● न्यूजीलैंड को टेस्ट शृंखला में 2-0 से ऑस्ट्रेलिया ने हराया

न्यूजीलैंड को टेस्ट शृंखला में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले हैं। अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 6 मैच ही खेले हैं। भारत 68.51 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने नौ में से छह मैच जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट वेलिंगटन में 172 रन से जीता था।

# अंतिम गेंद पर रिचा के पैर को बनाया निशाना : योनासेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स की बाएं हाथ की स्पिनर जेस योनासेन अंतिम गेंद पर यॉर्कर डालकर खुश हैं, जिससे रिचा घोष एक भी रन नहीं बना पाईं और उनकी टीम ने लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 1 रन से जीत दर्ज की।

आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 17 रन की जरूरत थी। रिचा ने 2 छक्के लगाकर समीकरण को एक गेंद पर दो रन ला दिया लेकिन आखिरी गेंद पर 1 रन भी नहीं बना सकी, जिससे मैच सुपर ओवर में खिंच जाता। योनासेन ने कहा कि आखिरी गेंद में मैंने उसके पैर के अंगूठे पर निशाना साधा, मुझे लगता है मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और शुक्र है कि गेंद शैफाली के पास गई जिसने इसे तेजी से वापस किया। पिछले मैच में एक रन से दिल तोड़ने वाली हार के बाद एक रन से जीत हासिल करके अच्छा लगा। योनासेन ने कहा कि जब से मुझे पर्पल कैप मिली है तब से मैं गेंद से काफी सामान्य प्रदर्शन कर रही हूं। आदर्श रूप से मैं विकेट लेना पसंद करूंगी, लेकिन मैं उतना निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पार रही जितना शुरुआती मैचों में किया था। उन्होंने कहा कि मैं शायद अपनी सबसे कड़ी आलोचक हूं। यह ऐसी चीज है जिसे ध्यान में रखना चाहिए और सुधार करते रहना चाहिए। मैं जिस भी टीम का हिस्सा हूं उसके लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करना चाहती हूं।




# होली पर रंगों के साथ धूम मचाएंगी माही



**मुंबई, एजेंसी।** रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत 'तेल लगा ला नवरतन के' रिलीज हो गया है। रितेश पांडे और शिल्पी राज का गाया होली गीत वर्ल्डवाइड रिकाड़र्स से रिलीज हुआ है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। इस गाने में देवर बने रितेश पांडे भाभी बनी माही श्रीवास्तव से होली की मस्ती और हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। निर्माता रत्नाकर ने कहा कि दोनों कलाकारों ने इसमें अपना 100 दिया है। गाना बहुत ही सुंदर बनाकर तैयार हुआ है। यही कारण है कि गाना यूट्यूब पर बार बार देखा व सुना जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक इसे लाखों की तादाद में देखेंगे और इस ए सुपरहिट बनाएंगे। रितेश पांडे ने कहा कि यह गाना होली के रंगों और देवर भाभी की मस्ती को दर्शाता है। इसमें भाभी और देवर के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड़र्स के पास है।

### अरविंद अकेला कल्लू का होली गीत हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना यार+भतार=देवर रिलीज हो गया है। गाना यार+भतार=देवर को लेकर कल्लू ने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ देवर और भाभी के बीच अतरंगी संवाद वाला भी होता है। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है जो हमारी लोक संस्कृति में बसती है। उसी को केंद्र में रखकर यह गाना बनाया गया है जो दर्शकों को भी पसंद आ रहा है। गाने को हमने नएपन के साथ रिलीज किया है और इसमें एक अलग अंदाज के साथ स्वैग देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि मेरा यह गाना सबको पसंद आएगा और आगे भी मैं होली के एक से बढ़कर एक गाने लेकर आता रहूंगा और अपने श्रोताओं की होली को यादगार बना दूंगा।

# जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार



**मुंबई, एजेंसी।** विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया। इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है , जो इस फिल्म के साथ अपने फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं।

### शाहरूख बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

22वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स से नवाजी गई। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स- जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन- स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक- जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग- जवान के लिए सुमित अरोड़ा, बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल- अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स- कुमार (चलिया- पठान) के लिए चुने गए।

# द लॉस्ट गर्ल: खोई हुई बच्ची के भावनाओं की कहानी



1984 के दंगों पर आधारित एक और फिल्म दर्शकों के दरवाजे पर खड़ी है। हालांकि इस बार फिल्म का नाता सियासी नहीं बल्कि सामाजिक है। ये फिल्म एक छोटी बच्ची के नजरिए से परदे पर उतारी गई है। वो बच्ची दंगों के दौरान खो जाती है और फिर उसकी जिंदगी के साथ-साथ चल पड़ती है फिल्म की रील। फिल्म का नाम है द लॉस्ट गर्ल। हाल ही में फिल्म के दो गाने पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल ने रिलीज किए। रब तू ही बता और लिल्लो की साइकल। दोनों ही गीत सोशल मीडिया पर पसंद किए जा रहे हैं। इस फिल्म को जमीन पर उतारने में दो बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकारों की भूमिका है जो लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। द लॉस्ट गर्ल के लेखक और निर्देशक हैं आदित्य रानोलिया और निर्देशन में उनका साथ निभाया है प्रभात ठाकुर ने। प्रभात आर्ट डायरेक्टर के तौर पर लंबी पारी खेल चुके हैं। उनके खाते में मकबूल, हेराफेरी, आंखें और रांझणा जैसी फिल्में हैं। आदित्य का नाम बॉलीवुड के कामयाब सेट डिजाइनर्स में से एक है। इस फिल्म में कई परिचित चेहरों के साथ-साथ कुछ नई प्रतिभाओं का काम देखने को मिलेगा। परदे पर मुख्य भूमिका में प्राची बंसल, भूपेश सिंह, पूनम डांगड़ा, अरोनिका रानोलिया हैं तो परदे के पीछे नए-पुराने फनकारों की टीम है। युवा फिल्मकार प्रगीत शंकर को निर्देशन में सहायक के तौर पर हाथ आजमाने का मौका मिला है। फिल्म का संपादन अरविंद शुक्ला ने और म्यूजिक डायरेक्टर विवेक अस्थाना हैं । विवेक की बनाई धुनों पर अपूर्व आशीष, नेहा राजपाल और वीणा जोशी ने बेहद भावुकता भरे गीत गाए हैं। अगले महीने 5 अप्रैल को पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आदित्य रानोलिया और प्रभात ठाकुर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

● **शारदा शुक्ला** (वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ)

### फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी बने इमरान

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आएंगे। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान भी मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी गेस्ट अपीयरेंस में हैं, जो स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया का किरदार निभा रहे हैं। प्राइम वीडियो ने पोस्टर शेयर किया है, जिसमें राम मनोहर लोहिया के रूप में इमरान हाशमी हैं। इमरान ने कहा, मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना सम्मान की बात थी। मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# यमन में अलकायदा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत

सना, एजेंसी



● अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम किया था घोषित

यमन की अल-कायदा शाखा के प्रमुख खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है। आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है। अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें अल-बतरफी को अल-कायदा के काले और सफेद झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है। वीडियो में बतरफी की मौत के कारण के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया और उसके चेहरे पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नजर नहीं आया। ऐसा माना जाता है कि अल-बतरफी की उम्र करीब 40 वर्ष थी। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप' के अनुसार, आतंकवादियों ने वीडियो जारी कर बतरफी की मौत की जानकारी दी। संगठन ने यह घोषणा रमजान की पूर्व संध्या पर की। यमन में सोमवार से मुसलमानों का पवित्र माह शुरू होने वाला है। उसने घोषणा की कि अब साद बिन अतेफ अल-अवलाकी उसका नेता होगा। अमेरिका ने अवलाकी पर 60 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

# सीएए... नए कानून में क्या हैं प्रावधान



*नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक रास से पारित हुआ था। आईए जाने इसके बारे में...*

### प्रावधान में शामिल हैं ये शर्तें

नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद किया जा सकता है।

### किसे मिल सकेगी नागरिकता

सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

### कैसे करें आवेदन

नागरिकता पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

### कानून की इन मुख्य बातों पर दें ध्यान

- नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं। ये समूह अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। इसका मतलब यह है कि अवैध प्रवासियों के इन समूहों को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने घाटी पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**श्रीनगर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार और निर्वाचन आयोग के नौ अन्य अधिकारियों की टीम का सोमवार को कोई औपचारिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि समीक्षा प्रक्रिया के तहत टीम मंगलवार को नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करेगी।

### अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी तीन लोगों की मौत, कई घायल

**जोन्सबोरो (अमेरिका)।** अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जोन्सबोरो में घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना में हमलावर की भी मौत हुई है। घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रहे विमान में लगे झटके, 50 घायल

**सिडनी।** सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। मीडिया के मुताबिक, लताम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला।

### बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में सात लोगों को किया गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में म्यांमार के तीन नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने कहा- खुफिया सूचना के आधार पर आरडीएस बंगतलांग जंक्शन के पास एक पिकअप ट्रक में सवार सात लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 2.86 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा तथा 4.7 करोड़ म्यांमार क्यात जब्त किया है। नकदी लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए गए पिकअप ट्रक को भी जब्त किया गया है। असम राइफल्स ने बताया है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन, जंगनान भारत का हिस्सा नहीं

## चीन ने कहा-सीमा विवाद अभी हल नहीं हुआ है, भारत को विकास का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। उनके इस दौरे के बाद चीन बौखला गया है।

चीन ने उनके इस दौरे को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने अधिकार का दावा करते हुए कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल ही होंगे। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि भारत ने हमेशा उसके इन दावों को खारिज किया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को हुई अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि चीन-भारत सीमा प्रश्न अभी तक हल नहीं हुआ है। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शनिवार को दौरा

पीएम मोदी ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। इस सुरंग का रणनीतिक रुप से काफी महत्व है। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर बनी 825 करोड़ की सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सड़क सुरंग माना जा रहा है।

### अरुणाचल पर अपना दावा करता है ड्रैगन



भारत-चीन के बीच जिन क्षेत्रों को लेकर विवाद है, उनमें अरुणाचल प्रदेश भी है। चीन का दावा है कि भारत जिस इलाके को अरुणाचल प्रदेश बताता है वो दक्षिण तिब्बत है। और इस पर उसका अधिकार है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। 1962 में यहां हमला कर उसने अरुणाचल के एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया था। साल 2021 में उसने अरुणाचल की सीमा से लगे 15 स्थानों के नाम बदल दिए थे।

### अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

चीन पहले भी इस तरह के दावे करता रहा है। हालांकि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन द्वारा इस इलाके का नामकरण करने के ड्रैगन के कदम को भी खारिज कर दिया था। भारत ने इस तरह के कदमों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

# गाजा में युद्धविराम की फिर कोशिश करेगा अमेरिका: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को रमजान से पहले दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय को बधाई दी।



उन्होंने अपने संदेश में इस्राइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका इजराइल के बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते के तहत गाजा में कम से कम छह हफ्ते के तत्काल युद्धविराम के लिए काम करना लगातार जारी रखेगा।

बाइडन ने कहा, हम स्थायी और दूरगामी स्थिरता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। हम इजराइल-फिलिस्तीन के बीच दो राष्ट्र समाधान पर भी सहमति की कोशिशें जारी रखेंगे, ताकि फलस्तीन और इस्राइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। स्थायी शांति का यही इकलौता रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जमीन, हवाई मार्ग और समुद्र के माध्यम से गाजा में ज्यादा से ज्यादा मानवीय सहायता मुहैया कराने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का नेतृत्व करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह पवित्र महीना चिंतन और एक नई शुरुआत का समय है।

# राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की प्रथम महिला का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है।

देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक



इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। मीडिया के अनुसार, आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं।

### गार्सेटी ने एक हजार वीजा आवेदकों का किया साक्षात्कार

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक हजार पर्यटक वीजा आवेदकों के साक्षात्कार के लिए शनिवार यानी की नौ मार्च को अपने दरवाजे खोले। फिंगरप्रिंट के सत्यापन प्रक्रिया में सहायता



करने के लिए राजदूत एरिक गार्सेटी ने दूतावास टीम की कमान संभाली। यह 2024 में आयोजित 'सुपर सैटरडे' वीजा प्रसंस्करण कार्यक्रम का हिस्सा है। मुंबई वाणिज्य दूतावास ने भी नौ मार्च को अपने दरवाजे खोल दिए थे।

### बर्फ का पहाड़ बना बाधा...



**मनाली:** अटल टनल यातायात के लिए बंद है, लेकिन आपात स्थिति के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। भारी हिमपात होने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पहाड़ी हिस्सों में जगह जगह हिमस्खलन हो रहा है। अटल टनल के उत्तरी पोर्टल के पास हुए हिमस्खलन से मनाली केलंग राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्फ हटाते सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी और कार्यकर्ता। ● एजेंसी

# अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया सम्मानित

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है।

न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदू ल्यू और मेघा देसाई को सम्मान दिया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

# नदारद कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरों को काम पर रखा, कार्रवाई

आईजोल, एजेंसी

मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है ।

पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने



● लालडुहोमा सरकार ने तीन हजार सरकारी कर्मचारियों पर की कार्रवाई

कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं।

मीडिया के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया।

# हरियाणा के रेवाड़ी में वाहनों की टक्कर से 6 की मौत, कई घायल

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य छह लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे।

जो खाटू श्याम से लौट रहे थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई जैसे-तैसे साथ में आए लोगों ने एक दूसरे को संभाला। रेवाड़ी के पास एसयूवी ने पीछे से टक्कर मार दी। शादी से लौट रहे एसयूवी में सवार भी घायल हुए हैं।

विज्ञान | एक दशक पहले से ही वैज्ञानिक दूरबीनों के निर्माण की जुगत में लगे हैं, अब एनएसएफ की आर्थिक मदद पर निर्भर

# सबसे बड़ी दूरबीनों का निर्माण अधर में लटका, भारत की 10% हिस्सेदारी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन दुनिया की सबसे बड़ी दो दूरबीनों (टीएमटी व जीएमटी) का भविष्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) ने अपेक्षित आर्थिक मदद देने से इंकार कर देने के चलते महत्वाकांक्षी परियोजना का सपना फिलहाल अधूरा है।



टीएमटी व जीएमटी दूरबीन का डिजाइन।

टीएमटी परियोजना में भारत की दस फीसदी की हिस्सेदारी है। करीब एक दशक पहले से खगोलशास्त्री दोनों प्रमुख दूरबीनों के निर्माण के जुगत में लगे हुए हैं। जिसमें एक का नाम विशाल मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) है, जबकि दूसरे का नाम तीस मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) है। टीएमटी उत्तरी गोलार्ध में अध्ययन करेगी और जीएमटी दक्षिणी गोलार्ध की कमान संभालेगी। टीएमटी में भारत की भागीदारी है। इन दोनों दूरबीनों का निर्माण राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की आर्थिक मदद पर निर्भर है। एनएसएफ 1.6 बिलियन डॉलर बजट देने को तैयार है। मगर खर्चा इससे कहीं अधिक होना है। यह दोनों शक्तिशाली दूरबीनें हैं, जो आधुनिक खगोल विज्ञान को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दूरबीनें खोज की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान होंगी। मगर जितना बजट दिया जा रहा है, उससे एक दूरबीन ही बन सकती है। जिससे वैज्ञानिकों का दोनों गोलार्द्धों में खोज की दिशा का समावेश संभव नही है। दोनों दूरबीनों का निर्माण कार्य चल रहा है और किसी भी एक दूरबीन का कार्य बीच में छोड़ा नही जा सकता है। जिस कारण अमेरिकी खगोल विज्ञान समुदाय बेहद चिंतित है विशालकाय मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) का निर्माण कार्य चिली के रेगिस्तान में चल रहा है, इसकी लागत लगभग 2.54 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) हवाई में मौना के नामक एक पर्वत में लगाए जाने की योजना बनाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इस दूरबीन को लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फ़िलहाल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

### तेजी से चल रहा टीएमटी उपकरणों का निर्माण

टीएमटी में 492 दर्पण खंडों में से 100 का कार्य समाप्त हो चुका है। इस दूरबीन का व्यास 30 मीटर है। जीएमटी 8.4 मीटर व्यास की होगी। यह दोनों ऑप्टिकल दूरबीनें हैं। पृथ्वी की सतह पर इतनी बड़ी दूरबीन अभी तक स्थापित नही की जा सकी हैं। टीएमटी निर्माण में भारत की हिस्सेदारी का कार्य कोविड से पहले ही डिजाइन किया जा चुका है। टीएमटी हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में 12 गुना अधिक क्षमतावान होगी। बता दें, 13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फिलाहल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

# कावेरी का पानी कर्नाटक का है, तमिलनाडु का नहीं

● जल संकट के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर लगाई रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं।

कृष्णराज सागर के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, अभी किसी भी कीमत पर कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने का सवाल ही नहीं उठता है। कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और आलोचना के बीच, शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि कावेरी का पानी बेंगलुरु के लिए है, न कि पड़ोसी राज्य के लिए। जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे शिवकुमार ने कहा, अब किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने का सवाल ही नहीं है, हमने नहीं छोड़ा है...तमिलनाडु में कितना पानी जाता है, इसका हिसाब है। अगर आज पानी छोड़ा जाए तो वहां तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे।



### हमने कई कठोर कदम उठाए हैं: शिवकुमार

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है। हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है।